# स्पष्ट आवाज़

लखनऊ

सोमवार, 4 मार्च, 2024 वर्ष : 20, अंक: 248 पृष्ठ: 12

लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, ललितपुर से प्रकाशित

www.spashtawaz.com मूल्य: ₹ 3

मादक पदार्थों को लेकर सरकार की ठोस कार्रवाई ...पेज-12


Stallion Honda
MG Autosales Pvt. Ltd.
Ayodhya Road, Lucknow

ELEVATE
Starts from ₹11 57 900*

HONDA
The Power of Dreams

Top Reasons to Buy All New Honda Elevate
- World famous iVTEC petrol engine
- Best in segment High Ground Clearance of 220 mm
- 3 Yeare unlimited KMs of warranty & also 10 Years Any Time Warranty
- Level-2 ADAS ADVANCED DRIVER ASSISTANCE SYSTEM
- Best in class cabin space with 2650 mm wheelbase and 458 Ltrs of Boot Space
- Honda Connect with Smart Watch and Alexa connectivity.

/stallionhonda

Showroom (1S) : CP 5, Vikrant Khand, Gomtinagar, Ayodhya Road, Lucknow - 226010
Service (3S) : Anaura, After Indira Canal, Ayodhya Road, NH-28, Lucknow
Sales: +91 7897222000 ,+918009809995 | Service: +91 8009090093



आर.सी.जे. ज्वैलर्स
(आर.सी. ज्वैलर्स)
सर्राफा बाजार, कुर्सी रोड, अलीगंज
लखनऊ निकट आर्य समाज मंदिर
गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ
बान वाली गली, चौक, लखनऊ
मो. - 8299567219
9455555965, 9415133977


# 'युवाओं के भविष्य से खेलने वाले जेल में सड़ेंगे'

## अब जर्जर नहीं रहेंगे माध्यमिक विद्यालय, सरकार दे रही पैसा

**●स्मार्ट सिटी ही नहीं यूपी के युवा भी बनेंगे स्मार्ट**

**गोरखपुर (स्पष्ट आवाज)।** मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश भर के युवाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश में कोई भी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता। यदि किसी ने ऐसा किया तो वह जिंदगी भर के लिए जेल में सड़ेगा। यही नहीं, उसके बाप-दादा की प्रॉपर्टी भी सरकार जब्त कर लेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को राजकीय जुबली इंटर कॉलेज के मैदान में विद्यार्थियों को स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में 1500 विद्यार्थियों को टैबलेट और 3000 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए।

मुख्यमंत्री ने 15 विद्यार्थियों को टैबलेट और 10 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन अपने हाथों से प्रदान किया। इस अवसर पर सीएम ने 26 माध्यमिक विद्यालयों में 17.35 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों तथा 141 माध्यमिक विद्यालयों में 7.58 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 330 प्रीमियम स्मार्ट क्लास रूम का शिलान्यास भी किया। चार इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को उन्होंने स्मार्ट क्लास का प्रमाण पत्र भी सौंपा। समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में सिर्फ स्मार्ट सिटी ही नहीं होगी बल्कि स्मार्टफोन और स्मार्ट क्लास से जुड़कर यूपी के युवा पूरी दुनिया के सामने स्मार्ट युवा बनेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवंबर 2021 में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना लांच कर स्मार्टफोन और टैबलेट वितरण का कार्यक्रम शुरू किया गया। इसका उद्देश्य युवा शक्ति को डिजिटली सक्षम बनाना है ताकि भविष्य में कोरोना जैसी कोई महामारी पठन पाठन को बाधित न कर आए। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब भौतिक रूप से पठन पाठन ठप हो गया था तब पीएम मोदी ने तकनीक से जुड़ने का विजन दिया। आज इसी का अनुसरण करते हुए प्रदेश में 20 लाख युवाओं को बिना भेदभाव स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध करा दिए गए हैं। प्रदेश में 2 करोड़ युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन स्मार्टफोन और टैबलेट में केंद्र और राज्य सरकार की उन योजनाओं को भी जोड़ा गया है जो युवाओं के भविष्य और उनकी आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक हैं। तकनीकी रूप से सक्षम होकर युवा आगे बढ़ेंगे और विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में अपना योगदान देंगे। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे यूपी को डिजिटल इंडिया का अग्रणी बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी स्मार्टफोन का उपयोग पाठ्यक्रम और सरकार की लाभकारी योजनाओं को जानने के लिए करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जर्जर माध्यमिक विद्यालयों को इंफ्रास्ट्रक्चर से मजबूत करने के लिए प्रोजेक्ट अलंकार की शुरुआत की गई है। सरकार पैसा दे रही है, कोई भी विद्यालय जर्जर नहीं होना चाहिए। प्रोजेक्ट अलंकार में राजकीय विद्यालय के लिए सरकार शत प्रतिशत अनुदान देती है जबकि सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालय को 75 प्रतिशत अनुदान सरकार देती है और 25 प्रतिशत हिस्सा विद्यालय प्रबंधन को देना होता है। संस्कृत विद्यालयों को इसमें 90 प्रतिशत अनुदान मिलता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय को जर्जर हालत से मुक्ति दिलाने के साथ नियमित सफाई पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। सीएम ने बताया कि आज प्रदेश भर के लिए प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों का शुभारंभ हो रहा है। गोरखपुर मंडल में 69 विद्यालयों में इसके तहत कार्य होंगे। सीएम योगी ने माध्यमिक विद्यालयों के लिए प्रीमियम स्मार्ट क्लास की चर्चा करते हुए कहा कि इसके लिए सीएसआर फंड से पैसा दिलाया जा रहा है। स्मार्ट क्लास को डिजिटल लाइब्रेरी से जोड़कर इसे और उपयोगी बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी स्मार्ट क्लास का उपयोग जरूर करें, पूरी दुनिया इससे जुड़ रही है। इसे लगाने वाली कंपनी कुछ समय तक फ्री सर्विस देगी। उन्होंने कहा कि जब आप सीखना प्रारम्भ करेंगे तो कहीं भी मात नहीं खानी पड़ेगी। सीएम योगी ने कहा कि नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप नई हो रही है। सरकार इसी हिसाब से इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर रही है। सरकार का संकल्प है कि यूपी का युवा दुनिया में किसी से पीछे नहीं रहेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए सरकार ने हर जिले में अभ्युदय कोचिंग की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश बदल चुका है। यहां सुरक्षा है तो समृद्धि भी है। आजीविका है तो आस्था का सम्मान भी है।

# भारत को विकसित बनाने में योगदान दें सरकारी नौकरी में भर्ती नये लोग : मोदी

**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को गुजरात सरकार की नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र पाने वाले उम्मीदवारों को बधाई दी और उनसे आम लोगों की समस्याओं को हल करने में मदद करने तथा अगले 25 वर्षों में विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए काम करने का आह्वान किया। राज्य की राजधानी गांधीनगर में आयोजित एक समारोह के दौरान मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में सीधी भर्ती के माध्यम से चयनित 1,990 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। नवनियुक्त उम्मीदवारों को अपने बधाई संदेश में, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह उनके लिए सरकारी सेवा में शामिल होने और देश की सेवा करने का एक उत्कृष्ट अवसर है। आने वाले 25 साल हमारे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। मोदी ने कहा कि नवनियुक्त उम्मीदवारों की प्राथमिकता लोगों की समस्याएं दूर करने की होनी चाहिए। आपका दृढ़ संकल्प और देशहित में लिए गए फैसले देश के विकास को मजबूत करेंगे और यह जिम्मेदारी आपके लिए नए अवसर और चुनौतियां भी लाएगी। चाहे आपकी नियुक्ति किसी भी विभाग में हो, आप किसी भी शहर या गांव में हों, आपको हमेशा यह ध्यान रखना चाहिए कि आपके काम से आम लोगों को मदद मिले, उनकी समस्याएं हल हों, उनका जीवन आसान हो। प्रधानमंत्री ने उनसे नई जिम्मेदारियां संभालने के बाद भी सीखने और आत्म-विकास की प्रक्रिया जारी रखने की अपील की।

## पवन सिंह का आसनसोल से चुनाव लड़ने से इनकार

**नई दिल्ली।** भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह ने बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। भाजपा ने शनिवार शाम को लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की थी। इस लिस्ट में 195 उम्मीदवारों के नामों का एलान किया गया था। इसी लिस्ट में भाजपा ने भोजपुरी स्टार पवन सिंह को बंगाल की आसनसोल सीट से उम्मीदवार बनाया था। अब पवन सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर आसनसोल से चुनाव न लड़ने के फैसले की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को दिल से आभार प्रकट करता हूं। पार्टी ने मुझ पर विश्वास करके आसनसोल से उम्मीदवार घोषित किया, लेकिन किसी कारणवश में आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाऊंगा। पवन सिंह के चुनाव लड़ने से इनकार के बाद ममता बनर्जी के भतीजे और सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि खेला होने से पहले खेला हो गया।

# नौसेना के जहाज से नाविक साहिल वर्मा लापता, बोर्ड ऑफ इंक्वायरी के आदेश

**●बड़े पैमाने पर खोज अभियान के बावजूद छह दिन से पता नहीं चल पाया**

**●साहिल के पिता ने अपने नाविक बेटे के लापता होने पर दुख व्यक्त किया**

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के जहाज से लापता नाविक साहिल वर्मा का छह दिनों बाद भी पता नहीं चल पाया है। उनकी खोज के लिए नौसेना ने तुरंत जहाजों और विमानों के साथ बड़े पैमाने पर खोज अभियान शुरू किया, जो अभी भी जारी है। इस बीच पश्चिमी नौसेना कमान ने बोर्ड ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिये हैं। भारतीय नौसेना का एक नाविक 27 फरवरी से नौसेना के एक जहाज से लापता है और उसका पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया है। मुंबई मुख्यालय वाली पश्चिमी नौसेना कमान ने कहा कि नाविक की पहचान साहिल वर्मा के रूप में की गई है। इस घटना की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं। बताया गया कि एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में साहिल वर्मा सीमैन द्वद्व के 27 फरवरी से तैनाती के दौरान समुद्र में लापता होने की सूचना मिली है। नौसेना ने तुरंत जहाजों और विमानों के साथ बड़े पैमाने पर खोज अभियान शुरू किया, जो अभी भी जारी है।

## संक्षिप्त आवाज़

### डॉ. हर्षवर्धन का राजनीति से संन्यास

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने रविवार को सक्रिय राजनीति से सन्यास ले लिया। हर्षवर्धन ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि कृष्णानगर का क्लिनिक मेरा इंतजार कर रहा है। हर्षवर्धन चांदनी चौक से सांसद हैं। पार्टी ने उनकी जगह प्रवीण खंडेलवाल को इस बार टिकट दिया है। प्रधानमंत्री मोदी की वापसी की शुभकामनाओं के साथ उन्होंने इस बात पर हर्ष व्यक्त किया कि उन्हें उनके साथ काम करने का अवसर मिला। साथ ही उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं, प्रशंसकों और आम नागरिकों के साथ-साथ पार्टी के नेताओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि संघ के कहने पर वे राजनीति में आए थे। वे (संघ) मुझे केवल इसलिए मना सके क्योंकि मेरे लिए राजनीति का मतलब हमारे तीन मुख्य शत्रुओं- गरीबी, बीमारी और अज्ञानता से लड़ने का अवसर था। दिल से एक स्वयंसेवक, मैं हमेशा पंक्ति में अंतिम व्यक्ति की सेवा करने के प्रयास के दीन दयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन का उत्साही प्रशंसक रहा हूं। केन्द्र में मंत्री के तौर पर उन्हें पहले पोलियो मुक्त भारत बनाने की दिशा में काम करने और बाद में खतरनाक कोविड -19 से जूझ रहे हमारे लाखों देशवासियों के स्वास्थ्य की देखभाल करने का दुर्लभ अवसर मिला।

### उमर और अली को पुलिस ने बनाया आरोपी, कोर्ट में करेगी पेश

**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड में अतीक अहमद के बेटे अली और उमर अहमद को पुलिस ने आरोपी बनाया है। उन्हें वारंट तामील कराकर जल्द ही कोर्ट में पेश करने की तैयारी पुलिस कर रही है। सूत्रों के अनुसार नैनी जेल में बंद अतीक के बेटों ने कोर्ट में पेश होने को लेकर अपनी सुरक्षा के तगड़े इंतजाम करने की गुजारिश की है। गौरतलब है कि प्रयागराज में पुलिस सुरक्षा में मेडिकल परिक्षण के लिए ले जाये जाने के दौरान अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनके हत्यारोपी फिलहाल जेल में हैं और मामला अदालत में चल रहा है। बताते चलें कि साल 2023 में 24 फरवरी को उमेश पाल और उनके दो सरकारी गनर की हत्या गोलियां और बम मारकर कर दी गई थी। इस हत्याकांड में शामिल कई लोगों को पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया था।

### शिक्षा से गरीबी हो सकती है दूर : केजरीवाल

**लुधियाना।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि एक आम आदमी चाहता है कि उसके बच्चों को अच्छी तालीम मिले और शिक्षा से देश की गरीबी दूर हो सकती है। केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ लुधियाना के इंद्रापुरी में 'स्कूल ऑफ एमिनेंस' का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। लुधियाना के स्कूल के बारे में केजरीवाल ने कहा कि जब हम स्कूल में प्रवेश करते हैं, तो विश्वास ही नहीं होता कि यह सरकारी स्कूल है। जिस तरह की कक्षाएं, प्रयोगशालाएं और अन्य सुविधाएं हैं, मैं चुनौती के साथ कह सकता हूं कि अगर किसी ने निजी क्षेत्र में ऐसा स्कूल बनाया होता, तो कम से कम 10,000 रुपये प्रति माह फीस तय की होती।

# अमीरों को ध्यान में रखकर बन रहीं रेलवे की नीतियां

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि रेलवे को लेकर मोदी सरकार की नीतियां सिर्फ अमीरों को ध्यान में रखकर बनाई गई हैं। राहुल गांधी ने ये भी कहा कि पीएम मोदी पर विश्वास ही धोखे की गारंटी है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा किए पोस्ट में आरोप लगाया कि रेलवे की सेवाओं को लगातार महंगा किया जा रहा है, जिससे रेलवे गरीबों की पहुंच से बाहर हो रहा है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि हवाई चप्पल पहनने वालों को हवाई जहाज में यात्रा कराने का सपना दिखाकर पीएम मोदी गरीबों को गरीबों की सवारी रेलवे से ही दूर कर रहे हैं। राहुल गांधी ने लिखा कि कैंसिलेशन चार्ज, महंगे प्लेटफॉर्म टिकट के नाम पर हर साल किराए में 10 फीसदी इजाफा हो जाता है। लोगों को एलीट ट्रेनों की तस्वीर दिखाकर ललचाया जा रहा है, लेकिन उनमें गरीब लोग पैर भी नहीं रख सकते। ट्रेनों को प्रचार के लिए आलीशान दिखाया जा रहा है। राहुल गांधी ने लिखा एसी कोच की संख्या बढ़ाकर जनरल कोच की संख्या घटाई जा रही है। ना सिर्फ मजदूर और किसान बल्कि छात्रों और सर्विस क्लास के लोग भी जनरल कोच में सफर करते हैं, लेकिन सामान्य कोच की तुलना में एसी कोच का बड़ी संख्या में निर्माण किया जा रहा है। राहुल गांधी ने दावा किया कि रेलवे की प्राथमिकता से गरीब और मध्यम वर्ग नहीं है। रेलवे की नीतियां सिर्फ अमीरों को ध्यान में रखकर बन रही हैं और ये देश के 80 फीसदी लोगों से धोखा है।

# मेरे सीएम बनने से कई लोगों के पेट में हुआ दर्द : मोहन यादव

**●हमारे देश में सन्तान संस्कृति न झुकी है ना झुकेगी**

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव रविवार को लखनऊ दौरे पर हैं। यह एक महीने यूपी का दूसरा दौरा का है। सीएम मोहन यादव का बीजेपी की कार्यकर्ताओं में प्रथम आगमन का भव्य स्वागत किया है। बीजेपी कार्यालय में पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद मोहन यादव लखनऊ में आयोजित यादव महाकुंभ को संबोधित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोहन यादव ने कहा मेरे आने के पहले बैठक करके इस कार्यक्रम को फेल बनाने की प्लानिंग की जा रही थी। यही नहीं समाज के कुछ लोगों को मेरे सीएम बनने से खुशी नहीं हुई बल्कि उनके पेट में दर्द हुआ। उन्होंने कहा कि यादव समाज धर्म के मार्ग में चलने वाला समाज है। उसने कभी धर्म को पीछे नहीं छोड़ा है।

मोहन यादव ने कहा कि यूपी से मेरा अलग रिश्ता है यूपी में मेरी ससुराल है। सीएम मोहन यादव ने कहा कि उत्तरप्रदेश के आभार मानता हूँ। जय यादव जय माधव में सब कुछ आ जाता हैं।

इंद्र देवता ने कृष्ण जी जन्म के वक्त परीक्षा लिया था। आज इस कार्यक्रम के वक्त भी परीक्षा ले रहे। उत्तरप्रदेश से विशेष लगाव है। मेरी ससुराल भी उत्तर प्रदेश की है। हमारे परिवारीजन आजमगढ़ के थे। हमारे देश में सन्तान संस्कृति न झुकी है ना झुकेगी। 5000 हज़ार साल पहले कृष्ण भगवान ने जन्म लिए जिन्होंने मर्यादा लांघी उनका वजूद खत्म कर दिया। मथुरा पर बोलते हुए मोहन यादव ने कहा 11 साल में कंस का नाश कर दिया। कार्यक्रम के दौरान 69 हज़ार शिक्षक भर्ती अभ्यर्थिय के 6800 आरक्षण वाले अपनी नियुक्ति की मांग को लेकर पहुचे। मोहन यादव ने कहा आप उनके पास आई जिन्होंने आप का ठेका ले रखा है। आज ऐसा समय आया है कोई यादव मुख्यमंत्री बना है। छोटी जात के लोग भी बड़े बड़े पदों मुख्यमंत्री तक पहुँच रहा। एक ही परिवार का व्यक्ति आगे नही बढेगा सभी धर्म वर्ग के लोग आगे बढ़ रहे है। भगवान कृष्ण की जन्म स्थली उज्जैन थी कृष्ण भगवान के जाने वाले रास्ते मे तीर्थ स्थली बनाएंगे। चित्रकूट को को भी तीर्थ स्थली बनाएंगे उत्तरप्रदेश सरकार और मध्य प्रदेश सरकार मिलकर आधा चित्रकूट एमपी में आधा यूपी में आता है। मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश भाई भाई है मुझे बुलाया जाएगा मैं आता रहूंगा जिनके पेट मे दर्द होता है तो होता रहे।

मोहन यादव ने कहा कि यूपी ही वह धरती है जो नारा देती हैं उसे साकार भी करती है। प्रदेश के साथ अपने रिश्ते का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मेरे पूर्वज 400 साल पहले आजमगढ़ से ही मध्यप्रदेश गए थे। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने कष्ट सहे लेकिन झुके नहीं। सनातन धर्म भी किसी के आगे नहीं झुका।

## सीहॉक छह मार्च को नौसेना के बेड़े में होगा शामिल

**नई दिल्ली।** बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर एमएच 60 आर सीहॉक को छह मार्च को आईएनएस गरुड़, कोच्चि में नौसेना के बेड़े में विधिवत रूप से शामिल किया जाएगा।यह हेलिकॉप्टर पनडुब्बियों का पता लगाकर उन्हें धवस्त करने में सक्षम है। यह दिन देश की रक्षा आधुनिकीकरण की यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव होगा। सीहॉक्स स्क्वाड्रन को आईएनएएस 334 के रूप में नौसेना में शामिल किया जाएगा। यह हेलीकॉप्टर अमेरिकी सरकार के साथ हुए अनुबंध का हिस्सा है। सीहॉक्स के शामिल होने से नौसेना की समुद्री ताकत में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। हेलीकॉप्टर को पनडुब्बी रोधी युद्ध, बारूदी सुरंग रोधी युद्ध, खोज और बचाव और चिकित्सा के लिए सैनिकों की निकासी के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस हेलीकॉप्टर का भारतीय स्थितियों में कड़ाई से परीक्षण किया गया है। उन्नत हथियार, सेंसर और एवियोनिक्स सूट सीहॉक को नौसेना की समुद्री सुरक्षा आवश्यकताओं के लिए आदर्श बनाते हैं, जो पारंपरिक और असममित दोनों खतरों के लिए उन्नत क्षमताएं प्रदान करते हैं।

**कटाक्ष** | **मंडल कमीशन का नतीजा है कि आज हर पिछड़ा वर्ग, दलित, वंचित और गरीब सत्ता के दरवाजे पर है खड़ा**

# प्रधानमंत्री मोदी तो हिंदू ही नहीं : लालू

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी अबतक हिंदू कार्ड खेलने के लिए जानी जाती रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सनातन धर्म का संरक्षक बताती रही है। लेकिन, राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने दोनों मोर्चों पर अब लड़ाई छेड़ दी है। रविवार को पटना के गांधी मैदान में महागठबंधन की जन विश्वास महारैली को संबोधित करते हुए लालू ने कहा कि पीएम मोदी तो हिंदू ही नहीं हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कोई हिंदू यह-यह काम नहीं कर सकता, जो पीएम मोदी ने किया है।

उन्होंने पीएम मोदी की पारिवारिक जिंदगी पर भी हमला बोला। शनिवार को पीएम मोदी बिहार में आए थे तो उन्होंने बिना नाम लिए परिवारवाद के बहाने लालू प्रसाद पर हमला बोला था। लालू प्रसाद ने कहा कि मंडल कमीशन का नतीजा है कि आज हर पिछड़ा वर्ग, दलित, वंचित और गरीब सत्ता के दरवाजे पर खड़ा है। यह नरेंद्र मोदी क्या चीज है? यह मोदी आजकल परिवारवाद पर हमला कर रहे हैं। आप बताओ न, आपको क्यों नहीं संतान हुआ? ज्यादा संतान होने वाले लोगों को बोलता है कि परिवारवाद है। परिवार के लिए लड़ रहा है। आपके पास परिवार नहीं है और आप हिन्दू भी नहीं हैं। जब आपकी माताजी का देहावसान हो गया तो हर हिन्दू अपनी मां के शोक में केस दाढ़ी मुंडवाता है। आपने क्यों नहीं छिलवाया? यह बताओ। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने पीएम पर हमला कायम रखा। देश भर नफरत फैला रहे हो। कहता है कि भगवान में प्राण प्रतिष्ठा कर दिया। बताओ कि बिना प्राण प्रतिष्ठा के ही भगवान ही अब तक थे? उन्होंने पीएम मोदी को हिंदू मानने से इनकार करते हुए अपनी बातें पूरी कीं तो राम-सीता होते हुए बेटी-बेटा तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि जनकपुर में श्रीराम चंद्र जी की शादी हुई। बिहार जैसे राज्य में एक से एक सूरमा पैदा लिए। इसी गांधी मैदान में न जाने कितनी बार देश भर नेताओं का सभाएं हुई। यहीं से देश भर संदेश गया। बिहार के हवा में इतना दम हैं कि जो देश के लोग इसका अनुकरण करते हैं। मेरा किडनी का ट्रांसप्लांट हुआ है। हमारी बेटी रोहिणी ने अपनी किडनी मुझे दान दी। मुझे जीवनदान दिया। तेजस्वी यादव काफी मेहनत कर रहे हैं। लोगों को इतनी नौकरी दी। हम रोज पूछते थे- आज कितनी नौकरी दी? सिपाही में कितनी नौकरी दी? फिर यह भी कहा कि आरक्षण जोड़ लो, जब सिपाही को नौकरी दो। उन्होंने सीएम नीतीश के प्रकरण पर भी बात की। कहा,नीतीश कुमार को हमने कोई गाली-गलौज नहीं किया। वह पहली बार निकले तो तब भी गाली नहीं दी थी। तब हमने कहा था कि वह पलटूराम हैं। नहीं पलटना चाहिए था। दुबारा हमसे गलती हो गई। तेजस्वी से गलती हो गई। नरेंद्र मोदी के पैरों के नीचे चले गए।

# शाहबाज दूसरी बार बने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री

**●कहा- नवाज ने ही देश का निर्माण किया, अब हम पाकिस्तान को आत्मनिर्भर बनाएंगे**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में शाहबाज शरीफ देश के 24वें प्रधानमंत्री बन गए हैं। उन्हें नेशनल असेंबली में 201 सांसदों का साथ मिला। पाकिस्तानी मीडिया 'द डॉन' के मुताबिक, पीटीआई समर्थक उम्मीदवार उमर अयूब के लिए 92 सांसदों ने वोट किया। नेशनल असेंबली के स्पीकर अयाज सादिक ने नतीजों की घोषणा की। प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद शाहबाज शरीफ ने नवाज और सभी सहयोगियों को उन पर भरोसा करने के लिए धन्यवाद कहा। शाहबाज ने कहा कि जब मेरे भाई तीन बार प्रधानमंत्री चुने गए तो देश में जो विकास हुआ, वह अपने आप में एक मिसाल है। यह कहना गलत नहीं है कि नवाज शरीफ ही हैं, जिन्होंने पाकिस्तान का निर्माण किया। दूसरी तरफ देश जुल्फिकार अली भुट्टो के बलिदानों को भी कभी नहीं भूल सकता। पीएमएल-एन और सहयोगी पार्टी एक पाकिस्तानी, मुस्लिम और इंसान के तौर पर अपनी भूमिका निभाएंगे। इस संसद में प्रतिभाशाली लोग बैठे हैं जो पाकिस्तान की नैया को पार लगा सकते हैं।

## अर्थ आवाज़

### फ्रैंचाइज़ एक्स्पो में यूपी मार्केट की क्षमता का प्रदर्शन

लखनऊ। फ्रैंचाइज़ इंडिया लखनऊ फ्रैंचाइज़ एक्स्पो का समापन सफलता के साथ हुआ, जिसने भारत के फ्रैंचाइज़ स्पेस में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह देश के प्रमुख फ्रैंचाइज़ शोज़ में से एक था, जहां फूड, रीटेल, फैशन, हेल्थ, ब्यूटी, वैलनैस, एजुकेशन, रियल एस्टेट आदि क्षेत्रों में बस से अधिक ग्लोबल ब्राण्ड्स का अनावरण हुआ। शो ने जाने-माने ब्राण्ड्स जैसे रिलेक्सो, पीचमोड, रेनिशा, करघा इंडिया, स्टैण्डर्ड बेकरी, जो पाजी फूड्स, मैट लुक, साइगन, द मैनेपेडी स्पा, एरिया डेकोर, वेलकोट पेंट्स, गोल्ड कैश, वैनिटी वेगन, हेयर सेज, कैम्ब्रिज, लक्ज़रियस लाईफ स्टाइल, ओसीडी डीटेल स्टुडियो, सीआरए वॉल, यूके इंटरनेशनल-लंदन ब्यूटी स्कूल, बरसाचे, क्रेस्टे किड, सूर्या किड, पहल न्यूट्रिशन, ग्लिट्सज़ स्टुडियो सैलून, पॉप क्लीन, पंढेरपुरी चाय और कोग्निटो एबेकस के लिए महत्वपूर्ण मंच की भूमिका निभाई। इस मंच पर ब्राण्ड्स को अपने आधुनिक बिज़नेस मॉडल्स को दर्शाने तथा लखनऊ एवं आस-पास के क्षेत्रों विस्तार के अवसरों का लाभ उठाने का मौका मिला। कु विनीता के सेठ प्रेज़ीडेन्ट, बीएनआई एमरल्ड्स चैप्टर और मैस मास्टर्ज मेकअप स्टुडियो की मालिक ने यूपी के आर्थिक विकास एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने में फ्रैंचाइज़िंग की भूमिका पर कहा कि लखनऊ फ्रैंचाइज़ शो में ब्राण्ड्स और उद्यमियों को इस मंच पर देखकर अच्छा लग रहा है।

### शालिमार कलरथॉन ने रचा कला, संस्कृति का संगम

लखनऊ। रविवार को गोमती नगर स्थित राम मनोहर लोहिया पार्क में शालिमार कॉर्प के सहयोग से कलरथॉन द्वारा बहुप्रतीक्षित आर्ट फेस्टिवल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सभी उम्र के लोगों के लिए रोमांचक अनुभव था, जहां कला की सुंदरता का जश्न मनाया गया। उत्तर प्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम और कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर लखनऊ की डीन प्रो वंदना सहगल ने मिलकर कैनवास पर रंग लगाकर इस आर्ट फेस्टिवल की शुरुआत की। इस मौके पर वैज्ञानिक मिलिंद राज, शालिमार कॉर्प के डायरेक्टर कुणाल सेठ, कलरथॉन फाउंडेशन के संस्थापक गौरव प्रकाश, भूपेश राय, अहमद और शम्स मौजूद थे। 7हॉर्स कम्युनिकेशंस इस कार्यक्रम के पीआर पार्टनर रहे। ये कार्यक्रम सही मायनों में एक यादगार आयोजन रहा। भारत के ड्रोन मैन मिलिंद राज ने हैरतंगेज रोबोटिक आर्ट इवेंट का नेतृत्व किया। इस उत्सव में हर उम्र के लोगों ने कला की खूबसूरती का आनंद लिया। लाइव प्रदर्शन, प्रसिद्ध कलाकारों के साथ बातचीत करने का अवसर और हैंड्स-ऑन पेंटिंग सेशन इस आर्ट फेस्टिवल के मुख्य आकर्षण बने रहे। इसके अलावा, लाइव म्यूजिक और नृत्य कार्यक्रमों ने उत्सव और सौहार्द के वातावरण के आनंद को कई गुना बढ़ा दिया। कुणाल ने कहा शालिमार कलरथॉन कार्यक्रम शानदार रहा। हर कोई खुशी से झूम रहा था। एक भरोसेमंद रियल-एस्टेट ब्रांड होने के नाते, हम हमेशा अपने प्रोजेक्ट्स में कला का समावेश करते हैं। हम चाहते हैं कि लोग हमारे बनाए घरों में अपने आपको रंगों की जीवंतता से घिरा हुआ महसूस करें।

### मेंटल मैथमेटिक्स में आदित्य को प्रथम पुरस्कार

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के कक्षा 4 के छात्र आदित्य सिंह ने एबेकस एवं मेंटल मैथमेटिक्स कम्पटीशन में प्रथम पुरस्कार अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता का आयोजन यूनिवर्सल कान्सेप्ट ऑफ मेन्टल अर्थमेटिक सिस्टम (यू.सी.एम.ए.एस.) के तत्वावधान में किया गया। यह जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी गणितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आदित्य ने एबाकस के माध्यम से विभिन्न ट्रिक्स अपनाकर गणित के सवालों के जवाब निकाले तथापि गणित में अपनी महारत सिद्ध करने के साथ बौद्धिक व तार्किक प्रतिभा का परचम लहराया। आदित्य ने अपनी प्रतिभा से राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का गौरव बढ़ाया। आयोजकों ने छात्र की प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र, ट्राफी व नगद पुरस्कार से सम्मानित किया। सीएमएस प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### सीएमएस में सम्पन्न हुई भर्ती परीक्षा

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल गोमती नगर द्वितीय कैम्पस में नॉन-टीचिंग स्टाफ की भर्ती परीक्षा सम्पन्न हो गई, जिसमें 400 आवेदकों ने अपने ज्ञान-विज्ञान व प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साक्षात्कार के उपरान्त चयनित सफ ल अभ्यर्थी सीएमएस के विभिन्न कैम्पसों व प्रधान कार्यालय में अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए भावी पीढ़ी के उत्तरोत्तर विकास में सहायक होंगे। यह जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने देते हुए बताया कि सम्पन्न हुई भर्ती परीक्षा ऑनलाइन व ऑफ लाइन दोनों तरीकों से आयोजित की गई, जिसमें आवेदकों ने क्लर्क, आई.टी. असिस्टेन्ट, कम्प्यूटर लैब असिस्टेन्ट, साइन्स लैब असिस्टेन्ट, लाइब्रेरियन, कैरियर काउन्सलर आदि पदों हेतु भाग्य परीक्षण किया। इस परीक्षा में चयनित सफ ल अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमन्त्रित किया जायेगा। टीचिंग स्टाफ की भर्ती परीक्षा 10 मार्च को सीएमएस कानपुर रोड में आयोजित की जायेगी।

### सपा ने की प्रजापति समाज की यात्रा पर लाठीचार्ज की निन्दा

लखनऊ। वीआईपी घाट हरिद्वार से जंतर मंतर नई दिल्ली के लिए प्रजापति समाज की यात्रा को साहिबाबाद में रोकर पुलिस ने जिस बर्बरता से लाठीचार्ज किया उससे 18 से ज्यादा लोगों को गंभीर चोटें आई हैं और यात्रा के आयोजक रमेश प्रजापति तथा दारा सिंह प्रजापति सहित कई लोगों के खिलाफ मुकदमें दर्ज करवा दिए गए हैं। भाजपा सरकार का यह कृत्य निंदनीय है। प्रजापति समाज 2024 में भाजपा सरकार को सत्ता से हटाकर ही चैन लेगा। ानर के राष्टीय सचिव एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री रमेश प्रजापति ने बताया कि जातीय जनगणना और राजनीतिक भागीदारी की मांग को लेकर 27 फरवरी को प्रारम्भ यात्रा को 01 मार्च को जंतरमंतर नई दिल्ली पहुंचना था। जब यह यात्रा मुजफ्फरनगर मेरठ मोदीनगर पहुंची पुलिस ने कादराबाद चेकपोस्ट पर रोक लिया। वार्ता के बाद यात्रा को आगे जाने की अनुमति मिलने पर 11 बजे साहिबाबाद पुलिस ने गोल्डन बैंकट हाल पर रोक लिया। प्रातः जबरन बैंकट हाल भी खाली करा लिया गया। प्रदर्शनकारी जब पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ शांतिपूर्वक ढंग से धरने पर बैठे थे तभी पुलिस ने ट्रकों से रास्ता रोक कर लाठीचार्ज कर दिया। पुलिस का यह रवैया पूर्णतया जनविरोधी और अलोकतांत्रिक है। भाजपा सरकार को विपक्ष कतई बर्दाश्त नहीं है। वह उसे अपमानित और उत्पीड़ित करने में जरा भी संकोच नहीं करती है।

### गौरव को मिलेगा पं. दूधनाथ शर्मा श्रीश सम्मान

लखनऊ। पं. दीन दयाल उपाध्याय साहित्यिक सेवा संस्थान के तत्वावधान में आगामी 8 मार्च 2024 को महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में दिल्ली के ख्यातिप्राप्त साहित्यकार गौरव चौहान को पं. दूधनाथ शर्मा श्रीश सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इस बात की जानकारी संस्था के संस्थापक पं. आदित्य द्विवेदी ने दी। उन्होने बताया कि 8 मार्च को आयोजित होने वाले इस समारोह में दिल्ली के ख्याति प्राप्त साहित्यकार गौरव चौहान को पं. दूधनाथ शर्मा श्रीश सम्मान, औरैया के अजय अंजाम को पं. दीन दयाल उपाध्याय साहित्यिक सम्मान और इटावा की योगिता चौहान को डॉ रमेश रस्तोगी सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। अखिल भारतीय कवि सम्मलेन में सम्मानित साहित्यकारों के अलावा कमल आग्नेय- दिल्ली, साक्षी तिवारी-प्रतापगढ़, नवल सुधांशु-लखीमपुर और डॉ सर्वेश अस्थाना अपनी कविताओं से श्रोताओं को अभिसिंचीत करेंगे। पं. आदित्य द्विवेदी ने बताया कि अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि डॉ दिनेश शर्मा राज्य सभा सांसद/ पूर्व उप-मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, विशिष्ट अतिथि पंकज सिंह विधायक नोएडा प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा उत्तर प्रदेश और डॉ नीरज बोरा विधायक लखनऊ उत्तर होंगे।

### उधारी मांगने पर दुकानदार को पीटा

निंदूरा बाराबंकी। उधारी के पैसे मांगने पर आरोपितों ने दुकानदार की पिटाई कर दी। गंभीर रूप से घायल दुकानदार को पुलिस ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घुंघटेर थाना क्षेत्र के गनेशपुर निवासी प्रेम कुमार बाबागंज में किराने की दुकान चलाते हैं।आरोप है कि गांव के ही रामकुमार ने वैवाहिक कार्यक्रम के लिए करीब एक वर्ष पूर्व दुकान से किराने का सामान ले उधार ले गए थे। जिसमें से लगभग 24 सौ रुपए बकाया रह गए थे। प्रेमकुमार जब भी अपना बकाया पैसा मांगते तो रामकुमार आज कल कह के टाल देते थे। रविवार को प्रेम कुमार ने अपना उधार का पैसा मांगा तो रामकुमार गाली-गलौच करने लगे। आरोप है कि जब प्रेमकुमार ने विरोध किया तो रामकुमार अपने परिवार के साथ मिलकर लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी। जिससे प्रेमकुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस को देख आरोपित मौके से फरार हो गए। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि पीड़ित दुकानदार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। घायल को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपितों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे।

### महिला के साथ जबरन दुराचार का प्रयास

त्रिवेदीगंज बाराबंकी -शौच गई महिला से जबरदस्ती करने का प्रयास किया गया।चिल्लाने पर मारपीट करते हुए भाग निकला। थाना लोनी कटरा के एक गांव निवासी एक विवाहित महिला शुक्रवार देर शाम शौच के लिये गई थी। जहां पहले से मौजूद नीरज जबरदस्ती करने की नीयत से हाथ पकड़ कर घसीटने लगा। चिल्लाने पर मारपीट करते हुए भाग निकला। थाना अध्यक्ष अंकित त्रिपाठी का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### बैट्री रिक्शा को बचाने में पलटी डीसीएम चालक को आई चोटें

रामसनेहीघाट बाराबंकी -देवीगंज सुबेहा मार्ग पर घटमा पुर गांव के समीप एक डीसीएम अनियंत्रित होकर पलट गई। असन्दरा थाना क्षेत्र के देवीगंज सुबेहा मार्ग पर घटमापुर गांव के मोड़ पर एक बैट्री रिक्शा को बचाने के चक्कर मे एक डीसीएम एचआर 38 एएफ 7409 अनियंत्रित होकर पलट गई। डीसीएम बिहार से प्लाई लादकर दिल्ली जा रहा था,तभी घटमा पुर गांव के समीप अनियंत्रित होकर पलट गया।घटना में चालक को हक्की फुल्की चोटे आई।

# बैठक के बहाने इंडिया गठबंधन ने दिखाई ताकत

**फिरकापरस्त ताकतों को उखाड़ फेंकने को भरा जोश**

बाराबंकी । लोकसभा चुनाव 2024 में पूरे देश के लोग चाहते थे कि भाजपा को हराने के लिए एक सशक्त गठबंधन बने और इंडिया गठबंधन बन गया हमारे नेता का नारा पी.डी.ए. है जो घर-घर पहुंच गया है पी.डी.ए. अब जाग गया है अब देश से किसान युवा महिला विरोधी युवा विरोधी फिरकापरस्त ताकतों को जाने में देर नहीं लगेगी हमारा समाजवादी पार्टी का कार्यकर्ता आगे निकलकर कंधे से कंधा मिलाकर गठबंधन के प्रत्याशी के साथ चलेगा हमारे तीन विधायक हैं लोकसभा क्षेत्र में पीडीए भरा पड़ा है हमे 200 वोटो से चुनाव हरा दिया गया था लेकिन हम कुर्सी विधानसभा से 10000 वोटो से तनुज पुनिया को जिताकर भेजेंगे। उक्त उदगार पूर्व कारागार मंत्री समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता राकेश वर्मा ने रविवार को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थन में स्थानीय लखपेड़ाबाग स्थित नोवेल्टी लॉन में समाजवादी पार्टी तथा कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ जनों की सामूहिक बैठक में व्यक्त किया । बैठक की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज तथा संचालन समाजवादी पार्टी के महासचिव हिमांशु यादव तथा प्रीतम सिंह ने संयुक्त रूप से किया बैठक में पूर्व सांसद रामसागर रावत, पूर्व सांसद पीएल पुनिया, विधायक सुरेश यादव, फरीद महफूज किदवई, गौरव रावत, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप, पूर्व विधायक रतनलाल राव, रामगोपाल रावत, राजलक्ष्मी वर्मा, राममगन रावत, पूर्व एमएलसी राजेश यादव राजू, तथा इंडिया गठबंधन के संभावित प्रत्याशी तनुज पुनिया विशेष रूप से मौजूद थे। कांग्रेस अध्यक्ष मो. मोहसिन ने सभी का माला पहनाकर स्वागत किया।पूर्व लोक निर्माण मंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह गोप ने गठबंधन प्रत्याशी को भारी बहुमत से जीतने की अपील के साथ कहा कि जब से प्रदेश में कांग्रेस समाजवादी पार्टी का गठबंधन हुआ है बीजेपी परेशान है आज गठबंधन की मीटिंग पटना में है पटना का गांधी मैदान जिसने हमसे इतिहास रचा है आज वहां लाखों लोग गठबंधन के नेताओं के साथ भाजपा की देश की सफाई की कहानी लिख रहे हैं गठबंधन के प्रत्याशी संस्कारों से भरा है हमारे नेता ने साफ तौर पर कहा है कि बाराबंकी की सीट कांग्रेस की सीट न समझकर

समाजवादी की समझ कर जिताकर भेजो पूनिया जी हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि समाजवादी पार्टी गठबन्धन प्रत्याशी को भारी बहुमत से जीत कर देश के सबसे बड़ी पंचायत में भेजेंगी।सदर विधायक धर्मराज यादव उर्फ सुरेश यादव ने कहा कि सांप्रदायिक ताकतों को हराने के लिए गठबंधन के प्रत्याशी की जीत जरूरी है और हम गठबंधन प्रत्याशी को जितवाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे पूर्व सांसद रामसागर रावत पूर्व मंत्री नकुल दुबे रतनलाल राव राजलक्ष्मी वर्मा पूर्व एमएलसी राजेश यादव राजू राममगन रावत राम गोपाल रावत अध्यक्ष फतेहपुर इरशाद अहमद कमर अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र वर्मा नईम सिद्दीकी आदर्श पटेल कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन नेहा सिंह आनंद प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान मौर्य वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष दिनेश वैश्य, रामानुज यादव कुसुम लता रावत के.सी. श्रीवास्तव, सरजू शर्मा, रामहरख रावत, अजय सिंह लोधी सरोज मौर्य अदनान चौधरी साफे जुबेरी पूर्व प्रमुख जमील वीरेंद्र प्रताप यादव सैयद सुहैल अहमद उमाकांत यादव पूर्व प्रधान यासिर अराफात इरफान कुरैशी अजय वर्मा बबलू अमरनाथ मिश्रा पूनम यादव नसीम कीर्ति जंग बहादुर पटेल कमल भल्ला पूर्व अध्यक्ष हाफिज भारती शबनम वारिस तस्लीमन खान सिकंदर अब्बास रिजवी रामकुमार लोधी नेक चंद त्रिपाठी आदि वक्ताओं ने फिरकापरस्त ताकतों को हराने के लिए गठबंधन के प्रत्याशी को भारी मतों से जीतने की अपील की। कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन एवं नगर अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा फोटो वाला ने बैठक में आए पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री, विधायक, पूर्व विधायक, अध्यक्ष, प्रमुख जिला पंचायत सदस्यों, सभासदों, पूर्व प्रमुख सहित सभी समाजवादी पार्टी तथा कांग्रेस जनों का आभार व्यक्त करते हुए इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को भारी बहुमत से जीतने की अपील की।

# आस्था के आगे नहीं दिखा बारिश का प्रभाव

रामनगर बाराबंकी स्पष्ट आवाज। महाशिवरात्रि के अवसर पर महादेवा में कांवरियों के जत्थों का आवागमन निरंतर जारी है। वहीं मेले में खाद्य सामग्रियों,खिलौनो, प्रसाद व अन्य दुकानें स्थानीय व बाहर से आए व्यापारियों ने सजा रखी है।ऐसे में शनिवार और रविवार को रुक-रुक कर हो रही बारिश ने मेला की व्यवस्थाओं को अस्त व्यस्त कर दिया है। फिर भी भक्तों के आस्था के आगे बारिश का कोई भी प्रभाव देखने को नहीं मिला। शिव भक्तों ने हर हर बम बम के जयकारों के साथ भोले को आस्था की कांवर चढ़ाते नजर आए। कांवरियों के रुकने की कोई व्यवस्था नहीं दिखाई पड़ रही है। ज्ञात हो महादेवा में तीन रैन बसेरा बने हुए हैं परंतु उसमें हमेशा की तरह सुरक्षा कर्मियों के ठहरने की व्यवस्था की जाती है।कांवरिया जहां पर लइया दाना आदि प्रसाद लेते हैं वहीं दुकानदार पीछे भी तिरपाल लगाते हैं जिसमें कांवरिया रुकते और आराम भी करते हैं। ऐसे में बारिश होने पर पूरे मेला परिसर में जल भराव हो गया है और भक्त कांवर चढ़ाने एवं पूजा पाठ करने के पश्चात ठहरने की व्यवस्था न होने के कारण तुरंत वापस चले जाते हैं। 8 मार्च को महाशिवरात्रि है ऐसे में प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी भारी संख्या में कांवरियों के आने का अनुमान लगाया जा रहा है। वैसे तो प्रशासन ने शांति एवं सुरक्षा के दृष्टिगत अपनी तरफ से तैयारी कर रखी हैं। मेले में उच्च अधिकारी भी समय-समय पर अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लेते हैं फिर भी ध्यान देने की बात यह है कि बाहर से आए भक्तों को अव्यवस्थाओं से न जूझना पड़े और काफी दूर से आने वाले कांवरिया अपनी थकावट को मिटाने के लिए कुछ देर आराम कर सके और वह सरलता से महादेव के दर्शन कर पाए और उन्हें संतुष्टि मिले।

# सांसद उपेंद्र सिंह रावत को मिली बधाइयां

रामनगर बाराबंकी स्पष्ट आवाज। भारतीय जनता पार्टी बाराबंकी के सांसद उपेंद्र सिंह रावत पर दूसरी बार शीर्ष नेतृत्व ने विश्वास जताते हुए लोकसभा का टिकट दिया। इस मौके पर पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने अन्य कार्यकर्ताओं के साथ सांसद के आवास पर पहुंचकर बधाई दी तथा धनोखर स्थित हनुमान मंदिर, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप सिंह की नेतृत्व में महादेवा में लोधेश्वर धाम, कोटवा धाम, सिद्धेश्वर मंदिर, अवसानेश्वर मंदिर पहुंचकर विधवत पूजा अर्चना की वही कार्यकर्ताओं ने पुनः जीत दर्ज कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने हेतु महादेव से आशीर्वाद की कामना की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी पूर्व चेयरमैन बद्री विशाल त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष शेखर हयारण प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य प्रवेश शुक्ला हर्षित वर्मा अमित अवस्थी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# फौजियों ने डॉक्टर कौशल को किया सम्मानित

गोला गोकर्णनाथ खीरी। मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर से अवार्ड लेकर नगर आने के बाद से विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं गणमान्य लोगों के द्वारा डॉ कौशल को सम्मानित करने का सिलसिला अब भी जारी है।देश की सेवा में योगदान करने बाले फौजियों राजेश्वर सिंह, कृष्ण गोपाल त्रिवेदी, वीरेंद्र मिश्रा, गजेंद्र प्रसाद वर्मा, प्रमोद सिंह, जगदेव सिंह, राम हरीश मिश्रा, अनिल कुमार गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद ने डॉ कौशल को माला पहनाकर और पुष्प गुच्छ देकर भव्य तरीके से सम्मानित किया है।यह अवार्ड चिकित्सा एवं सामाजिक क्षेत्र

में उल्लेखनीय कार्यों के लिए मिला है। मलेशिया टूरिज्म एंड प्रमोशन बोर्ड डायरेक्टर मनोहरन पेरियासैमी मिनिस्ट्री ऑफ़ टूरिज्म के हाथों बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड 2024 से नवाजा गया था। भारत के 15 लोगों को यह सम्मान मलेशिया में प्रदान किया गया था। डा. कौशल हॉस्पिटल ग्रुप के साथ साथ चिकित्सीय एवं सामाजिक कार्यों को बढ़ चढकर करते हैं। जिसकी अपडेट उनके सोशल मीडिया एकाउंट पर दिखती है। वह अब तक लाखो लोगों का कैंप में निःशुल्क इलाज कर चुके हैं। और 5000 से अधिक लोगों तक राशन, कंबल और राहत सामग्री पहुचा चुके हैं।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवा में हुआ आशा सम्मेलन

बाराबंकी । रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवां में आशा सम्मेलन का आयोजन किया गया ।सम्मेलन में उनके कार्यो के आधार पर सी एच सी अधीक्षक डाक्टर राधेश्याम गौंड द्वारा प्रतीक चिंह व सम्मानपत्र भेंटकर सम्मानित किया गया।सभी आशाओं के कार्यो के आधार पर विद्यावती को प्रथम,अंजनी को द्वितीय तथा मिलन आशा को तृतीय स्थान मिला।इसी क्रम में जैसे आभा आई डी बनाने में नीलम देवी,आयुष्मान कार्ड में सविता भारती व अन्य सभी कार्यो में उर्मिला, पुरुष नसबंदी में कलावती को सम्मानित किया गया।इसी के साथ ही समस्त आशा संगनी को भी सम्मानित किया गया।इस अवसर पर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी महेंद्र प्रताप यादव,ब्लाक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर अनुपमा श्रीवास्तव,बेसिक हेल्थ वर्कर इन्द्रजीत वर्मा, फार्मासिस्ट राम कृपाल वर्मा ,आशा जय देवी,नीतू,रीतू ,बृजलता ,कौशिल्या,धर्म देवी ,रुपरानी,सिराजा देवी सहित सभी आशा संगिनी एवं सैकड़ो आशाओं ने आशा सम्मेलन में प्रतिभाग किया।

# मौसम ने ली करवट बारिश के साथ जमकर ओलावृष्टि, फसलों को नुकसान

बाराबंकी। रविवार को हुई बेमौसम बारिश व ओलो ने जमकर तबाही मचाई । किसानों कि फसले क्षतिग्रस्त हो गई तो वहीं आलू की खुदाई पर भी इसका खासा असर पड़ा है वही तिलहनी फसलों को भी काफी नुकसान होने की आशंका है बारिश और तेज हवाओं से फसलों को काफी नुकसान हुआ है। बारिश से खेत में पानी भरने से आलू और कटी पड़ी सरसों की फसल के सड़ने की आशंका बन गई है। इधर, गेहूं की फसल खेतों में बिछ गई है। बारिश ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। जबकि इस साल मौसम किसानों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। लगातार धूप न निकलने व लगातार तापमान कम रहने से आलू फूल नहीं पाया। इससे आलू की उपज कम निकल रही है। अब आलू की खोदाई के समय बे मौसम बारिश किसानों के लिए आफत बन गई है। शनिवार की दोपहर और रविवार को हुई रुक-रुककर बारिश से व ओलो से आलू के खेतों में पानी भर गया है। इससे आलू के सड़ने की आशंका बन गई है। तो अब इसकी

खोदाई में भी देरी होगी। ओला गिरने से सरसों की खेती पूरी तरह से तहस नहस हो गई है जिसके कारण फसलो को सड़ने की आशंका बन गई है। तो दूसरी ओर बारिश से आलू की खोदाई में और विलंब होने की संभावना बन गई है। बारिश के साथ तेज हवाओं से गेहूं की फसल खेत में ही बिछ गई है। इससे गेहूं की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। किसानों का कहना है कि बिछी हुई फसल की कटाई में काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। मजदूरी भी अधिक लगेगी। इसके अतिरिक्त गेहूं की गुणवत्ता भी प्रभावित होगी।

**तिरपाल से ढककर आलू को बचाने का प्रयास**

जिले में किसानों के खेतों में आलू की खोदाई चल रही थी। बारिश से आलू की खोदाई बंद हो गई। काफी किसानों के खेतों में आलू के ढ़ेर लगे हुए हैं। इन किसानों ने तिरपाल आदि से आलू के ढ़ेर को ढककर बारिश से बचाने का प्रयास किया। इसके बावजूद आलू बारिश से बचाने में नाकाफी साबित हुए।

**खेतों की नमी सूखने पर शुरू हो पाएगी आलू की खोदाई**

बारिश से जिले में आलू की खोदाई रुक गई है। अब किसान खेतों में नमी सूखने का इंतजार करेंगे। नमी सूखने के बाद ही अब आलू की खोदाई शुरू हो पाएगी। इस समय किसानों को लग रहा है कि वह जल्द से जल्द आलू खोदकर शीतगृह में भंडारित करें।

**बोले किसान**

बारिश से फसलों को काफी नुकसान हुआ है। गेहूं की फसल खेत में ही बिछ गई है। इससे गेहूं की गुणवत्ता प्रभावित होगी। इस फसल की कटाई के समय मजदूर भी अतिरिक्त मजदूरी की मांग करेंगे। इधर उधर से रुपये लेकर किसी तरह फसल की बुवाई की थी। इसमें से गेहूं , शरसव की फसल खेत में ही बिछ गई है। आलू की फसल में भी नुकसान हुआ है। बारिश से फसलों को नुकसान हुआ है। खेतों में पानी भरने से आलू की फसल के सड़ने की आशंका बन गई है। बारिश से खोदाई भी लेट हो गई है। सरसों की कटी फसल के भी सड़ने की आशंका बन गई है। वहीं तेज हवाओं व बारिश से गेहूं की फसल खेतों में बिछ गई है। तो फिर वही फतेहपुर क्षेत्र में अचानक मौसम ने करवट बदली झमाझम हुई बारिश से जहां एक बार फिर ठंड के प्रकोप ने अपनी दस्तक दी है। वही ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को भी भारी नुकसान हुआ है। खेतों में लगी सरसों, मसूर, आलू, गेहूं, समेत अन्य कई फसलों को ओलावृष्टि के चलते भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। जिसको लेकर किसानों के माथे पर एक बार फिर चिंता की लकीर साफ़ देखी जा सकती हैं।

# देश विकास के पथ पर नित नए आयाम स्थापित कर रहा : अमन गिरी

गोला गोकर्णनाथ खीरी। केंद्र सरकार एवं प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा चलायी जा रही अत्यंत महत्वकांक्षी योजना नमो युवा चौपाल योजना के अंतर्गत 139 विधान सभा गोला के ब्लॉक कुम्भी गोला के गांव राजगढ़, परासन, बढ़ैयाखेड़ा, देविहाना में नमो युवा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अमन गिरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अमन गिरी ने केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहित की अत्यंत महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी उपस्थित जनता जनार्दन के साथ में साझा करते हुए कहा भाजपा की डबल इंजन की सरकार में प्रदेश एवं देश विकास के पथ पर नित नए आयाम स्थापित कर रहा है।, इस अवसर पर विधान सभा संयोजक अवधेश मिश्र, के0के0 शुक्ला, आत्मानंद शुक्ला संजय सिंह, पप्पू प्रधान जी अमीरनगर, अमरसिंह प्रधान महेशपुर, कुलदीप शर्मा, सुचित प्रताप सिंह, इंद्रजीत सिंह लाडी, जुबेर खान, कमाल अहमद जी प्रमुख साथियों सहित कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

### आकाशीय बिजली गिरने से बालक सहित बकरी की मौत

शाहजहांपुर। जनपद के जलालाबाद तहसील क्षेत्र के गांव चौरा खुर्द कला निवासी शिवम (14 )पुत्र राम सुमिरन अपनी बकरी चराने खेतो में गया था ।समय लगभग 11बजे अचानक बड़ा बड़ा ओला गिरने लगा। तभी शिवम अपनी बकरी को लेकर घर की ओर चल दिया ,उसी समय बदलो में कड़ कड़ाहट से साथ बदलो से बिजली चमकी, अचानक आकाशीय बिजली उस पर व साथ में बकरी पर बिजली गिरने से दोनो की मौके पर ही मौत हो गई । सूचना मिलने पर तहसीलदार पैगाम हैदर ने लेखपाल कानूनगो की टीम भेज कर कार्यवाही करवाई। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम के लिए भेज दिया। मृतक दो भाई था, बड़ा मृतक शिवम और छोटा ब्रजदीप,सहित दो बहने है बड़ी रोशनी और गुंजन। घटना की खबर सुनते ही मां सरस्वती के साथ पूरे परिवार का रोरो कर बुरा हाल है।

# श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन

गोला गोकरननाथ खीरी। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन नगर के मोहल्ला मुन्नूगंज में विजय चंद गुप्ता के आवास पर किया गया। जिसमें पहले दिन गणेश पूजन तथा मोहल्ला मुन्नूगंज से शिव मंदिर तक कलश यात्रा निकाली गई। तत्पश्चात दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक वृंदावन से आए कथा व्यास विष्णु शरण जी महाराज के मुखार बिंदु से श्रद्धालुओं को कथा सुनाई गई। कथा प्रतिदिन दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक चलेगी। आयोजक विजय चंद्र गुप्ता ने बताया चार मार्च को सुकदेव की , 5 मार्च को सती चरित्र ध्रुव चरित्र, 6 मार्च को राम जन्म कृष्ण जन्म प्रहलाद चरित्र एवं वामन अवतार की सुंदर कथा, कथा व्यास जी महाराज के द्वारा सुनाई जाएगी। कथा का समापन 10 मार्च को होगा। श्री गुप्ता ने सभी

# विकास नगर में 20 फीट सड़क धंसी, कार फंसी

● कार गड्ढे में लटकी, दो राहगीर गिरे

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** सरकार एक तरफ गड्ढा मुक्त सड़क अभियान चला रही है, दूसरी तरफ लखनऊ के विकास नगर में ही 30 फीट चौड़ी सड़क में 20 फीट गहरा गड्ढा हो गया। विकास नगर में सेक्टर चार के पास बनी सड़क बारिश में रविवार को 20 फीट धंस गई। इसमें दो राहगीर भी गिर गए, जबकि एक कार गड्ढे में फंस गई। हालांकि किसी को चोट नहीं आई। लोगों की परेशानी बढ़ने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ बैरिकेडिंग लगाकर रास्ता बंद कर दिया। पावर हाउस की ओर जाने वाला रास्ता बंद कर दिया गया है। यहां रहने वाले पीके सिंह ने बताया कि यह सड़क पहले भी एक बार धंस चुकी है। उन्होंने बताया कि यह मुख्य मार्ग है और करीब 50 हजार लोग यहां से रोज गुजरते हैं। इसको लेकर नगर निगम को सूचना दे दी गई है। सरकार प्रदेश में गड्ढा मुक्त सड़क अभियान चला रही है। इसको खत्म हुए अभी दो महीने भी नहीं हुए हैं। उसके बाद सड़कों की पोल खुलने लगी है। बताया जा रहा है कि यह सड़क लोक निर्माण विभाग की है। इससे पहले साल 2022 में भी यहां की सड़क ऐसे ही खराब हुई थी। तब तीन-चार लोग उसमें गिर भी गए थे। अब अभियान खत्म होने के बाद सड़कें फिर से खराब होने लगी है। नगर निगम, लोक निर्माण विभाग समेत कोई भी जिम्मेदार विभाग के अधिकारी अभी तक विकास नगर के मौके पर नहीं पहुंचे है।

**बड़े स्तर पर हुआ है भ्रष्टाचार**

कांग्रेस नेता और पार्षद मुकेश सिंह चौहान ने आरोप लगाया है कि नगर निगम से लेकर लोक निर्माण विभाग तक में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। इसमें नेता से लेकर अधिकारी मिले हैं। सड़कों की खराब स्थिति के लिए शासन के लोग जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि लखनऊ में बनी सड़कों को की जांच होनी चाहिए। इसमें बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार सामने आएगा।

# इंदिरा की कांग्रेस में और अटल की संसद में पहली इंट्री

**दूसरी लोकसभा- सन् 1957**

विशेष संवाददाता

● बलरामपुर से पहली बार चुनकर संसद पहुंचे थे अटल
● चुनाव मैदान से दूर इंदिरा ने किया था धुआंधार प्रचार
● दूसरी लोकसभा के कार्यकाल में बर्खास्त हुई थी केरल सरकार
● इसी साल तामिलनाडु में डीएमके का हुआ था गठन

**लखनऊ।** 1957 में हुए दूसरे लोकसभा चुनाव में देश के दो भावी मुखर राजनेताओं का अभ्युदय हुआ। जिन्होंने बाद में देश का नेतृत्व किया उनमें पहला नाम इंदिरा गांधी का था और दूसरा नाम अटल बिहारी बाजपेयी का। इंदिरा जी दूसरे चुनाव में हिस्सा तो नहीं हुआ लेकिन प्रचार अभियान में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया था। और अटल बिहारी बाजपेयी यूपी की बलरामपुर सीट से निर्वाचित होकर संसद पहुंचे थे। बाद में वे इस देश के तीन बार प्रधानमंत्री बने। जबकि इंदिरा गांधी को दस साल बाद यानि 1967 में पहली बार रायबरेली से निर्वाचित होकर संसद पहुंची थी। अब बात दूसरे लोकसभा चुनाव की।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद पहली लोकसभा चुनाव यदि भारतीय लोकतंत्र के लिए एक चुनौती थी तो दूसरे लोकसभा चुनाव ने देश के लोकतंत्र को पहचान दी। दूसरी लोकसभा चुनाव में सीटों की संख्या 489 से बढ़कर 494 कर दी गयी थी।

इस चुनाव में सबसे बड़े दल के रूप में एक बार फिर कांग्रेस ही उभरी। इस चुनाव में विपक्ष का कोई दल इतनी संख्या नहीं जुटा सका कि उसे मुख्यविपक्षी दल का मौका मिलता। दूसरे लोकसभा चुनाव की एक प्रमुख घटना यह भी रही कि केरल की निर्वाचित सीपीआई की सरकार को बर्खास्त करके वहां राष्ट्रपति शासन लगाया गया। इस घटना पर तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का कहना था कि वह ऐसा नहीं चाहते थे कि हो लेकिन कोशिश यह होनी चाहिए कि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न हो। इस चुनाव में पहली बार इंदिरा गांधी ने भी अपनी राजनीतिक पहचान बनाई। 1957 का आम चुनाव भारत के लिए कई मायनों में ऐतिहासिक चुनाव था।

आजादी के बाद भले ही 1952 में पहला चुनाव सकुशल करा लिया गया हो लेकिन दूसरे आम चुनाव के बाद ही पूरी दुनिया को यकीन हुआ कि भारत में लोकतंत्र सफलता से अपनी जड़े जमा चुका है। इस चुनाव में पहली बार कांग्रेस के वर्चस्व को तब झटका लगा जब केरल में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया(सीपीआई) ने राज्य की सत्ता पर कब्जा किया।

यह पहला मौका जब देश के किसी राज्य में पहलीं कम्युनिस्ट पार्टी को सत्तारूढ़ होने का मौका मिला। केरल में सीपीआई के सत्तारूढ़ होने के बादं देश के भीतर ही कई जगहों पर पृथक राष्ट्र की भावना पैदा होने लगी थी।

भारतीय लोकतंत्र में बदलाव की बयार थी तो देश की राजनीति में भी नई सुगबुगाहट दिखाई पड़ रही थी। नेहरू परिवार की नई पीढ़ी और जवाहर लाल नेहरू की बेटी भी अपने नए रोल के लिए तैयार हो रही थी। यह संभवतः कम लोगों को पता है कि इंदिरा गांधी ने इसी चुनाव के जरिये राजनीतिक रूप से पहली बार अपनी पहचान बनाई और कांग्रेस के लिए जमकर चुनाव प्रचार किया।

इससे पहले लोग इंदिरा को उनके पिता जवाहर लाल नेहरू के नाम से ही जानते थे। दूसरे लोकसभा चुनाव के दौरान हीं तमिलनाडु में डीएमके का जन्म हुआ यानी पहली बार देश के भीतर अलग तमिल राष्ट्र की भावना का बीज पड़ा। हालांकि डीएमके ने चुनाव में बहुत अच्छा प्रदर्शन नहीं किया लेकिन केंद्र के लिए वो एक खतरे की घंटी बजा चुकी थी। इस चुनाव की भी सारी जिम्मेदारी मुख्य चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन के ऊपर थी।

**1957 दूसरी लोकसभा**

| कुल सीटें | 494 |
|---|---|
| इंडियन नेशनल कांग्रेस | 371 |
| कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया | 27 |
| प्रजा सोशलिस्ट पार्टी | 19 |
| जनसंघ | 04 |

## आपका विधायक-आपके द्वार में सुनीं समस्याएं, 4 मेधावियों का सम्मान

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा सरोजनीनगर की जनता से सहज उपलब्धता, संवाद, जनसमस्याओं को सुन उसके निस्तारण के लिए निरंतर संचालित आपका विधायक आपके द्वार जनसुनवाई शिविर एक महाभियान बन चुका है। यहां केवल जनसुनवाई ही नहीं होती बल्कि मेधावियों का सम्मान, खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट वितरण, तारा शक्ति निःशुल्क रसोई के माध्यम से भोजन और वृद्धजनों को सम्मानित भी किया जाता है। रविवार को ग्राम नरायनपुर में 63वां आपका विधायक आपके द्वार का आयोजन किया गया। शिविर में जनता के बीच पहुंची विधायक की टीम ने ग्रामीणों से सहज संवाद किया व उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान आवास, सड़क, नाली, हैंडपंप समेत कई समस्याएं सामने आईं। कई समस्याओं के निस्तारण तत्काल किया गया तो अन्य के समाधान की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। इस दौरान ग्रामीणों से क्षेत्र के विकास संबंधित सुझाव भी प्राप्त किए गये। विधायक डॉ राजेश्वर सिंह द्वारा क्षेत्र में कराये जा रहे विकास कार्यों से भी उन्हें अवगत कराया। शिविर के दौरान गांव की शान पहल के अंतर्गत 4 मेधावियों शौर्य सिंह, समीक्षा सिंह, विकास शंकर कश्यप और आयुषी सिंह को साईकिल, घड़ी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा बच्चों को निरंतर प्रोत्साहित और सम्मानित करने के क्रम में अब तक 560 से अधिक बच्चों को साईकिल और टैबलेट प्रदान कर सम्मानित किया जा चुका है। खेल संसाधनों के प्रसार के सतत क्रम में ग्राम नरायनपुर में 126वें स्पोर्ट्स क्लब का गठन कर युवाओं को स्पोर्ट्स किट प्रदान की गयी। ग्राम नरायनपुर की 10 वृद्ध महिलाओं को साड़ी एवं 10 वृद्ध पुरुषों को कुर्ता देकर सम्मानित किया।

## कार्यशाला में दिव्यांग विद्यार्थियों ने दिखायी प्रतिभा

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** दिव्यांगजन द्वारा बनाये गये चित्रों, हस्तकला आदि सहित उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए चार दिवसीय प्रदर्शनी एवं कार्यशाला (दिव्य अनुभूति मेला) में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। यह कार्यशाला अवध शिल्पग्राम में आयोजित हुई। मेला का शुभारम्भ प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने शुक्रवार को किया था।

इस मेले में एक हजार से अधिक दिव्यांग विद्यार्थियों ने अपने-अपने कला का प्रदर्शन किया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें दिव्यांग बच्चों में काफी उत्साह दिखा। विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों व संस्थाओं एवं स्वैच्छिक संस्थाओं के सहयोग से दिव्यांग छात्र व छात्राओं के मध्य अरूणिमा सिन्हा आर्ट प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इसमें दिव्यांग छात्र व छात्राओं द्वारा अपनी दिव्य कला व प्रतिभा का प्रदर्शन चित्रों, पेंटिंग, क्राफ्ट आदि के माध्यम से प्रदर्शित करते हुए जनसामन्य को आकर्षित किया गया।

इसके अतिरिक्त स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालिका इण्टर कॉलेज, स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालक इण्टर कॉलेज एवं स्वैच्छिक संस्था एनएबी, लखनऊ के दृष्टिबाधित छात्र व छात्राओं द्वारा तथा सीमा सेवा संस्थान, रेनबो लखनऊ, चेतना सेवा संस्थान, लखनऊ के मानसिक मंदित दिव्यांगजनों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समाज की गतिविधियों के बारे में प्रतियोगिता का प्रस्तुतीकरण किया गया।

राजकीय संकेत विद्यालय, लखनऊ एवं समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय, लखनऊ के द्वारा प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया है। इस मेले में एसजीपीजीआई के डा. आर. हर्षवर्धन विभागाध्यक्ष व आरग्नस ट्रांसप्लान्ट, डॉ. अमित केसरी, असिस्टेण्ट प्रोफेसर, ईएनटी, डॉ. रमाशंखधर, सीनियर गायनोलाइजिस्ट, डॉ. अनीता, असिस्टेण्ट प्रोफेसर मिनेटोलॉजी डॉक्टर नीता सूर्यवंशी आदि ने पैनल डिस्कसन किया। डॉ. आर हर्षवर्धन द्वारा आरग्नस ट्रांसप्लान्ट के बारे में चर्चा की गयी तथा ट्रांसप्लान्ट सम्बंधी फिल्म दिखाकर आडियन्स को जागरूक किये जाने का प्रयास किया गया। डा. अमित केसरी द्वारा श्रवण बाधित दिव्यागजनों की समस्याओं पर चर्चा की गयी। उनके द्वारा लगभग 30 से अधिक श्रवण बाधित दिव्यांगजनों को कॉक्लियर इम्प्लांड सर्जरी की गयी है। इस कार्यक्रम में डाक्टर की टीम द्वारा श्रवण बाधित दिव्यांगता से ग्रसित 230 दिव्यांगजनों को श्रवण यंत्र (कान की मशीन) प्रदान की गयी।

## भाजपा को किसानों के सुख-दुःख से कोई मतलब नहीं : अखिलेश

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** भाजपा को किसानों के सुख-दुःख से कोई मतलब नहीं है। भाजपा सिर्फ सत्ता पर काबिज होने के लिए षड्यंत्र और साजिशें करती है। यह आरोप लगाते हुए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि बेमौसम बरसात से प्रदेश का किसान त्राहि-त्राहि कर रहा है। अखिलेश ने कहा कि चिंता की बात है कि इन दिनों हुई बरसात से और कहीं-कहीं ओलावृष्टि से गेहूं, चना, सरसों की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। टमाटर, आलू, शिमला मिर्च, बींस, गोभी, बैगन की फसल भी प्रभावित हुई है। आम में बौर आने शुरू हो गए थे बारिश में ये न केवल गिर गए हैं अपितु उसमें खर्रा रोग और भुनगे भी लगने लगे हैं। आम बागान के किसान तबाही के कगार पर पहुंच गए हैं। भाजपा सरकार में किसान और खेती दोनों उपेक्षित हैं। भाजपा ने 2022 के विधान सभा चुनाव में अपने संकल्प पत्र में किसानों से सम्बन्धित जो वायदे किए थे, उसमें एक भी वादा पूरा नहीं किया है। न किसान के कर्ज माफ हुए और न ही किसानों की आय दुगुनी करने की दिशा में कोई कदम उठाया गया।

सब जुमला ही रह गया है। यहीं नहीं किसानों के उपयोग में आने वाले कृषि उपकरण, बीज, खाद, रसायन और बिजली-डीजल तक महंगे कर दिए गए। भाजपा ने किसानों की आय तो दुगुनी नहीं की पर लागत की बढ़ोत्तरी और ओलावृष्टि की डबल मार झेल रहे किसानों को डबल इंजन वाली भाजपा सरकार को दुगुना मुआवजा तो देना ही चाहिए। किसानों की मुआवजे की डबल मांग पूरी तरह जायज है। किसान महंगाई और भ्रष्टाचार की मार झेल रहा है जबकि भाजपा सरकार ने उद्योगपतियों का 15 लाख करोड़ रू का बैंक कर्ज माफ कर दिया है। बैंको से बड़े-बड़े कर्ज लेकर जो उद्योगपति विदेश भाग गए थे, उनको भारत लाने के बजाये, उन्हीं कर्जदार उद्योगपतियों को फिर से कर्ज देने के निर्णय से भाजपा सरकार का असली चेहरा और चरित्र सामने आ चुका है।

**संक्षिप्त आवाज़**

### महिला के खाते से जालसाजों ने उड़ाए लाखों

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाले एक दम्पति के खाते से एक माह में उडाए 1 लाख 48 हजार रूपये पार कर दिया। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी कैलाश दूबे ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित हरिओम नगर गली नम्बर 2 निवासी सुरेन्द्र नाथ पाठक पुत्र स्व राजनाथ पाठक के अनुसार उनका बैंक खाता भारतीय स्टेट बैंक मे पत्नी सुनिता पाठक के साथ है। आरोप है कि बीते 18 अक्टूबर 23 से 18 नवम्बर 23 के बीच साइबर जालसाजों ने उनके बैंक खाते से एक लाख अडतालिस हजार रुपये पार कर दिया। जिसकी जानकारी करने पर उन्हें पता चला कि उनके खाते का पैसा ठाकुर इन्टरप्राइजेज, आयन इन्टरप्राइजेज, सिंह टेक्सटाइल, के खाते में गया है। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने साइबर सेल सहित स्थानीय थाने में पुलिस से करी है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी कैलाश दूबे के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर आईटी एक्ट की धारा में जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया गया है।

### खड़ी कार में मिला पशु अधिकारी का शव

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** बक्शी का तालाब थाना क्षेत्र में रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ-सीतापुर रोड पर एक कार के अंदर मिले युवक के शव की कुछ ही घंटे में शिनाख्त कर ली गई। युवक हरदोई में तैनात पशु अधिकारी के रूप में की है। थाना प्रभारी राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ-सीतापुर रोड स्थित बड़ी बाजार के सामने कार में औंधे मुंह एक युवक पड़ा हुआ है। क्षेत्रीय लोगों की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक की शिनाख्त के लिए तलाशी ली गई। जेब से मिले आधार कार्ड से युवक की पहचान इंदिरानगर के पटेल नगर योजना सेक्टर-आठ विमल कुमार सिंह (44) के रूप में की। वह हरदोई में पशु अधिकारी के रूप में तैनात था। घटना की जानकारी परिवार के लोगों को देते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### महाशिवरात्रि पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

**लखनऊ।** पं. दीन दयाल उपाध्याय साहित्यिक सेवा संस्थान के तत्वावधान में आगामी 8 मार्च को महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में दिल्ली के ख्यातिप्राप्त साहित्यकार गौरव चौहान को पं. दूधनाथ शर्मा श्रीश सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

## पूरे प्रदेश में हुई बारिश ने बढ़ाई किसानों की परेशानी

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** पूरे प्रदेश में बारिश ने किसानों की परेशानियां बढ़ा दी है। प्रदेश में लखनऊ समेत कई जगह ओले भी पड़े। इसके साथ ही शनिवार से ही बादल के कारण रबी की फसलों को काफी नुकसान पहुंचने का अंदेशा लगाया जा रहा है। इस बारिश के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की गयी। गाजीपुर के प्रगतिशील किसान पंकज राय का कहना है कि इस मौसम में कई बार बारिश हो गयी, जिससे रबी की फसलों पर दुष्प्रभाव पड़ चुका है। विशेषकर दलहन और तिलहन तो पहले ही खराब होने के कगार पर हैं। इस बारिश के कारण बिल्कुल ही समाप्त प्राय हो जाएगा। सब्जियों पर भी इसका खराब असर पड़ेगा। वहीं आम के बौर भी बरबाद हो जाएंगे।

सुलतानपुर जिले के प्रगतिशील किसान राम कीरत मिश्र ने कहा कि खेती के लिए बहुत ही नुकसानदायक है। इससे रबी की सभी फसलों को नुकसान होगा। अब मौसम साफ हो तो किसानों को इसके बचाव के लिए उपाय करना चाहिए। बचाव का उपाय करने से भी सब कुछ तो नहीं बचाया जा सकता, लेकिन कुछ तो बच सकता है। जहां भी ओले गिरे, वहां तो सबकुछ बर्बाद हो जाने की संभावना है। वहीं जिला उद्यान अधिकारी डा. शैलेन्द्र दुबे का कहना है कि किसानों को सावधानी से काम लेना चाहिए। केले की फसल अभी छोटे हैं, लेकिन जहां भी ओले गिरे, वहां उसे भी नुकसान पहुंचेगा।

हरी मिर्च को भी नुकसान होगा। मौसम साफ होते ही फसलों पर दवाओं का इस्तेमाल करना चाहिए। यह बता दें कि लखनऊ, कानपुर, बांदा, सहारनपुर आदि जिलों में ओले गिरने की खबर है। बारिश और हवाओं से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बारिश के साथ प्रदेश के कई जिलों में 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चलीं। प्रदेश के अधिकतर इलाकों में तीन से चार डिग्री तक की गिरावट अधिकतम तापमान में दर्ज की गई। ओलावृष्टि, बारिश, गरज चमक और बिजली गिरने के आसार हैं।

### जनहानि से सीएम योगी दुखी, आर्थिक सहायता के निर्देश

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आकाशीय बिजली से हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत व्यक्तियों के परिजनों को 04-04 लाख रुपये की आर्थिक सहायता तत्काल उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने राहत कार्यों को तेजी से संचालित करने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि सम्बन्धित जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि आकाशीय बिजली, ओलावृष्टि, तेज बारिश, आंधी-तूफान आदि आपदाओं से पशु हानि, मकान क्षति के मामलों में प्रभावितों को अनुमन्य आर्थिक सहायता अविलम्ब प्रदान की जाए। फसलों को हुए नुकसान का तत्काल आकलन करते हुए शासन को आख्या उपलब्ध करायी जाए। राहत आयुक्त कार्यालय की रिपोर्ट के अनुसार आकाशीय बिजली से लखीमपुर खीरी, हरदोई, सीतापुर, शाहजहांपुर जनपदों में 01-01 जनहानि, जनपद आगरा में 01 पशु हानि तथा अतिवृष्टि से जनपद मथुरा में 01 मकान गिरने की सूचना प्राप्त हुई है। जनपद सहारनपुर में आकाशीय बिजली से आंशिक मकान क्षतिग्रस्त होने की सूचना भी प्राप्त हुई है।

### फसलों के नुकसान का सर्वे करा रही सरकार

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ओलावृष्टि व बारिश के कारण सरसो, मटर, मसूर, गेहूं, चना आदि फसलों के नुकसान का लगातार सर्वे करा रही है। 19 से 28 फरवरी तक के बीच छह जनपदों के 150 से अधिक गांवों में 33 फीसदी से अधिक फसलों की क्षति का आकलन किया गया है। इस आकलन में बांदा जनपद के पैलानी तहसील के 13 गांवों में 45 फीसदी से अधिक और बबेरू तहसील के तीन गांवों में 33 प्रतिशत से अधिक की क्षति का आकलन हुआ है। इस अवधि (19 से 28 फरवरी) की बारिश के बाद भी होने वाले नुकसान का योगी सरकार आकलन करा रही है।

## मानसरोवर ज्योतिर्लिंग मंदिर में काँवरियो के लिए खान-पान व हेल्थ कैंप

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** कानपुर रोड स्थित बाराविरवा स्थित एलडीए मार्केट श्री मानसरोवर ज्योतिर्लिंग मंदिर में व्यापारियों द्वारा काँवरियों के लिए खानपान जलपान एवं चिकित्सकीय सुविधा देने के लिए 6 दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया है। कैंप का शुभारम्भ आलमबाग परिक्षेत्र व्यापार मंडल के अध्यक्ष रामकुमार वर्मा ने रविवार को किया। इस दौरान मानसरोवर व्यापार मंडल अध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव, संरक्षक बृजेश सिंह, महामंत्री महेश चौरसिया सहित संजय सिंह व अन्य व्यापरिगण उपस्थित रहे। मानसरोवर व्यापार मंडल के अध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव ने कहा कि हर बर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवरात्रि तक चलने वाले इस कैंप में कांवरियों के लिए फल पानी चाय बिस्किट सहित प्राथमिक उपचार हेतु दवावों की व्यवस्था की गई है। कैंप का शुभारंभ कर व्यापारियों ने जमकर हर हर महादेव के जयकारे लगाये।

## 'अपराध मुक्ति के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी'



**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि अपराध मुक्त समाज बनाने का कार्य जो संस्था के द्वारा किया जा रहा है। वह बहुत ही प्रशंसनीय है। समिति मानव जाति की कल्याण एवं राष्ट्र के विकास के लिए सदैव समर्पित रही है। उन्होंने कारागार में बंदियो के कल्याण मुक्त बंदी निराश्रित महिलाएं एवं असहाय बच्चों के पुनर्वास एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए जेल मंत्री तथा सरकार से समिति की बात रखने का आश्वासन दिया। ताकि सरकार की समस्त योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को मिल सके। श्री पाठक उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के 86वां वार्षिक अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर न्यायमूर्ति सुधीर कुमार सक्सेना कहा कि नैसर्गिक न्याय के तहत समाज को जागरूक करना होगा। ताकि लोग अपराध की तरफ न बढ़े और समाज अपराध मुक्त रहे। उप्र अपराध निरोधक समिति के अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि इस समिति की स्थापना सन 1938 में हुई थी। समिति लगातार 86 वर्षों से अपराध मुक्त समाज की स्थापना के लिए कार्य कर रही है। जातिए धर्म संप्रदाय के भेदभाव मूलक बंधन से स्वयं को अछूता रखते हुए सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के साथ निस्स्वार्थ भाव से कार्य कर रही है। इ. हरि किशोर तिवारी प्रदेश अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने कहा कि आजकल साइबर क्राइम बहुत चल रहा है। इस पर सरकार और समिति को समन्वय के साथ जागरूकता अभियान चलाने होंगे। एसपी मिश्रा सेनानी एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि समाज को अपराध मुक्त करने के लिए हमें टीम भावना से हर मंडल हर जिले हर गांव में जागरूकता अभियान के तहत सेमिनार आयोजित करने होंगे। जब समाज जागरूक होगा तो अवश्य ही अपराध मुक्त समाज होगा। सेवानिवृत्ति आईएएस अधिकारी आरएस वर्मा ने संस्था के आए हुए सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को हर प्रकार की हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर सेवा पथ पत्रिका का विमोचन समस्त अतिथियों द्वारा किसान गया। यह पत्रिका समाज को एक नई दिशा देने में सहायक होगी। कार्यक्रम का के सफल आयोजन में संतोष श्रीवास्तव प्रथमेश मिश्रा डॉ. संजय कुमार श्रीकृष्ण अवस्थी एवं समस्त जिलों से आए हुए पदाधिकारियों का सराहनीय योगदान रहा।

## वोट के सीजन में सनातन विरोधी भी राम-राम करने को मजबूर : दिनेश शर्मा

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** राज्यसभा सांसद और उत्तर प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा ने रविवार को यहां कहा कि वोट का सीजन राम और सनातन के विरोधियों को भी राम राम करने को मजबूर कर रहा है। राम भक्तों पर गोली चलवानें वाली समाजवादी पार्टी के नेता इटावा में मंदिर बनवा रहे हैं। आजकल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के माथे पर चन्दन है पर दिल में क्रन्दन है कि जनता क्यों कर रही मोदी का वंदन है। राजधानी लखनऊ के विश्वेश्वरैया सभागार में आयोजित विशाल ब्राह्मण महाकुंभ में डा. दिनेश शर्मा ने कहा कि कांग्रेस और उनके सहयोगी सनातन का लगातार अपमान कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि कांग्रेस के संरक्षण में सनातन के अपमान की उसके सहयोगियों के बीच एक प्रतिस्पर्धा सी चल रही है। कांग्रेस खुद ही राम के अस्तित्व पर सवाल उठा चुकी है और उसके सबसे धनिष्ठ सहयोगी डीएमके के बडे नेता सनातन की तुलना कोरोना जैसी महामारी से करते हैं तथा इसे समाप्त करने की बात करते हैं। कांग्रेस के दूसरे सहयोगी सपा के लोग तो हिन्दू धर्म को धोखा ही कहने लगे थे। विपक्ष की इन टिप्पणियों को घटिया बताते हुए उन्होंने कहा कि कोई सनातन को समाप्त नहीं कर सकता है। सनातन का अर्थ ही राष्ट्र को जोडने से है। अब जब जनता ने तय कर लिया है कि जो राम को लाए है हम उनको ही लाएगें इसके बाद मंदिर निर्माण का विरोध करने वाले भगवान राम के दर्शन करने पहुच रहे हैं। ऐसे लोग ध्यान रखे कि जो राम , सनातन और देश का नहीं हो सकता है वह इस देश की जनता का भी नहीं हो सकता है। जो देश की जनता का नहीं हो सकता उसे सत्ता में आने का अधिकार नहीं है। इस देश की सेवा का अधिकार उसे ही है जो भगवान राम की सेवा करें। प्रधानमंत्री ने ही समाज की भव्य राम मंदिर की भावना को साकार स्वरूप दिय है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री कहते हैं कि देश में गरीब, महिला, किसान और युवा चार ही जातियां है तथा इनके सशक्तीकरण के लिए कार्य करना है।

## 'वन्य जीवों के बिना हमारा जीवन अधूरा'

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** लखनऊ के नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान के सारस प्रेक्षागृह में रविवार को विश्व वन्यजीव दिवस- 2024 का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए वन मंत्री डा. अरूण कुमार सक्सेना ने कहा कि हमें अपनी प्राकृतिक संपदा को संरक्षित करने के लिए जुटना होगा, क्योंकि वन्य जीवों के बिना हमारा जीवन अधूरा है। इसलिए हम सभी वन्य जीवों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए संकल्प लें और उनके संरक्षण में अपना योगदान दें।

वन मंत्री ने कहा कि आज का दिन हमें धरती पर मौजूद अद्भुत वन्य जीवों के महत्व को याद दिलाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हम सभी इस पृथ्वी के सहयोगी हैं और इसका हमारे वन्य जीवों के साथ एक संवाद और समर्थन निभाने का दायित्व है। हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम सभी मिलकर वन्य जीवों के लिए एक सुरक्षित और स्थिर भविष्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। डा.अरूण कुमार सक्सेना ने सारस प्रेक्षागृह के सामने लगाये गये स्टॉलों को अवलोकन किया गया। प्राणि उद्यान की निदेशक अदिति शर्मा ने सभी अतिथियों को स्वागत करते हुए विश्व वन्यजीव दिवस से सम्बन्धित संक्षिप्त विवरण दिया। अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मनोज सिंह ने कहा कि वन्यजीव इसलिए जरूरी हैं क्योंकि यह हमें एक स्वस्थ पारिस्थितिकीय तंत्र देता है। आज विश्व में 10 मिलियन वन्य जीवों की प्रजातियाँ हैं। जो प्रजातियाँ विलुप्त होने की कगार पर हैं हमें उन्हें बचाने हेतु आवष्यक एवं कड़े कदम उठाने होंगे। प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा ने कहा कि हमारे देश एवं प्रदेश में टाइगर एवं लेपर्ड की संख्या में वृद्धि हुई है।

उन्होंने कहा कि हमारा टेक्नोलॉजी के साथ चलना अत्यन्त आवष्यक है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी तकनीकी विकसित करनी होगी जिससे मानव वन्य जीव संघर्श को समाप्त किया जा सके। प्राणी उद्यान में कार्यरत 25 कर्मचारियों को अच्छा कार्य करने हेतु प्रति कर्मचारी को रू0 1000 नकद पुरूस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# यूपी में जल्द शुरू होने जा रहा युवा उद्यमी विकास अभियान

● हर साल एक लाख युवाओं को स्टार्टअप शुरू करने के लिए 5 लाख ब्याजमुक्त ऋण देगी सरकार
● 10 साल में उप्र में 10 लाख युवा उद्यमियों को तैयार करने का है लक्ष्य

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जल्द ही प्रदेश में महत्वाकांक्षी योजना 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' शुरू करने जा रही है। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (स्स्स्श्व) विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द पूरी कार्ययोजना तैयार कर उनके समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। प्रदेश के युवाओं में आंत्रप्रेन्योरशिप (उद्यमशीलता) को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार इस योजना के जरिए प्रति वर्ष एक लाख युवा उद्यमियों को तैयार करेगी। इसके लिए सरकार की ओर से पांच लाख तक की परियोजनाओं के लिए ब्याजमुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा। योगी सरकार ने बजट 2024-25 में इस योजना के लिए एक हजार करोड़ रुपये का प्रावधान भी कर दिया है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता का कहना है कि प्रदेश के शिक्षित व प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और नए एमएसएमई की स्थापना के साथ ही ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रोजगार सृजन के उद्देश्य से

## संक्षिप्त समाचार

### किशोरी से छेड़खानी में युवक गिरफ्तार

**भरुआ सुमेरपुर।** घर से पशुबाड़े जा रही किशोरी को युवक ने रास्ते में रोककर छेड़खानी शुरू कर दी। किशोरी के शोर मचाने पर युवक धमकी देकर फरार हो गया। किशोरी की मां ने मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र के एक गांव निवासी विधवा ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री घर से पशुबाड़े जा रही थी। तभी रास्ते में गांव निवासी कन्हैया ने रोक लिया और छेड़खानी शुरू कर दी। पुत्री के शोर मचाने पर धमकी देकर मौके से फरार हो गया पुलिस ने छेड़खानी पासको एक्ट में मुकदमा दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार करके न्यायालय भेजा है।

### बारिश से त्राहिमाम कर उठा किसान

**भरुआ सुमेरपुर।** बीती रात हुई जोरदार बारिश से किसानों की कमर टूट गई है। बारिश ने पकी खडी एवं खेतों में कटी पड़ी मटर, मसूर, सरसों की फसलों को तगड़ा नुकसान पहुंचाया है। किसानों ने कहा कि बारिश ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। बारिश से सर्वाधिक नुकसान मटर, मसूर, सरसों में हुआ है। इन फसलों की कटाई पूरे क्षेत्र में जारी है। पानी से कटी फसलें भीगकर बुरी तरह से बर्बाद हुई है। इनमे जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। साथ ही चना फफूंद कर काला हो गया है। किसान परशुराम, सुरेश कुमार, राजकुमार, राजू यादव, धनीराम साहू आदि ने बताया कि इस बारिश से किसी तरह का कोई फायदा नहीं है। बारिश ने चारों तरफ तबाही की इबारत लिखी है। किसानों का कहना है कि सरकारी तंत्र इसको नुकसान नहीं मान रहा है इससे मुआवजा मिलने की उम्मीद नहीं है।

### बिना परमिशन जमीन बेचना पड़ा महंगा

**फर्रुखाबाद।** ब्लॉक बढ़पुर के गांव अमेठी कोहना में 750/538 गाटा संख्या की भूमि सागर जाटव के नाम दर्ज है जिसको जिलाधिकारी की अनुमति के बिना महेश सिंह पुत्र अंगद सिंह को व गंगा देवी पत्नी महेश सिंह को बैनामा कर दिया था महेश सिंह ने बगल में 540 नंबर की विजय भारद्वाज की भूमि पर भी जबरन कब्जा करने की कोशिश की जिसका विरोध करते हुए उनके अधिवक्ता पति राजेंद्र भारद्वाज ने एसडीएम कार्यालय में मुकदमा दायर किया जिसमें एसडीएम सदर ने 750/ 538 कृषि भूमि को बिना डीएम के परमिशन के बैनामा सागर जाटव की उक्त भूमि को राजस्व संहिता की धारा 104,105 के अंतर्गत राज्य सरकार में निहित करने को तहसीलदार को आदेश दिया है। राजेंद्र भारद्वाज द्वारा अवैध कब्जा करने वाले महेश सिंह व गंगा देवी के विरुद्ध थाना कादरी गेट मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना भी प्रचलित है।

### छात्र-छात्राओं को कराई गई चिड़ियाघर की सैर

**भरुआ सुमेरपुर।** वन विभाग की पहल पर पर्यावरण जागरूकता हेतु कस्बे में संचालित बीपीएम एजुकेशन सेंटर के छात्र-छात्राओं को एक दिवसीय भ्रमण पर कानपुर के चिड़ियाघर भेजा गया। छात्र छात्राओं के वाहन को ब्लॉक प्रमुख एवं वन क्षेत्राधिकारी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्र छात्राओं में पर्यावरण जागरूकता के साथ जीव जंतुओं की जानकारी पैदा करने के उद्देश्य से वन विभाग की पहल पर कस्बे में संचालित बीपीएम एजुकेशन सेंटर के छात्र-छात्राओं को एकदिवसीय भ्रमण पर कानपुर के चिड़ियाघर भेजा गया। छात्र छात्राओं की बस को ब्लॉक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव एवं वन क्षेत्राधिकारी इफ्तिखार खान ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि यह विभाग की अच्छी पहल है। इससे छात्र छात्राओं को पर्यावरण के साथ जीव जंतुओं के बारे में जानकारी हासिल होगी। इस मौके पर वन दरोगा जितेंद्र प्रताप सिंह, वनरक्षक मनोज कुमार, रामगोपाल के अलावा विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### प्रोजेक्ट अलंकारः शिलान्यास का अनावरण

**हमीरपुर।** रविवार को प्रोजेक्ट अलंकार के योजनान्तर्गत राजकीय विद्यालयों में अवस्थाना सुविधाएं एवं पुनर्निर्माण व जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों से किये जाने पर एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में 30 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में छह पैरामीटर पर आधारित स्थापना सुविधाओं एवं पुनर्निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया। तत्पश्चात राजकीय जुबली इंटर कॉलेज गोरखपुर के प्रांगण से मुख्यमंत्री के संबोधन और शिलान्यास कार्यक्रम को प्रसारित किया गया। इसके उपरांत सदर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति द्वारा जनपद के 30 राजकीय विद्यालयों में प्रोजेक्ट अलंकार के तहत शिलान्यास का अनावरण किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने शिक्षा के महत्व और संस्थाओं के सुंदरीकरण के सह संबंध को बताया। उसके बाद सदर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति ने विद्यालयों के विकास में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों को उपयोगी बताते हुये शिक्षा संस्थानों के प्रमुखों से आग्रह किया कि शिक्षा की अलख को जन-जन तक पहुंचाया जाए। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख जयनरायन सिंह यादव, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी रामशंकर पटेल सहित प्रधानाचार्य शिक्षक आदि रहे। संचालन विज्ञान क्लब के प्रभारी द्वारा किया गया।

### भटके युवक को पुलिस ने किया परिजनों के सुपुर्द

**भरुआ सुमेरपुर।** तीन दिन पूर्व मध्य प्रदेश के पन्ना से लापता हुए मानसिक विक्षिप्त युवक को पुलिस ने बांकी मार्ग से बरामद करके परिजनों के सुपुर्द किया है। तीन दिन पूर्व मध्य प्रदेश के पन्ना जनपद के धरमपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अमरसी निवासी नबी पुत्र शमसुद्दीन घर से लापता हो गया था। शनिवार को यह डायल 112 की टीम को कस्बे के बांकी मार्ग में टहलता मिला। जिसे पुलिस ने थाने में पहुंचाया और परिजनों को सूचित करके थाने बुलाया। रविवार को पुलिस ने पिता के सुपुर्द किया है।

### भाजपाईयों ने बांटे मोदी की गारंटी वाले पत्रक

**कानपुर।** भाजपा राष्ट्रीय स्तर पर 1 मार्च से लाभार्थी संपर्क अभियान चला रही है। इसके तहत पार्टी के राष्ट्रीय से लेकर बूथ स्तर के पदाधिकारी लाभार्थियों से संपर्क कर उन्हें सरकार की योजनाओं की जानकारी दे रहे है। रविवार को भाजपा ने साउथ मे सूची के अनुसार लाभार्थियों से संपर्क किया और उन्हें भाजपाई पट्टिका पहना उन्हें सम्मानित किया। लाभार्थियों ने मोदी-योगी सरकार की योजनाओं को सराहा और कहा कि जबसे मोदी सरकार आई है उनके जीवन स्तर मे काफी सुधार आया है। भाजपाइयों ने घर घर जाकर लाभार्थियों की समृद्धि-मोदी की गारंटी के स्टीकर घर घर चस्पा किए। भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि हम जितने लाभार्थियों से मिलेंगे पार्टी उतना ही मजबूत होगी और पिछले चुनाव से ज्यादा इस बार मत पाने में सफल होंगे। इस दौरान मंडल अध्यक्ष गौरव तिवारी, भाजपा पार्षद दल नेता नवीन पंडित, प्रकाश वीर आर्य, मनोज पाल, आयुष दीक्षित, मंजू कठेरिया आदि रहे।

### 4 साल की मासूम बनी हवस का शिकार

**कानपुर।** महाराजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में पड़ोस के रहने वाले किशोर ने चार वर्षीय मासूम संग दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घर पहुंचकर मासूम ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। महाराजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि पड़ोस में रहने वाले लड़के ने घर के बाहर खेल रही उनकी चार वर्षीय पुत्री को लालच देकर फुसलाया और फिर अपने घर में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। बेटी रोते हुए घर में पहुंची और परिजनों से पूरी बात बताई। मामले में एसओ महाराजपुर सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# अपहरण.. एनकाउंटर और मां की गोद में लौटा 'कार्तिक'

## 'ऑपरेशन त्रिनेत्र' की बड़ी कामयाबी, 8 दिन बाद मां की गोद में लौटा दो साल का बेटा

- 18 साल से सूनी बहन की गोद भरने की खातिर किया था जरायम

**आशुतोष मिश्र 'रुद्र'**

**कानपुर ( स्पष्ट आवाज )।** औलाद की खातिर आज का इंसान कितना निर्मोही हो सकता है कि दूसरे के जिगर के टुकड़े को छीन लिया। थाना फीलखाना अंतर्गत 24 फरवरी को कुछ ऐसी ही वारदात को अपराधियों ने अंजाम दिया। 18 साल से अपनी बहन की गोद नहीं भरी थी तो दो साल के बच्चे का अपहरण कर लिया। उन्हें लगा कि शायद अब बहन की गोद भर जाएगी। उधर, जिगर का टुकड़ा गायब होने से परेशान मां और पूरा परिवार छाती पीट कर रह गया।

अपराधियों को शायद इल्म नहीं था कि तेज-तर्रार आईपीएस पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की टीम और 'ऑपरेशन त्रिनेत्र' से नजर से बच नहीं पाएंगे। बच्चे की तलाश में जुटी टीम ने शनिवार की देर रात अपहरण में शामिल दोनों अपराधियों को एनकाउंटर (जवाबी कार्यवाही) में घायल करके बच्चे को सुरक्षित बरामद कर लिया। बच्चे को गोद में वापस पाकर मां की आंखों से निकल रहे खुशी आंसू 'ऑपरेशन त्रिनेत्र' की सफलता बयां कर रहे थे।

रविवार सुबह पुलिस कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में डीसीपी क्राइम आशीष श्रीवास्तव और एसीपी कोतवाली अर्चना सिंह ने बताया कि 24 फरवरी को फूलबाग फलमंडी से दो वर्षीय बच्चे कार्तिक का अपहरण हो गया था। मामले के खुलासे के लिए क्राइम ब्रांच समेत चार टीमें गठित की गईं। करीब 600 सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए तो अपहरणकर्ताओं का सुराग मिला। इसके बाद भगवतदास घाट के पास से अपहरणकर्ताओं की घेराबंदी करके गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ में दोनों अपहरणकर्ताओं में से एक ने अपना नाम किदवई नगर निवासी रज्जन और दूसरे ने बाबूपुरवा निवासी पंकज गुप्ता बताया। पुलिस दोनों का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है। डीसीपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान सामने आया कि अपहरणकर्ता रज्जन के पिता रामभजन श्रम विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। उनके दो बेटे हैं। बड़ी बेटी पूनम की शादी वर्ष 2006 में आजमगढ़ में हुई थी। शादी के बाद से अब तक पूनम के कोई संतान नहीं थी। बताया कि ससुराल के लोग उसे आए दिन मारपीट करते और ताना देते थे।

पूनम ने अपने भाई रज्जन से कहा था कि उसे कोई बच्चा गोद मिल जाए तो वह मुंह मांगा पैसा देगी। रुपयों के लालच में आकर रज्जन ने अपने दोस्त पंकज गुप्ता के साथ किसी बच्चे के अपहरण करने की योजना तैयार की। इसी योजना के तहत रज्जन और पंकज पैशन प्लस बाइक से बच्चे की तलाश कर रहे थे कि फीलखाना थाना क्षेत्र स्थित फूलबाग में उसे कार्तिक दिखाई पड़ गया। 24 फरवरी को कार्तिक का अपहरण कर लिया गया था। पुलिस के अनुसार कार्तिक ले जाने के दौरान रो रहा था लिहाजा दोनों ने ले जाकर उसे बहन नीतू उर्फ पुत्तन को दे दिया।

पुलिस ने इस अपहरण कांड में रज्जन की बहन नीतू को भी आरोपी बनाया है। अपहरण के बाद से ही नीतू के पास कार्तिक था। डीसीपी क्राइम आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि अपहरण कांड के खुलासे में पुलिस को नौ दिन का समय लगा। खुलासे के लिए क्राइम ब्रांच और डीसीपी पूर्वी दोनों की टीम से करीब 60 पुलिसकर्मी को इस जांच में लगाया गया था। पुलिस ने घटना स्थल से लेकर बच्चों को बरामदगी तक के लिए करीब 600 सीसीटीवी फुटेज को खंगाला तब जाकर जूही चौराहे पर एक सीसीटीवी फुटेज मिला। जिसमें बच्चे को ले जाते हुए देखा गया था। पुलिस ने बाइक ट्रेस की तो बाइक रामभजन की निकली। रामभजन को ट्रेस करने पर रज्जन का पता चल गया और पुलिस ने अपहरण की गुत्थी सुलझा ली। उन्होंने बताया कि पूछताछ में दोनों ने बताया कि खुद को हर तरफ से घिरता देख रज्जन और पंकज भागने की फिराक में और भगवतदास घाट की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मुठभेड़ हो गई। डीसीपी ने बताया कि सोशल मीडिया में कार्तिक के अपहरण को लेकर मामला गर्म बना हुआ था। जिसके बाद दोनों अपहरणकर्ता बच्चे को ठिकाने लगने की योजना बना रहे थे। लेकिन इससे पहले बच्चे को पुलिस ने दबोच लिया।

पुलिस महानिदेशक ने टीम को दो लाख रुपये पुरस्कार घोषित किया है। आरोपियों के पास से दो तमंचे, तीन कारतूस, एक बाइक, पांच मोबाइल फोन, 1250 रुपये नकद बरामद हुए हैं। अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार करने वाली टीम में फीलखाना प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र प्रताप सिंह, सर्विलांस प्रभारी अंजनी कुमार पांडेय, स्वाट प्रभारी जनार्दन यादव शामिल रहे।

### 4.5 लाख में बच्चा खरीदकर लाये हैं...

रज्जन ने बताया कि उसने बड़ी बहन पूनम जिनके पास कोई बच्चा नहीं था यह कहकर दे दिया कि उन लोगों ने बच्चे को सीमा देवी जो फतेहपुर की रहने वाली हैं उनसे 4.5 लाख रुपये में खरीदा है। बहन को विश्वास दिलाने के लिये एक फर्जी शपथ पत्र सीमा देवी के नाम का बनाकर भी दिया था तथा अपनी बडी बहन से आधा पैसा ले चुके हैं।

### हैट्स ऑफ फॉर 'ऑपरेशन त्रिनेत्र'

कानपुर। किसी भी मिशन की सफलता के लिए 'विजन' बहुत जरूरी है। सीपी अखिल कुमार ने कानपुर में चार्ज संभालने के बाद शुरुआत में ही 'ऑपरेशन त्रिनेत्र' जैसे मिशन पर जोर दिया था। समय जरूर लगा, लेकिन कामयाबी सामने नजर आ रही है। पूरे शहर में सीसीटीवी कैमरों की डेन्स नेटवर्किंग, थाना स्तर पर हर कैमरे की मैपिंग की जो कवायद चल रही है। उसी का नतीजा है कि फीलखाना थाना में हुई अपहरण जैसी घटना का खुलासा हो गया। अभी तो यह शुरुआत है। अगर 'ऑपरेशन त्रिनेत्र' में पुलिस कमिश्नरेट की पूरी टीम सीपी की गाइडलाइंस पर काम करती रही तो कानपुर में क्राइम ग्राफ नीचे आने में देर नहीं लगेगी। बशर्ते हर थाना प्रभारी और चौकी इंचार्ज सीपी के निर्देशों का सही से पालन करता रहे।

**रडार पर 'लापरवाह' थानेदार ...**

ऑपरेशन त्रिनेत्र सिर्फ अपराधियों पर नजर नहीं रख रहा है, बल्कि लापरवाह और गैर जिम्मेदार भी रडार ओर हैं। 141 पुलिसकर्मियों के खिलाफ हुए एक्शन के बावजूद तमाम थानेदारों की 'मठाधीशी' कम नहीं हो रही। डिपार्टमेंट के विश्वस्त सूत्रों के हवाले से यह भी पता चला है कि ऐसे थाना प्रभारियों पर भी टॉप अफसरों की नजर है, जो 'ऑपरेशन त्रिनेत्र' में फिलहाल दिलचस्पी कम दिखा रहे हैं। 10 मार्च के बाद इसका साइड इफेक्ट सामने आने की उम्मीद है। लापरवाहों का लूप लाइन में जाना लगभग तय है। वहीं, यंग ब्लड तेज-तर्रार डबल स्टार (एसआई) होली से पहले थानेदारी संभालने का मौका हासिल कर सकते हैं।

## वोटर्स को जगाने दौड़ी 'एक्सप्रेस वैन'

**कानुपर ( स्पष्ट आवाज )।** एक्सप्रेस वैन को आगामी लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता के लिए जिलाधिकारी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर जनपद के कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर चलाया गया। सर्व प्रथम एक्सप्रेस वैन विधान सभा 214-आर्य नगर, 213-सीसामऊ, 211-कल्याणपुर, 212- गोविन्द नगर, 215- किदवई नगर, 216-कानपुर नगर, एवं 217-महराजपुर में भ्रमण करेगी। एक्सप्रेस वैन 217-महराजपुर विधान सभा में भ्रमण करने के पश्चात जनपद रायबरेली को आज सायं प्रस्थान करेगी। मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन के रवानगी के समय अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी नोडल अधिकारी स्वीप सूरज यादव, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी कमल किशोर सहित जनपद के समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सिविल डिफेन्स तथा जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी उपस्थित रहे।

### शादी से इनकार पर दी जान

**कानपुर।** गोविंद नगर निवासी आशुतोष मंडल का घर पर ही क्लीनिक है। परिवार में पत्नी अनन्या मंडल, बड़ा बेटा आकाश मंडल (26), छोटा बेटा अर्गव ज्योति मंडल रहते थे। आकाश मंडल ने कोलकाता में रहकर ग्रेजुएशन तक की पढ़ाई की है। इसके बाद कानपुर में आकर रामा डेंटल कॉलेज से डी फार्मा का कोर्स किया। कोलकाता में रहने के दौरान ही आकाश का एक लड़की से प्रेम संबंध हो गए। परिजनों ने बताया कि पिछले सात साल से आकाश उस लड़की के संपर्क में था, लेकिन अब लड़की ने शादी से इनकार कर दिया। जिससे वह काफी समय से परेशान था, इस कारण ही उसने आत्महत्या कर ली।

## '4018' लकी नम्बर और 'प्रिया' लकी स्कूटर

### काली कमाई में अंधविश्वास का सहारा लेता रहा टोबैको कम्पनी मालिक

**कानपुर ( स्पष्ट आवाज )।** तंबाकू व्यापारी के घर पर आयकर विभाग की छापेमारी तीसरे दिन भी जारी है। बता दें कि बंसीधर तंबाकू कंपनी के मालिक केके मिश्रा के दिल्ली में बंगले पर मिली करोड़ों की गाड़ियां देखकर अधिकारी हैरान रह गए थे, लेकिन गाड़ियों के साथ आयकर विभाग के अधिकारियों को एक प्रिया स्कूटर भी मिला है, जो वैसे तो कई साल पुराना है, लेकिन अभी तक सजाकर बेहतर ढंग से घर में रखा गया है। तंबाकू व्यापारी की जब 16 करोड़ की रोल्स रॉयस समेत अन्य लग्जरी गाड़ियों की तस्वीरें वायरल हुईं तो सबका ध्यान गाड़ियों में लिखे नंबर पर गया. सभी गाड़ियों का नंबर 4018 था, साथ ही पास खड़े स्कूटर का नंबर भी 4018 ही है। तंबाकू व्यापारी केके मिश्रा का बिजनेस जब अपने शुरुआती दौर में था तब उन्होंने ये प्रिया स्कूटर खरीदा था। जब से यह स्कूटर केके मिश्रा के घर में आया, तब से ही मानों उनका वक्त बदल गया। बिजनेस ने रफ्तार पकड़ ली और देखते ही देखते केके मिश्रा ने अपना साम्राज्य खड़ा कर लिया।

बता दें कि इनकम टैक्स विभाग ने तंबाकू कारोबारी के ठिकानों पर दिल्ली और कानपुर में एक साथ छापेमारी की है। इस दौरान 60 करोड़ की लग्जरी गाड़ियां बरामद हुई हैं। साढ़े 4 करोड़ रुपये कैश मिला है। इनकम टैक्स विभाग को तंबाकू कंपनी पर शक था कि अकाउंट में हेरफेर की जा रही है, इसलिए छापेमारी की गई।

## 'दवा' की जगह बेटी को दे दिया 'जहर'

- प्रेमी संग मां के अवैध सम्बन्ध का बना लिया था अश्लील वीडियो

**कानपुर ( स्पष्ट आवाज )।** काकादेव थानाक्षेत्र में किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। दरअसल किशोरी की जहर देकर हत्या की गई थी। हत्यारोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि किशोरी ने अपनी मां का किराएदार प्रेमी के साथ अश्लील वीडियो बना लिया था। अवैध संबंधों का खुलासा होने के डर से प्रेमी ने दवा की जगह जहर किशोरी की हत्या कर दी थी।

रविवार को मामले का खुलासा करते हुए डीसीपी सेंट्रल ने बताया कि विजय नगर निवासी एक महिला ने 19 फरवरी को काकादेव थाने में हत्या की एफआईआर दर्ज कराई थी। मुख्य आरोपी भोगांव, मैनपुरी निवासी किराएदार कमल मिश्रा समेत छह लोगों को एफआईआर में नामजद किया था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो सामने आया कि कमल मिश्रा के मृतक किशोरी की मां से किराए पर रहने के दौरान अवैध संबंध हो गए थे। बेटी ने अपनी मां और किराएदार कमल मिश्रा का अश्लील वीडियो बना लिया था। बात खुलने के डर से 16 फरवरी को कमल मिश्रा ने किशोरी की तबियत खराब होने पर उसे दवा का झांसा देकर पानी में जहर मिलाकर पिला दिया था। इसके बाद किशोरी की हालत बिगड़ी और मौत हो गई। मां ने ही मामले में तहरीर देकर अपने प्रेमी कमल मिश्रा समेत अन्य के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। डीसीपी ने बताया कि किशोरी की मौत का शायद कभी खुलासा नहीं होता, कि आखिर उसे जहर देकर मारा गया या फिर उसने खुद जहर खा लिया। लेकिन बेटी की मौत के बाद परिजन अंतिम संस्कार करके घर पहुंचे थे। किशोरी की मां घर की सफाई कर रही थी। इस दौरान कमल मिश्रा के कुर्ते से सल्फास की गोलियां मिली तो उन्हें संदेह हुआ। उन्होंने इसी आधार पर कमल मिश्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच में बेटी को जहर देकर मारने का खुलासा हुआ। बेटी को मां और कमल के संबंधों का पता चलने पर हत्याकांड को अंजाम दिया। जांच में अन्य आरोपियों की कोई भूमिका सामने नहीं आई है। काकादेव पुलिस ने हत्यारोपी कमल मिश्रा को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

## राष्ट्रीय महासचिव के स्वागत में सैलाब

**कानपुर ( स्पष्ट आवाज )।** वरूण यादव एडवोकेट को समाजवादी युवजन सभा प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव बनाये जाने पर कानपुर प्रथम आगमन पर गंगा बैराज में हज़ारों कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं का जन सैलाब समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मो. फहद द्वारा कानपुर नगर रावतपुर निवासी वरूण यादव एडवोकेट को प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव बनाये जाने पर कानपुर प्रथम आगमन पर गंगा बैराज में हज़ारों कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत के बाद यात्रा गंगा बैराज, कंपनी बाग, रावतपुर-स्टेशन, गीतानगर ,नमक फैक्ट्री चौराहा,छपेड़ा पुलिया-अशोक वाटिका वृंदावन गैलेक्सी पर खत्म हुआ। स्वागत कार्यक्रम में आर्यनगर विधायक अमिताभ बाजपेई नगर अध्यक्ष फ़ज़ल महमूद, पूर्व विधायक मुनीन्द्र शुक्ला, सतीश निगम, आकाश यादव आदि मौजूद रहे।

## मुसाफिरों को 'फीलगुड' कराएगा रेलवे का 'आर-वॉलेट'

**कानपुर ( स्पष्ट आवाज )।** सहायक वाणिज्य प्रबंधक रेलवे (एसीएम) संतोष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि रेल यात्रियों का समय न बर्बाद हो और उन्हें बेहतर सुविधा मिले। इसी मकसद से आर-वॉलेट से टिकट बुक करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। सेंट्रल स्टेशन पर इस व्यवस्था को काफी पसंद किया जा रहा है। यूटीएस एप के माध्यम से आर-वॉलेट से टिकट बुकिंग पर यात्रियों को किराए में तीन प्रतिशत की बचत होती है।

सेंट्रल स्टेशन के साथ संपूर्ण मंडल और स्टेशनों पर यह प्रक्रिया चालू है, जिसका प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। सेंट्रल पर एक टीम का गठन किया गया है। टीम के सदस्य इच्छुक यात्रियों को एप लोड कराकर इसकी पूरी जानकारी देती है। उन्होंने बताया वॉलेट से पैसों की बचत के साथ समय की बर्बादी भी नहीं होती है। टिकट लेने के लिए यात्रियों को लंबी लाइन में नहीं खड़ा होना पड़ता है।

ऐसे करें आर-वॉलेट से टिकट बुक

यूटीएस एप लोड कर आर-वॉलेट के माध्यम से टिकट बुकिंग के लिए यात्री अपनी यात्रा का विवरण चुने, इसके बाद आर-वॉलेट से भुगतान के मोड का चयन करें। एप्लिकेशन में आर-वॉलेट खाते के साथ पंजीकृत मोबाइल नंबर दर्ज करने का आप्शन आएगा। मोबाइल नंबर सत्यापित होने के बाद ओटीपी प्राप्त होगी। ओटीपी सत्यापन के बाद यात्री के आर-वॉलेट खाते से धनराशि का भुगतान हो जाएगा और टिकट प्रिंट हो जाएगा। वॉलेट से टिकट बुक करने के बाद यदि यात्री टिकट रद करता है तो धनराशि उसके वॉलेट खाते में आ जाएगी। इस वॉलेट से यात्रा टिकट, प्लेटफॉर्म टिकट, टिकट का नवीनीकरण बगैर रेलवे काउंटर पर लाइन लगाए प्राप्त किया जा सकता है।

## बेमौसम बरसात से रबी की फसलों को भारी नुकसान

**घाटमपुर ( स्पष्ट आवाज )।** बीते शुक्रवार की देर रात से इलाके में छिटपुट बारिश का सिलसिला शुरू हो गया था। जो शनिवार को रुक रुककर पूरे दिन जारी रहा। जबकि, शाम 5:00 बजे के बाद से अचानक मौसम का रुख और बिगड़ गया। जिसके चलते मध्यम दर्जे की बारिश भी हुई। वहीं देर रात चली हवाएं खेतों में खड़ी रबी की फसलों के लिए और घातक साबित हुई। किसानों ने बताया कि बारिश और हवा के चलते हजारों एकड़ गेहूं की फसल खेत में गिर गई है। उन्होंने बताया कि इस समय 70 फ़ीसदी फसल में दाने पड़ रहे हैं। जिसके चलते बालों का वजन बढ़ जाने से थोड़ी सी भी हवा गेहूं की फसल के लिए घातक है। वहीं, रविवार को भी दो-तीन बार बारिश हुई। इसके साथ ही कई स्थानों पर छिटपुट ओले भी गिरे। जिससे खेतों में पकी खड़ी लाही, सरसों, मटर की फसलों को नुकसान पहुंचा है। जबकि किसानों ने बताया कि बारिश और ओलावृष्टि से दलहनी फसलों को भी नुकसान हुआ है। बुजुर्ग किसानों ने बताया कि इस समय सिर्फ गेहूं की पिछैती फसल को छोड़कर अन्य सभी फसलों के लिए थोड़ी सी भी बारिश होना नुकसानदायक है।

इधर बारिश के चलते सर्दी का प्रकोप भी बढ़ गया है। जानकारों ने बताया कि अभी मौसम दो-चार दिन इसी तरह उतार चढ़ाव का रहेगा। बताया कि शिवरात्रि के बाद ही इसके साफ होने के आसार है।

## रेलवे अंडर पास का किसानों ने किया विरोध, पहुंचे विधायक

**भरुआ सुमेरपुर ( स्पष्ट आवाज )।** भीमसेन खैरार जंक्शन रेलवे ट्रैक पर सुमेरपुर यमुना साउथ बैंक के मध्य पढ़ने वाले रेलवे क्रॉसिंग में अंडरपास बनाए जाने का विरोध कर रहे हैं। शिकायत पर पहुंचे सदर विधायक ने रेलवे अधिकारियों समस्या निस्तारण के बाद ही कार्य कराने के निर्देश दिए।

मौजूदा समय में भीमसेन खैरार जंक्शन के मध्य दोहरीकरण का कार्य चल रहा है। जिसके चलते ज्यादातर रेलवे क्रॉसिंगों में अंडर पास बनाए जा रहे हैं। सुमेरपुर से यमुना साउथ बैंक के मध्य रेलवे क्रॉसिंग 40 व 41 में भी अंडरपास बनाना शुरू हो गए हैं। जिसका पत्योरा के निवासी अवधेश, विनय कुमार, भैयालाल मथुरा, भगवानदीन, श्रीराम, देशराज, अनिल कुमार, रंजीत आदि ने विरोध जताते हुए कहा कि इनके बनने से कई किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ेगा। इस पर ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए सदर विधायक से शिकायत की थी। इस पर रविवार को सदर विधायक डॉ.मनोज कुमार प्रजापति, ब्लॉक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव के साथ पहुंचे और रेलवे अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को हल करने के बाद ही आगे का निर्माण कराया जाये। किसानों की मांग है कि क्रॉसिंग नंबर 40 में पत्योरा की ओर जाने वाले रास्ते में एक कट होना चाहिए। जबकि 41 नंबर क्रॉसिंग में तीव्र मोड़ है। उसे सीधा किया जाए। इस दौरान रेलवे के अधिशाषी अभियंता केके पांडेय, सहायक अभियंता अमित कुमार आदि रहे।

## पर्यटन विभाग की संस्तुति पर शुरू हुआ मंदिर का जीर्णोद्धार

**भरुआ सुमेरपुर ( स्पष्ट आवाज )।** पर्यटन विभाग की संस्तुति पर ऐतिहासिक एवं धार्मिक धरोहरों को संरक्षित करने के लिए शासन ने देवगांव की कामाख्या मंदिर के जीणोद्धार के लिए एक करोड़ 11 लाख की स्वीकृत प्रदान की है। निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए शासन ने कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड को 50 लाख की धनराशि अवमुक्त की है। रविवार को कार्यदायी संस्था ने सदर विधायक के हाथों भूमि पूजन कराकर निर्माण कार्य शुरू कराया है। क्षेत्र के देवगांव में स्थित कामाख्या मंदिर का ऐतिहासिक महत्व है। चंदेल कालीन राजाओं के समय इस स्थान की खोज हुई थी और उनके शासनकाल में मंदिर के साथ तालाब का निर्माण कराया गया था। तब से यह मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र है। पर्यटन विभाग ने इसकी जीर्णोधार की रिपोर्ट तैयार करके शासन को भेजी थी। शासन ने मंदिर के निर्माण के लिए एक करोड़ 11 लाख की स्वीकृत प्रदान करके कार्यदायी संस्था को निर्माण शुरू करने के लिए 50 लाख की धनराशि अवमुक्त की है। रविवार को सदर विधायक डॉ मनोज कुमार प्रजापति, ब्लॉक प्रमुख जयनारायन सिंह यादव, ग्राम प्रधान जितेंद्र खरे ने मंदिर प्रांगण में भूमि पूजन करके कार्य का शुभारंभ कराया। इस मौके पर मंदिर के महंत स्वेतानंद पुरी महाराज उर्फ पतरिया महाराज, मनेश्वर बाबा मंदिर के महंत स्वामी द्वारिका दास महाराज, इंजीनियर शैलेंद्र सिंह, अ

# सीएम ने 3713.15 लाख की 51 परियोजनाओं का किया वर्चुअल शिलान्यास

**प्रोजेक्ट अलंकार से राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में होगा अवस्थापना सुविधाओं का विकास**

**बहराइच (स्पष्ट आवाज)।** प्रदेश में प्रोजेक्ट अलंकार योजना अन्तर्गत राजकीय/अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षा कक्ष, स्वच्छ पेयजल, बालक/बालिका शौचालय, प्रयोगशाला, पुस्तकालय कक्ष, मल्टीपर्पज हॉल, राजकीय/अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लासरूम की स्थापना तथा स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना अन्तर्गत छात्र-छात्राओं को टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण हेतु गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा जनपद बहराइच में प्रोजेक्ट अलंकार अन्तर्गत रु. 3713.15 लाख लागत की 51 परियोजनाओं का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के उपरान्त मुख्य अतिथि विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने जिलाधिकारी मोनिका रानी, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, डीआईओएस नरेन्द्र देव, कार्यदायी संस्था यूपी सिडको अधि.अभि. घनश्याम बिड़ला व अन्य के साथ कलेल्ट्रेट में शिलालेख का अनावरण किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि जनपद बहराइच में प्रोजेक्ट अलंकार योजनातर्गत वर्ष 2023-24 में माध्यमिक शिक्षा विभाग के नियंत्रणाधीन संचालित राजकीय विद्यालयों में जर्जर भवनों के पुननिर्माण/जीर्णोद्वार/अवस्थापना सुविधाएँ आदि कार्य हेतु कुल धनराशि रु. 3713.15 लाख की स्वीकृति प्रदान की गयी है तथा स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष प्रथम किश्त में धनराशि रू. 1856.575 लाख अवमुक्त हुई है। जिसके अन्तर्गत 02 राजकीय इन्टर कालेज बहराइच एवं राजकीय बालिका इण्टर कालेज नवाबगंज के विद्यालय भवन का निर्माण कार्य एवं इसके अतिरिक्त 21 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में मल्टीपर्पज़ हाल का निर्माण कार्य प्रस्तावित है।

इसके अलावा 18 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में मल्टीपर्पज़ हाल का निर्माण एवं स्वच्छ पेयजल की सुविधा का कार्य, 04 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में ट्वायलेट ब्लाक का निर्माण कार्य, 03 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल की सुविधा का कार्य, 01 राजकीय माध्यमिक विद्यालय में ट्वायलेट ब्लाक का निर्माण कार्य एवं स्वच्छ पेयजल की सुविधा कार्य, 01 राजकीय माध्यमिक विद्यालय मे मल्टीपरपज हाल एवं ट्वायलेट ब्लाक का निर्माण कार्य तथा 01 राजकीय माध्यमिक विद्यालय में मल्टीपर्पज़ हाल का निर्माण, ट्वायलेट ब्लाक का निर्माण एवं स्वच्छ पेयजल की सुविधा का कार्य प्रस्तावित है। निर्माण कार्य के लिए शासन द्वारा यूपी सिडको कार्यदायी संस्था नामित है।

डीएम ने बताया कि जनपद में प्रोजेक्ट अलंकार के तहत रू. 1009.64 लाख की लागत से राजकीय इण्टर कालेज बहराइच एवं रू. 498.33 लाख की लागत से राजकीय बालिका इण्टर कालेज नवाबगंज के विद्यालय भवन का निर्माण, प्रति विद्यालय रू. 22.03 लाख की लागत से राजकीय बालिका इण्टर कालेज नूरपुर, लखैयाकला, बसाहियापाते व कैसरगंज में ट्वायलेट ब्लाक का निर्माण तथा रू. 26.60 लाख की लागत से जीआईसी चकसौगना में स्वच्छ पेयजल की सुविधा एवं ट्वायलेट ब्लाक का निर्माण तथा प्रति विद्यालय रू. 4.57 लाख की लागत से राजकीय माडल इण्टर कालेज बड़गांव, जीजीआईसी हुजूरपुर व राजकीय हाईस्कूल बदरौली में स्वच्छ पेयजल सुविधा कार्य प्रस्तावित है।

इसी प्रकार प्रति विद्यालय रू. 47.46 लाख की लागत से राजकीय हाई स्कूल रामपुर धोबियाहार, पटना, पतरहिया, भगतापुर, चाकूजोत, किशुनपुर, गंगापुर, सेमरौना, सेमरियावां, विशेश्वरगंज, राजापुर कला, सलारपुर, पुरैना रघुनाथपुर, परगहवा, सोनवरसा, गोड़हिया न0-4, अहाता, परसेण्डी, मुस्तफाबाद, राजकीय इण्टर कालेज रमपुरवा व जीजीआईसी अचौलिया मल्टीपर्पज़ हाल, प्रति विद्यालय रू. 52.03 लाख की लागत से राजकीय हाईस्कूल इटहा, ऐलिहा, समसातरहर, भोपतपुर चौकी, जिगनिया छतरपाल, गंगाजमुनी, बसन्त टेपरा, चहलवा, उर्रा बाज़ार, रामपुर मटेही, पकड़िया दीवान, टेण्डवा सिस्टीपुर, बहोरिकापुर, नकाही, मैकूपुरवा, बौण्डी, गुलरिहा गाज़ीपुर, कुरसण्डा में स्वच्छ पेयजल की सुविधा एवं मल्टीपर्पज़ हाल, रू. 74.06 लाख की लागत से राजकीय हाईस्कूल नरौंदा में स्वच्छ पेयजल की सुविधा, ट्वायलेट ब्लाक एवं मल्टीपर्पज़ हाल, रू. 69.49 लाख की लागत से राजकीय हाईस्कूल उमरी में ट्वायलेट ब्लाक एवं मल्टीपर्पज़ हाल का निर्माण कार्य प्रस्तावित है।

## मुख्यमंत्री ने रायबरेली जिले को दी बड़ी सौगात

**रायबरेली।** (स्पष्ट आवाज )मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत रायबरेली को बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर से प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत रायबरेली जिले में 1849.50 लाख रुपए से 34 माध्यमिक विद्यालयों में बनने वाले अतिरिक्त कक्षा कक्ष का वर्चुअल तरीके से लोकार्पण किया। इसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं की सुविधाओं के लिए 34 माध्यमिक विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल व्यवस्था,शौचालय, अतिरिक्त कक्षाएं, भौतिक एवं रसायन विज्ञान प्रयोगशाला, जीव विज्ञान प्रयोगशाला कक्ष, मल्टीपरपज हाल के साथ-साथ पुस्तकालयों का निर्माण कराया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा ने कहा है कि इस योजना के लागू हो जाने से विद्यालय सुंदर व स्वच्छ दिखेंगे, जिससे पढ़ाई की व्यवस्था सुविधाजनक होगी तथा छात्र-छात्राओं की संख्या में वृद्धि होगी। इस कार्यक्रम का वर्चुअल लोकार्पण एनआईसी रायबरेली में देखा गया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, माध्यमिक विद्यालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त आवाज

### बच्ची के बारे में करें संपर्क

**रायबरेली।** (स्पष्ट आवाज )वन स्टाफ सेंटर द्वारा बताया गया कि 29 फरवरी 2024 की रात में एक बच्ची कोतवाली सदर की पुलिस पीआरवी 112 को दिबियापुर चौराहा के पास मिली है। इस बच्ची को सखी वन स्टाफ सेंटर रायबरेली में रखा गया है। सेंटर मेनेजर आस्था ज्योति व काउंसलर श्रद्धा सिंह भदौरिया के अथक प्रयास के बाद भी बच्ची अपना सही नाम पता नहीं बता पा रही है। बच्ची के बारे में किसी को कोई जानकारी हो तो कृपया मोबाइल नंबर 8932880328 पर संपर्क करें।

### मवेशी को बचाने में डिवाइडर से टकराकर ट्रक हुआ क्षतिग्रस्त

**खीरों,रायबरेली।** (स्पष्ट आवाज )थाना क्षेत्र के रायबरेली कानपुर मुख्य मार्ग एनएच 232 ए पर रविवार को सेमरी चौराहे के पास आवारा मवेशी को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर एक ट्रक डिवाइडर से टकरा गया। जिससे ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया । ट्रक उप्र.67 एटी 0003 बनारस से चावल लेकर हरियाणा प्रांत के करनाल जा रहा था। ट्रक चालक मोहम्मद इकराम पुत्र मुन्ना निवासी गांव दुर्गावती भभुआ बिहार मवेशी को बचाने के चक्कर में अपना संतुलन खो बैठा। जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया।

### एसडीएम ने कोटे की दुकान को किया सीज

**महराजगंज ,रायबरेली।** (स्पष्ट आवाज )समाधान दिवस में हलोर के दर्जनों ग्रामीणों व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रिंकू चौधरी के नेतृत्व में मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव से गांव के कोटेदार पर 2 महीने का राशन न देने का आरोप लगाया गया था, जिस पर सीडीओ ने बीडीओ महराजगंज को जांच के निर्देश दिए थे। वहीं रविवार को एसडीएम ने सप्लाई इंस्पेक्टर सहित पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर कोटा की दुकान को सीज कर दिया। हलोर के हरिशंकर बाबा दीन आशीष कुमार गंगा प्रसाद प्रधान पति रिंकू चौधरी सहित दर्जनों ग्रामीणों ने सीडीओ से समाधान दिवस में कोटेदार नीशू वर्मा पर दो महीने का राशन न देने का आरोप लगाया गया था, जिसका संज्ञान लेते हुए सीडीओ ने बीडीओ वर्षा सिंह को जांच के निर्देश दिए थे। रविवार को एसडीएम राजितराम गुप्ता ने सप्लाई इंस्पेक्टर अमित सिंह सहित पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर कोटे की दुकान को सीज करवा दिया। एसडीएम ने बताया कि जांच प्रक्रिया पूर्ण होने तक दुकान को सीज किया गया है, मामले में न्याय संगत कार्रवाई होगी।

### जिला मेमोरियल चिकित्सालय में मनाया गया विश्व श्रवण दिवस

**बलरामपुर।** रविवार को जिला मेमोरियल चिकित्सालय में विश्व श्रवण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने कहा कि हर वर्ष 3 मार्च को विश्व श्रवण दिवस यानी वर्ल्ड हियरिंग डे मनाया जाता है। विश्व श्रवण दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को बहरेपन की समस्या के कारण और निवारण के प्रति जागरूक और सचेत करना है। इसके साथ लोगों को यह जानकारी भी दी जाती है कि वह कैसे अपने कान के स्वास्थ्य पर ध्यान दे सकते हैं। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव, राज कुमार मिश्रा डॉ. रमेश पाण्डेय , राजेश कुमार हंस, कुसुम डेंटल हाइजीनिस्ट मोहम्मद नासिर, निगरानी और मूल्यांकन अधिकारी दिलीप कुमार और मेमोरियल चिकित्सालय के नर्सिंग ऑफिसर और अन्य लोग उपस्थित थे।

## सांसद महिला खेल का महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने किया समापन

**अयोध्या।** सांसद महिला खेल का समापन करने पहुंची प्रदेश की महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य का बयान, कहा पहले भी जीते हैं एक बार फिर जीतेंगे, फैजाबाद लोकसभा से लल्लू सिंह को टिकट मिला है उनको राम लला का आशीर्वाद मिलेगा, विपक्ष के गठबंधन पर बोली बेबी रानी मौर्य, कहा गठबंधन का कितना असर पड़ेगा यह तो बाद भी पता चलेगा, कांग्रेस समाप्त हो चुकी है थोड़ी बहुत समाजवादी पार्टी बची है वह भी क्या है भगवान राम के आगे कोई नहीं टकरा सकेगा, सपा विधायक अभय सिंह के राम लला दर्शन पर बोली बेबी रानी मौर्य, कहा राजनीति अपनी जगह है ईश्वर अपनी जगह है, हर हिंदू राजनीति किसी भी पार्टी में करें लेकिन वह भगवान का भक्त होता ही है, जिस तरह अखिलेश यादव ने अपने विधायकों को राम लला के दर्शन करने से रोका और उसी के कारण परेशान भी हुए, सपा विधायकों के अंदर कितनी भावना थी जिसे अखिलेश यादव रोक रहे थे, सपा विधायकों का अपना अधिकार है कि वह दर्शन करें उसके लिए अखिलेश यादव को नहीं रोकना चाहिए था।अयोध्या धाम पहुंचकर मंत्री बेबी रानी मौर्य ने राम लला का दर्शन भी किया। सांसद प्राइज मनी डिस्ट्रीब्यूशन कार्यक्रम में सांसद लल्लू सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव पूर्व मेयर ऋषिकेश उपाध्याय कार्यालय मंत्री बबलू मिश्रा आदि उपस्थित है

## मारपीट का मुकदमा दर्ज

**खीरों, रायबरेली।** (स्पष्ट आवाज )थाना क्षेत्र के गांव बसावनखेड़ा में बीती 12 अक्टूबर को एक ही परिवार के दो पक्षों में हुई मारपीट में पति पत्नी घायल हो गए। खीरों पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर नामजद लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। बसावनखेड़ा निवासी मनोज कुमार ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि मेरे पिता रामधनी पैतृक जमीन बेंचकर पैसा बर्बाद कर रहे हैं। जिसका विरोध करने पर मेरे पिता रामधनी,मां शिवपती, भाई शिवम्, बहनें अनीता,विनीता मुझसे नाराज रहते हैं। बीते 12 अक्टूबर को सभी लोगों ने मुझे गाली देते हुए लाठी डंडों से पीटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया, बीच बचाव करने पर मेरी पत्नी प्रतिमा को भी पीटा। ग्रामीणों के बीच बचाव करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर पीड़ित की तहरीर के आधार पर नामजद लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के बाद आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

## सेवा ही संकल्प पदयात्रा के दौरान उद्यान मंत्री ने सुनी समस्याएं

**रायबरेली।** (स्पष्ट आवाज )उद्यानमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने सेवा ही संकल्प पदयात्रा के दौरान निसगर से अपनी पदयात्रा आरंभ की, जो नीबी, दुधवन,खांड़े सरांय, सैदापुर, भूपगंज, रामपुर, रालपुर, बेनी माधवगंज, पूरे पांडे, झामपुर, हथनासा, सरेनी बाजार तक गई। इसके अतिरिक्त उद्यान मंत्री ने कोटिया, एहतमाली, रानीखेड़ा, बैरुवा में चौपाल लगाई और सहनीपुर, मलके गांव व लखन गांव में जनसभा का आयोजन किया। अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनते हुए आश्वासन दिया कि इन समस्याओं का प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर शीघ्र निस्तारण किया जाएगा।

यात्रा के दौरान मंत्री ने शहीद स्मारक पर माल्यार्पण किया और शहीदों को याद किया। इसी परिपेक्ष में उन्होंने सरेनी ब्लॉक सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने यात्रा के दौरान प्राप्त शिकायतों के संबंध में गंभीरता पूर्वक चर्चा करते हुए निर्देश दिया कि जनता की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जाए। इस बात का ध्यान रखा जाए कि लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव के अतिरिक्त सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सीएमओ ने आयुष्मानभव मेले का किया निरीक्षण

**बलरामपुर।** रविवार को जनपद बलरामपुर के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुरा में आयोजित आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने किया। निरीक्षण में चिकित्सक समेत कुल 12 कर्मी अनुपस्थित पाए गए, सीएमओ ने सभी अनुपस्थित पाए गए कर्मियों के वेतन रोकने हेतु अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शिवपुरा डॉ प्रणव पाण्डेय को निर्देशित किया। सीएमओ ने वहां उपस्थित चिकित्सको व अन्य कर्मियों को निर्देशित किया कि आयुष्मान भव मेले का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाय जिससे इन मेलों का लाभ जनसमुदाय को प्राप्त हो। आज जनपद में आयोजित आयुष्मान भव मेले में कुल 3169 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि रविवार को आयोजित होने वाले आयुष्मान भव मेले जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों में 17 सितंबर से लगातार सप्ताह में एक दिन हेल्थ मेला का आयोजन किया जा रहा है। ये 31 मार्च तक चलता रहेगा। निरीक्षण के समय डॉ प्रणव पाण्डेय तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर के चिकित्सक तथा कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## 7 अप्रैल को अयोध्या में चाणक्य परिषद की अगुवाई में जुटेंगे देश के ब्राह्मण

**पहली अप्रैल को चाणक्य परिषद करायेगा यज्ञोपवीत संस्कार**

**अयोध्या।** पूरे देश के ब्राह्मण संगठन अखिल भारतीय चाणक्य परिषद एवं अखिल भारतीय संयुक्त ब्राह्मण संघर्ष समिति के राष्ट्रीय संयोजक पंडित कृपानिधान तिवारी की अगुवाई में आगामी 7 अप्रैल को अयोध्या धाम की राम की पैड़ी गांधी प्रतिमा के समक्ष विशाल धरना देगी। पांच सूत्रीय मांगो सवर्ण आयोग का गठन ,आर्थिक आधार पर आरक्षण योग्यता आधारित पदों को छोड़कर, पूरे देश में सामान्य नागरिक संहिता, और भगवान परशुराम के प्राक्ट्योत्सव पर सार्वजनिक अवकाश एवं अयोध्या धाम में भगवान परशुराम के भव्य मंदिर निर्माण को लेकर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन देश के प्रधानमंत्री को भेजने का निर्णय सिविल लाइन स्थित प्रेस क्लब में संपन्न बैठक में उपस्थित ब्राह्मणों ने लिया। देश भर के ब्राह्मण संगठन अयोध्या में आकर आगामी 6 अप्रैल को श्री राम हर्शण कुंज में बैठक करके निर्णय लेंगे। बैठक में आगामी 31 मार्च एवं 1 अप्रैल को अखिल भारतीय चाणक्य परिषद द्वारा निशुल्क यज्ञोपवीत संस्कार सूर्यकुंड दर्शन नगर में करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित अतिथियों ने ब्राह्मणों को संस्कारवान बनाने दुर्व्यशन को छोड़कर एकजुट होने समाज के कल्याण पर विस्तार से चर्चा की गई।कार्यक्रम का संचालन संगठन के जिला महामंत्री लषणधर त्रिपाठी और अध्यक्षता इंद्र प्रकाश तिवारी सेवानिवृत्त कमिश्नर बिक्रीकर ने किया।बैठक में ब्राह्मण समाज से जुड़े पंडित राधिका प्रसाद पाण्डेय संतोष दुबे सूर्यनारायण दुबे उर्फ इंजीनियर रामसूरत तिवारी राम भरत पांडे भोला शंकर शुक्ला आदि ने ब्राह्मणों को एकजुट होने और अपने परिवार को शिक्षा एवं संस्कारवान बनाने पर जोर दिया। बैठक में उपस्थित अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रपति पुरस्कृत डॉ राम तेज पांडे सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर बाबूराम पांडे चंद्रशेखर पांडे व परमानंद पाठक राघवेंद्र प्रताप मिश्र विक्रमादित्य तिवारी सदानंद पांडे राजन पांडे रमाकांत मिश्रा उमाशंकर तिवारी पूर्व प्रधान ,गिरिजा प्रसाद तिवारी राजकुमार तिवारी सरल ज्वाला प्रसाद दुबे ओमप्रकाश पांडे रज्जू शिवाकांत तिवारी स्मृति शुक्ला राजेंद्र तिवारी प्रयागराज तिवारी देवी प्रसाद दुबे विनोद तिवारी सुरेश दत्त पांडे एडवोकेट रामकिशोर शर्मा विपिन शंकर तिवारी राधेश्याम पांडे रामचरित्र पाण्डेय के के तिवारी डॉक्टर दिनेश तिवारी शेषमणि पाण्डेय एवं प्रियव्रत चतुर्वेदी आदि भारी संख्या में ब्राह्मण संगठन के लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस ने दबोचे विभिन्न मामलों के चार वारंटी

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने चार वारंटी दबोचे हैं। रविवार को मानिकपुर थाने के निरीक्षक अपराध प्रभुनाथ यादव ने सिपाही अजीजुद्दीन के साथ जुआ अधिनियम के वारंटी अनिकेश पुत्र पहाड़िया बाल्मीकि नगर को गिरफ्तार किया। बरगढ थाने के हरदीकला चौकी प्रभारी अनिल कुमार मिश्र ने सिपाही सुलभ पटेल के साथ दहेज हत्या के वारंटी शिवकुमार पाल पुत्र छोटेलाल लुढ़ौता को गिरफ्तार किया। रैपुरा थाने के दरोगा अरविंद कुमार ने सिपाही राममूरत मिश्रा के साथ अपहरण व एससी-एसटी एक्ट वारंटी मुन्नू भारद्वाज पुत्र श्यामलाल भौंरी को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में सरधुवा थाने के दरोगा चंद्रमणि पांडेय ने सिपाही राहुल पुरी के साथ मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी के वारंटी शिवबरन पुत्र मेदनी प्रसाद औदहा को गिरफ्तार किया।

## सदर विधायक ने परिजनों से मिलकर व्यक्त की शोक संवेदना

**महराजगंज, रायबरेली।** (स्पष्ट आवाज )कस्बे के रहने वाले दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार व प्रेस क्लब महराजगंज के संरक्षक सुभाष पांडेय के निधन की सूचना पर रविवार को सदर विधायिक अदिति सिंह ने उनके आवास पर पहुंचकर उनकी पत्नी अनुपमा पांडेय, छोटे बेटे सुयश पांडेय से मिलकर संवेदनाएं व्यक्त की और शोक संतृप्त परिवार को ढांढस बंधाया। और परिवार के साथ हर परिस्थिति में तत्पर रहने की बात कही। विधायिक ने कहा कि उनके पिता पूर्व सदर विधायक स्वर्गीय अखिलेश सिंह से श्री पांडेय के मित्रवत बेहद अच्छे संबंध थे और उन्हें भी लंबे समय तक उनका मार्गदर्शन मिला है। श्री पांडेय का व्यक्तित्व व्यवहार स्वभाव अनुकरणीय था जिनके निधन से समाज को एक बहुत बड़ी छति पहुंची है। इस मौके पर पूर्व विधायक राजा राम त्यागी, वरिष्ठ भाजपा नेता व अधिवक्ता भूपेश मिश्रा, उज्जवल पांडेय, मंडल अध्यक्ष विवेक पांडेय, प्रधान संतलाल लोधी, पप्पू त्यागी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## व्यापारियों ने केंद्रीय मंत्री के प्रति जताया आभार

**रायबरेली।** (स्पष्ट आवाज )व्यापार मंडल कार्यालय में बैठक का आयोजन कर भूतल एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। अध्यक्ष राहुल भदौरिया ने कहा कि केंद्रीय मंत्री की लालगंज में बाईपास बनाये जाने की घोषणा का व्यापार मंडल स्वागत करता है। इसके बनने से जहां व्यापारियों को सहूलियत होगी, वहीं नगर के लोगों को जाम की समस्या से भी निजात मिलेगी।

डलमऊ बाईपास में बने क्षतिगस्त ओवरब्रिज के पुनर्निर्माण पर भी मंत्री की घोषणा अप्रैल में इसे पूरा करने की है, जिसके प्रति भी लालगंज व्यापार मंडल उन्हें धन्यवाद ज्ञापित करता है। बैठक को संबोधित करते हुए व्यापार मंडल प्रभारी अनिल गुप्ता ने बताया कि व्यापार मंडल को मजबूत करने के लिये जल्द ही सदस्यता अभियान चलाया जायेगा, जिससे अधिक से अधिक व्यापारियों को संगठन से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि संगठन की ताकत ही व्यापारियों को शोषण से बचा सकती है। युवा उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता ने बताया कि संगठन के पदाधिकारी कस्बे समेत आसपास के क्षेत्रो में पहुंचकर व्यापारियों को सदस्य बनायेगें। जिससे लालगंज में व्यापार मंडल और अधिक मजबूत हो सके। इस मौके पर कासिफ खान, संतोष मिश्रा, अभिनव सोनी, रमेश कौशल, रिजवान शेख, आयुष कौशल, अभिषेक सोनी, सचिन सिंह, ऋषि होंडा, अकबर, अजय सिंह, विनोद वर्मा आदि मौजूद रहे।

## 8 से 10 मार्च तक चलेगा घर-घर जनसंपर्क अभियान

**● ज़िला अभियान समिति के कार्य एवं प्रचार सामग्री के संबंध में हुई बैठक**

**रायबरेली।** (स्पष्ट आवाज ) रविवार दिनांक 3 मार्च 2024 को भारतीय जनता पार्टी सिविल लाइंस स्थित लोकसभा चुनाव कार्यालय पर विकसित भारत मोदी की गारंटी अभियान के तहत संकल्प पत्र संकलन एवं वीडियो वैन को लेकर बैठक एवं प्रेस कान्फ्रेंस का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज़िलाध्यक्ष बुद्धी लाल पासी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज़िला प्रभारी पीयूष मिश्रा रहे।

ज़िलाध्यक्ष बुद्धी लाल पासी ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए भाजपा द्वारा पूरे देश में संकल्प पत्र सुझाव अभियान आरंभ किया गया, जो कि एल ई डी वैन के माध्यम से विधान सभावार प्रतिदिन 10 कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसी प्रकार लोकसभा क्षेत्र में लगभग दो सौ कार्यक्रमों का आयोजन होगा। विकसित भारत मोदी की गारंटी वैन के साथ भाजपा के प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। साथ ही सुझाव पेटिका भी रहेगी। इस अभियान के माध्यम से भाजपा का चुनावी संकल्प पत्र और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु लोगों के सुझाव एकत्रित किए जाएंगे ।यह अभियान 5 मार्च से 15 मार्च तक चलेगा। ज़िला प्रभारी पीयूष मिश्रा ने बताया कि इसके लिए ज़िला अभियान समिति बनेगी। ज़िला स्तर पर एक संयोजक 2 सह संयोजक होगे जिसमें से एक ज़िला पेटी प्रभारी होगा। लोकसभा में 2 एल ई डी प्रचार वाहन लोकसभा संयोजक होगा।

एल ई डी प्रचार वाहन द्वारा सभी विधान सभाओं में छोटी सभाओं का आयोजन होगा। इसी प्रकार घर घर जनसंपर्क अभियान 8 मार्च से 10 मार्च तक चलेगा जिसमें घर घर जनसंपर्क होगा। प्रकोष्ठों के सभी कार्यक्रम 3 मार्च से 15 मार्च तक होंगे जिला प्रभारी ने कहा कि हम सब का जोर बूथ चलो बूथ जीतो, लाभार्थी संपर्क अभियान पर खास तौर से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 6 मार्च को नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की जनता को 10ः30 बजे लाइव संबोधित करेंगे। जिला मीडिया प्रभारी विनय शुक्ला ने बताया कि ज़िला अभियान समिति के कार्य एवं प्रचार सामग्री के संबंध में बैठक संपन्न हुई । सोमवार को केंद्रीय मंत्री का होने वाला कार्यक्रम और लोकसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक स्थगित हो गई है। मंच पर उपस्थित विनोद बाजपेयी, सुरेंद्र सिंह दाढ़ी व कार्यक्रम में ज़िला पदाधिकारी मण्डल प्रभारी मौजूद रहे।

### मौसम के मिजाज में छिड़ी वर्चस्व की जंग

**चित्रकूट।** नित नये बदलते मौसम के मिजाज से लोग हैरान हैं। सर्दी-गर्मी-बरसात में भी वर्चस्व की जंग छिडी प्रतीत हो रही है। कभी तेज धूप के दम से गर्मी फैलने लगती है तो कभी बर्फबारी-ओलावृष्टि की ताकत से सर्दी बढने लगती है। गरज के साथ मूसलाधार बारिश हो रही है। रविवार को मौसम का सतरंगी आनन्द देखने को मिला। सतरंगी आनन्द बेला में भाजपा ने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है- कुछ लोग प्रत्याशियों की चर्चा में जहां मशगूल हैं, वहीं ज्यादातर किसान ओलावृष्टि व बारिश से कराह रहे हैं। शनिवार रात से मौसम का मिजाज कुछ इस कदर बिगडा कि रात में काफी देर तक बारिश होती रही। सवेरे कुछ गुनगुनी धूप निकली, मगर मौसम में बदली छायी रही। शाम चार बजे के आसपास फिर मौसम ने करवट बदले। बारिश के साथ ओले गिरना शुरु हो गये। 12 फरवरी को भारी ओलावृष्टि व बारिश से किसानों के खेतों में खडी फसल को क्षति पहुंची थी। शनिवार की रात व रविवार को शाम चार बजे फिर हुई बारिश ने किसानों की हालत पतली कर दी है। किसानों ने कहा कि 12 फरवरी को तबाह फसलों का अभी सर्वे नहीं हुआ।

## 17वाँ विशाल भंडारा व सांस्कृतिक भजन संध्या 8 मार्च को

**रायबरेली।** (स्पष्ट आवाज)आगामी 08 मार्च दिन शुक्रवार को महाशिवरात्रि के पर्व पर पूर्व वर्षो की भाँति इस वर्ष भी शिव बारात, नगर भोज व मनमोहक झाकियों द्वारा नृत्य प्रस्तुतीकरण व भजन संध्या का आयोजन फिरोज गाँधी डिग्री कालेज के गेट संख्या-3 पर कराया जाना सुनिश्चित किया गया है। मन्दिर ट्रस्ट के संरक्षक शैलेन्द्र अग्निहोत्री ने बताया कि बारात राजेश सिंह (उपाध्यक्ष) के नेतृत्व में राजकीय कालोनी स्थित शिव मन्दिर से इन्दिरा उद्यान, बरगद चौराहा, मामा चौराहा, नेहरू नगर चौराहा, इन्दिरा नगर मध्य मार्ग से होते हुए आ0डी0ए0 काम्प्लेक्स, डिग्री कालेज चौराहा, कैनाल रोड, जिलाधिकारी चौराहा, अस्पताल चौराहा, हाथी पार्क होते हुए पुनः डिग्री कालेज चौराहा स्थित पहवान वीर बाबा मन्दिर पर पहुँचेगी, जहाँ बारात की आरती व भव्य स्वागत किया जायेगा। इसके उपरान्त बारात डिग्री कालेज गेट नं0-03 पर पहुँचेगी, जहाँ शिव विवाह सम्पन्न कराया जायेगा। इसके साथ ही भजन संध्या निरन्तर चलता रहेगा। भजन संध्या में मुख्य अतिथि के रूप में मनोज द्विवेदी (दादा श्री) होंगे। भण्डारे का शुभारम्भ कन्या भोज के साथ दोपहर 12ः30 बजे शुरू होगा। बारात में वर पक्ष की तरफ से यजमान के रूप में सत्य प्रकाश पाण्डेय सपत्नीक गीता पाण्डेय एवं कन्या पक्ष की तरफ से यजमान के रूप से सतीश सिंह (सी0ए0) सपत्नीक पूनम सिंह मौजूद रहेंगे। बैठक में मुख्य रूप से संरक्षक शैलेन्द्र अग्निहोत्री, डॉ0 संजय रस्तोगी, अनिल मिश्र (रामजी) सत्य प्रकाश पाण्

SA NEWS
स्पष्ट आवाज़
लखनऊ, सोमवार, 4 मार्च, 2024
विक्रम संवत 2080, फाल्गुन मास, नवमी (कृष्ण पक्ष)



आलोचना से बचने का एक ही तरीका है : कुछ मत करो, कुछ मत कहो और कुछ मत बनो।
**अरस्तु**

# कृत्रिम स्थिरता की चाहत

एक राष्ट्र-एक चुनाव योजना की प्रेरक सोच पर गंभीर सवाल हैं। ऐसी ही सोच के तहत दल-बदल विरोधी कानून बनाया गया था। उससे दल-बदल तो नहीं रुका, इससे सांसदों-विधायकों की स्वतंत्र चेतना पर जरूर ताला लग गया।

खबरों के मुताबिक एक राष्ट्र-एक चुनाव' योजना पर 22वां विधि आयोग अपनी सिफारिशें जल्द ही केंद्र सरकार को सौंप देगा। इस बीच आयोग ने अपनी सिफारिशों की प्रस्तुति पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के नेतृत्व में बनी उच्चस्तरीय समिति के सामने की है। इसमें दो संविधान संशोधनों की सिफारिश की गई है।

कोविंद समिति नरेंद्र मोदी सरकार की इस इच्छा पर सुझाव देने के लिए बनाई गई है कि लोकसभा, सभी राज्यों की विधानसभाओं, और पूरे देश में नगर-निकायों के चुनाव एक साथ संपन्न कराए जाएं। इस बीच विधि आयोग ने जो सुझाव रखे हैं, उसके मुताबिक सभी विधानसभाओं के चुनाव दो किस्तों में इस तरह संपन्न कराए जाएंगे, जिससे 2029 में लोकसभा के साथ-साथ उन सबका चुनाव कराया जा सके। एक दूसरा संशोधन इस योजना को टिकाऊ बनाने के लिए दिया गया है। इसके तहत अगर सदन की मध्यावधि में कोई सरकार गिर जाती है, तो विकल्प के तौर पर विभिन्न दलों की एकता सरकार' बनाई जाएगी। अगर यह संभव नहीं हुआ, तो फिर नया चुनाव बची अवधि भर तक के लिए कराया जाएगा, ताकि एक राष्ट्र- एक चुनाव का क्रम बना रहे। इस योजना में यह समझ अंतर्निहित है कि सभी दलों की नीतियां कमोबेश एक जैसी हैं और सारी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा व्यक्तियों की महत्त्वाकांक्षाओं के बीच है।

इसलिए यूनिटी गवर्नमेंट सहजता से बन जाएगी। बहरहाल, उससे कहीं यादा गंभीर सवाल इस योजना की प्रेरक सोच पर है। स्पष्टतः यह सोच कृत्रिम राजनीतिक स्थिरता थोपने की है । ठीक ऐसी ही सोच के तहत 1985 में दल-बदल विरोधी कानून बनाया गया था। इस कानून से दल-बदल तो नहीं रुका, इससे सांसदों-विधायकों के स्वतंत्र राजनीतिक रुख तय करने की प्रवृत्ति पर जरूर ताला लग गया।

अब जो सुझाव विधि आयोग ने दिए हैं, उनसे राजनीतिक प्रक्रिया और सरकारों को जवाबदेह बनाए रखने की विधायिका की भूमिका पर वैसा ही अंकुश लग सकता है। आज भारतीय लोकतंत्र की मूलभूत समस्या सत्तासीन लोगों और संस्थाओं की जवाबदेही तय करने की व्यवस्था का कमजोर पड़ते जाना है। अब जो सुझाव दिए गए हैं, उनसे खर्च तो शायद ही बचे, लेकिन जवाबदेही का सिस्टम जरूर और कमजोर हो जाएगा।

> खबरों के मुताबिक %एक राष्ट्र-एक चुनाव' योजना पर 22वां विधि आयोग अपनी सिफारिशें जल्द ही केंद्र सरकार को सौंप देगा। इस बीच आयोग ने अपनी सिफारिशों की प्रस्तुति पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के नेतृत्व में बनी उच्चस्तरीय समिति के सामने की है। इसमें दो संविधान संशोधनों की सिफारिश की गई है।कोविंद समिति नरेंद्र मोदी सरकार की इस इच्छा पर सुझाव देने के लिए बनाई गई है कि लोकसभा, सभी राज्यों की विधानसभाओं, और पूरे देश में नगर-निकायों के चुनाव एक साथ संपन्न कराए जाएं।

# कानून और रसूखदारों का रवैया

**आशीष वशिष्ठ**

कानून को बौना साबित करने वाली इस जमात को राजनीतिक संरक्षण हासिल होता है। ऐसे में धनबल और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त लोग व्यवस्था की कमियों और छिद्रों के चलते नियम कानूनों को आसानी से गच्चा देते हैं। आम आदमी की मामूली-सी गलती पर उसे पकड़ने में भरपूर तेजी दिखाने वाली पुलिस को प्रभावशाली और रसूखदार लोगों तक पहुंचने में वक्त लग ही जाता है। पश्चिम बंगाल में इसकी अवधि कुछ ज्यादा ही लंबी हो जाती है। संदेशखाली मामले से चौतरफा निंदा का पात्र बना तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख 55 दिनों से फरार रहने के बाद पुलिस की गिरफ्त में आया।

इसमें दो राय नहीं कि प्रभावशाली लोग कानून को खिलौना समझ लेते हैं। व्यवस्था भी उनके इस काम में खूब मददगार साबित होती है। बरसों बरस से देश में ऐसा ही चलता आ रहा है। सख्त से सख्त कानून बनाने और तमाम दूसरे उपायों के बाद भी रसूखदार कानून का आए दिन मजाक उड़ाने से बाज नहीं आते। कानून को बौना साबित करने वाली इस जमात को राजनीतिक संरक्षण हासिल होता है। ऐसे में धनबल और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त लोग व्यवस्था की कमियों और छिद्रों के चलते नियम कानूनों को आसानी से गच्चा देते हैं। आम आदमी की मामूली-सी गलती पर उसे पकड़ने में भरपूर तेजी दिखाने वाली पुलिस को प्रभावशाली और रसूखदार लोगों तक पहुंचने में वक्त लग ही जाता है। पश्चिम बंगाल में इसकी अवधि कुछ ज्यादा ही लंबी हो जाती है। संदेशखाली मामले से चौतरफा निंदा का पात्र बना तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख 55 दिनों से फरार रहने के बाद पुलिस की गिरफ्त में आया। लेकिन तब, जब कलकत्ता उच्च न्यायालय ने ममता सरकार को फटकार लगाई। यदि फटकार नहीं लगी होती तो उसे छुपाए रखा गया होता। वह जिस हनक और रुआब से थाने और अदालत में दाखिल हुआ, उससे यही लगा कि वह कोई शहंशाह है। पश्चिम बंगाल पुलिस उसके आगे दंडवत और सहमी दिखी। उसे सत्ता का संरक्षण प्राप्त था, यह सच्चाई तृणमूल कांग्रेस के इस कथन से छिपने वाली नहीं कि हमने उसे निलंबित कर दिया। यह राजधर्म नहीं, बेशर्मी है कि उसे गिरफ्तार न करने के लिए उच्च न्यायालय के आदेश की गलत व्याख्या तक की गई। यदि ईडी को शक है कि बंगाल पुलिस शाहजहां शेख की मदद कर सकती है तो यह स्वाभाविक है। बड़ी निर्लज्जता से तृणमूल कांग्रेस की सरकार अपने नेता का बचाव करती रही। संदेशखाली की महिलाओं ने जिन शब्दों में अपनी पीड़ा का बयान किया है, उससे किसी पत्थर दिल व्यक्ति का भी दिल पिघल सकता है। लेकिन पश्चिम बंगाल की महिला मुख्यमंत्री का दिल नहीं पसीजा। भारतीय जनता पार्टी के विरोध और हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणियों के बाद शाहजहां को गिरफ्तार किया गया। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल से प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी दिल्ली शराब घोटाले में पूछताछ के लिए अब तक आठ समन भेज चुका है। जांच एजेंसी के सामने पेश होने की बजाय केजरीवाल ईडी के समन को ही गैर कानूनी बता रहे हैं। वो कानूनी दांव पेंच से जांच से बच रहे हैं। और दिल्ली विधानसभा में खड़े होकर केंद्र की मोदी सरकार से लेकर अपने राजनीतिक विरोधियों पर जमकर अपनी भड़ास निकाल रहे हैं। चूंकि विधानसभा में दिए बयान पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो सकती। इसी के चलते केजरीवाल ने विधानसभा को अपनी भड़ास निकालने और राजनीतिक विरोधियों पर मनगढ़त आरोप लगाने का मंच बना रखा है। देश की जनता उनका तमाशा देख रही है। जिस शराब घोटाले में उनसे पूछताछ होनी है, उसी घोटाले में उनके सबसे खास साथी मनीष सिसोदिया और संजय सिंह तिहाड़ की रोटियां तोड़ रहे हैं।

एक संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति किस तरह कानून और संविधान का उपहास उड़ा रहा है, उससे समाज में गलत उदाहरण तो पेश हो ही रहा है। वहीं आम आदमी के मन में यह सवाल भी उठता है कि क्यों कानून रसूखदारों सामने कमजोर और असहाय दिखाई देता है? केजरीवाल की तरह तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी ईडी के समन की अवमानना करते रहे और खुद को बचाने के सारे यत्न उन्होंने किये। बड़ी जद्दोजहद के बाद ईडी ने उन्हें अपने शिकंजे में लिया। फिलवक्त सोरेन जेल का भोजन पा रहे हैं। पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट ने हत्या और बलात्कार के मामले में जेल में सजा काट रहे राम रहीम को बार-बार पैरोल दिये जाने पर सवाल उठाया। हाईकोर्ट ने कहा कि क्यों केवल राम रहीम को बार-बार पैरोल मिल रही है? बाकी कैदियों को क्यों नहीं लाभ दिया जाता? रेप के दोषी राम रहीम को इस साल जनवरी में 50 दिन की पैरोल दी गई थी। यह लगभग 10 महीने में उसकी 7वीं और पिछले चार वर्षों में 9वीं पैरोल थी। हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को आदेश दिया है कि अब अदालत की अनुमति के बिना राम रहीम को पैरोल नहीं दी जाएगी।

सत्ता, व्यवस्था, कानून के रक्षक और संरक्षक के गठजोड़ से ही राम रहीम जैसे रसूखदार कानून को फुटबाल बनाकर खेलते हैं। जब तक सत्ता के गलियारों से आपराधिक लोगों को संरक्षण मिलता रहेगा, तब तक ये निर्लज्जता बनी रहेगी। हरेक घटना में किसी न किसी रसूखदार का, किसी न किसी सत्ताधारी का संरक्षण दिखता रहा है। हर बार सत्ता की तरफ से कठोर से कठोर कार्यवाही किये जाने की बात कही जाती है, कुछ दोषियों की गिरफ्तारी भी हो जाती है, जांच करवाए जाने की लीपापोती कर दी जाती है और उसके बाद सब कुछ भूल-भुला लिया जाता है। संदेशखाली जैसी घटनाएं कुछ दिन चर्चा में रहती हैं फिर जनमानस की खोपड़ी से गायब हो जाते हैं. निठारी कांड कितनों को याद है? बिहार मुजफ्फरपुर शेल्टर होम रेप केस कितनों को याद है? कितनों को उसके दोषी की सजा याद है? कुछ दिन बाद ऐसा ही संदेशखाली में को भी लेकर होगा। प्रभावशाली किसी मामले में फंस भी जाते हैं तो उनके चेहरे, बाडी लैग्वेंज, चेहरे से टपकते घमंड और अहंकार को देखकर ऐसा नहीं लगता कि उनको कानून का रत्ती भर भी भय है। पुलिस प्रशासन को तो वो अपना चाकर समझते हैं। कहीं न कहीं व्यवस्था भी उनकी चाकरी करती दिखाई देती है। देश की अदालतों में करोड़ों मुकदमे लंबित हैं। और आम व्यक्ति को न्याय पाने के लिए वर्षों प्रतीक्षा करनी पड़ती है। भ्रष्टाचार व अन्य गंभीर मामलों में दर्जनों रसूखदार आसानी से जमानत पाकर आराम की जिंदगी बिता रहे हैं। चारा घोटाले में सजा पाए लालू प्रसाद यादव स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के चलते जमानत पर हैं। राजनीति में उनकी सक्रियता बताती है कि अब वो स्वस्थ हैं। और अगर वो स्वस्थ हैं तो वो जमानत पर क्यों हैं? अगर रसूखदारों को जेल जाना भी पड़ा तो वहां भी उनके मनमुताबिक ऐशोआराम जारी रहता है। ऐसे सैकड़ों उदाहरण हैं। दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन के जेल की कोठरी में कथित तौर पर मालिश कराने का वीडियो देश ने देखा है। यूपी के चर्चित नेता और माफिया मुख्तार अंसारी की पंजाब की जेल में कांग्रेस की सरकार ने जो मेहमाननवाजी की उसे कौन भूल पाएगा। किसी नेता या रसूखदार को जब जांच एजेंसी पकड़ती है तो वो विजय मुद्रा बनाकर हवा में हाथ लहराता है। मानो उसने कोई महान काम किया है। गिरफ्तारी के समय या जांच के लिए जाते वक्त नेताओं और रसूखदारों के हावभाव ऐसे होते है मानो वो एहसान करने जा रहे हैं।

और उन्होंने कोई गलत काम नहीं किया, उनको तो राजनीति के चलते फंसाया गया है। जांच एजेंसी के आफिस के बाहर नेता के समर्थकों का धरना, प्रदर्शन अप्रत्यक्ष तौर पर जांच एजेंसी को डराने, धमकाने और प्रेशर डालने का कृत्य है। वहीं किसी रसूखदार को सजा मिलने पर जिस तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आती हैं, वे स्तब्ध करने वाली होती हैं। उनमें अपने विशिष्ट होने का अहंकार और न्यायालय की अवमानना के साथ-साथ संवेदनहीनता की पराकाष्ठा भी सुनाई पड़ती है।

खुद को कानून से ऊपर समझने वाले किसी रसूखदार ने अगर कोई गैरकानूनी काम किया है तो देर सबेर कानून उनके किए की सजा देगा ही, लेकिन उस उच्चवर्गीय अहंकार पर अंकुश लगाने की भी जरूरत है, जो अपने गलत कामों को सही सिद्ध करने के हठ में अमानवीय हो जाता है।

## आज का इतिहास

1879-लड़कियों को उच्च शिक्षा देने के लिए कलकत्ता में बेथुन कॉलेज की स्थापना. यह ब्रिटेन से बाहर पहला महिला कॉलेज था।

1883-दरबान सिंह नेगी प्रथम विश्व युद्ध के दौरान उन चंद भारतीय सैनिकों में से एक थे, जिन्हें ब्रिटिश राज का सबसे बड़ा युद्ध पुरस्कार ÷विक्टोरिया क्रॉस÷ मिला , का जन्म।

1921-असहयोग आंदोलन में इस दिन ननकाना के एक गुरुद्वारे, जहाँ पर शान्तिपूर्ण ढंग से सभा का संचालन किया जा रहा था, पर सैनिकों के द्वारा गोली चलाने के कारण 70 लोगों की जानें गई।

1922-प्रसिद्ध गुजराती रंगमंच और फ़िल्म अभिनेत्री दीना पाठक का जन्म।

1939-भारत के प्रसिद्ध क्रांतिकारी और %गदर पार्टी% के संस्थापक लाला हरदयाल का निधन।

1941-भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिक प्रमोद काले का जन्म।

1951-नयी दिल्ली में पहले एशियाई खेलों का आयोजन।

1961-भारत के पहले विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत ने सेना के लिए अपनी सेवाएं देना शुरू किया।

1980-भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना का जन्म।

1998-भारत के प्रकाश शाह सं.रा. महासचिव द्वारा बगदाद में विशेष प्रतिनिधि नियुक्त।

1999-संयुक्त राष्ट्र के कर्मचारियों को अपनी परित्यक्ता पत्नी एवं बच्चों को जीवन निर्वाह भत्ता देने की घोषणा।

2001-तालिबान ने मूर्तियों को ख़रीदने की ईरान की पेशकश ठुकराई।

# 'भारत ने अत्यधिक गरीबी को खत्म कर दिया'

अमेरिकी थिंक टैंक ब्रुकिंग्स इंस्टीट्यूशन ने कहा कि भारत ने अत्यधिक गरीबी को खत्म कर दिया है, जिसे गरीब लोगों की संख्या की दृष्टि से गरीबी अनुपात में हुई तेज कमी और घरेलू खपत में दर्ज भारी वृद्धि के माध्यम से समझा जा सकता है।

सुरजीत भल्ला और करण भसीन द्वारा लिखित इस रिपोर्ट में कहा गया है कि यह पुनर्वितरण पर सरकार के मजबूत नीतिगत जोर का परिणाम है, जिससे पिछले दशक में भारत में मजबूत समावेशी विकास हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में गरीबी को खत्म करने में उच्च विकास और असमानता में हुई बड़ी गिरावट ने साथ मिलकर योगदान दिया है। आंकड़े बताते हैं कि भारत में गरीब लोगों की संख्या विश्व बैंक के अनुमान से काफी कम है।

क्रय शक्ति समता 1.9 डॉलर के स्तर पर, गरीब लोगों की संख्या की दृष्टि से गरीबी अनुपात 2011-12 के 12.2 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 2 प्रतिशत रह गया है।

लेखकों की राय है कि सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित कार्यक्रमों की एक विस्तृत व विविध श्रृंखला के माध्यम से पुनर्वितरण पर मजबूत नीतिगत जोर को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में अपेक्षाकृत उच्च खपत वृद्धि को आश्चर्य से नहीं देखा जाना चाहिए।

ब्रुकिंग्स की टिप्पणी में कहा गया है कि इन सार्वजनिक कार्यक्रमों में शौचालयों के निर्माण से संबंधित एक राष्ट्रीय मिशन तथा सभी के लिए बिजली एवं खाना पकाने के आधुनिक ईंधन और हाल ही में पाइप से पानी की सुलभता सुनिश्चित करने के प्रयास शामिल हैं।

15 अगस्त, 2019 तक भारत के ग्रामीण इलाकों में पाइप से पानी की सुलभता 16.8 प्रतिशत थी, जबकि वर्तमान में यह 74.7 प्रतिशत है। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत, देश के 112 जिलों की पहचान सबसे कम विकास संकेतक वाले जिलों के रूप में की गई थी। सरकारी नीतियों द्वारा इन जिलों को लक्षित करके उनके विकास पर स्पष्ट रूप से ध्यान केन्द्रित किया गया है।

इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अत्यधिक गरीबी का उन्मूलन एक उत्साहजनक बदलाव है जिसका वैश्विक स्तर पर गरीबी की गणना की दर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

इसका मतलब यह भी है कि अब समय आ गया है कि भारत भी अन्य देशों की तरह उच्च गरीबी रेखा के पार पहुंच जाए।

रिपोर्ट में कहा गया है, उच्च गरीबी रेखा की दिशा में बदलाव खासतौर पर इच्छित लाभार्थियों की बेहतर पहचान और वास्तविक गरीबों को अधिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से मौजूदा सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों को फिर से परिभाषित करने का अवसर प्रदान करता है।

# आर्थिक वृद्धि दर से साबित हुआ मोदी का नेतृत्व देश के काम आया

**प्रह्लाद सबनानी**

रा वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही के दौरान सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर ने भारत सहित विश्व के समस्त आर्थिक विश्लेषकों को चौंका दिया है। इस दौरान, भारत में सकल घरेलू उत्पाद में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हासिल हुई है जबकि प्रथम तिमाही के दौरान वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत एवं द्वितीय तिमाही के दौरान 7.6 प्रतिशत की रही थी। पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत रही थी। साथ ही, क्रेडिट रेटिंग संस्थान इकरा ने इस वर्ष तृतीय तिमाही में 6 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान एवं भारतीय स्टेट बैंक ने भी 6.9 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जताया था। कुल मिलाकर, लगभग समस्त वित्तीय संस्थानों के अनुमानों को झुठलाते हुए सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत की रही है। हम सभी के लिए हर्ष का विषय तो यह है कि विनिर्माण इकाईयों की वृद्धि दर 4.8 प्रतिशत से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही में 11.6 प्रतिशत हो गई है तथा निर्माण के क्षेत्र में वृद्धि दर 9.5 प्रतिशत की रही है। साथ ही, खनन के क्षेत्र में वृद्धि दर 1.4 प्रतिशत से बढ़कर 7.5 प्रतिशत की रही है। यह तीनों ही क्षेत्र रोजगार सृजन के क्षेत्र माने जाते हैं। अतः देश में अब रोजगार के नए अवसर भी निर्मित हो रहे हैं। विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाईयों में वृद्धि दर आकर्षक रही है। कृषि का क्षेत्र जरूर, विपरीत मानसून एवं अल नीनो के प्रभाव के चलते, विपरीत रूप से प्रभावित हुआ है एवं कृषि के क्षेत्र में वृद्धि दर 0.2 प्रतिशत ऋणात्मक रही है। हालांकि वित्तीय वर्ष 2019-20 से लेकर 2022-23 तक कृषि के क्षेत्र में औसत वृद्धि दर 3 प्रतिशत प्रतिवर्ष से अधिक की रही है। परंतु, प्रकृति के आगे तो किसी की चलती नहीं है।वित्तीय वर्ष 2023-24 के तृतीय तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद के विशेष रूप से उद्योग क्षेत्र एवं सेवा क्षेत्र में वृद्धि दर के आंकड़ों को देखकर तो अब यह विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि भारत आगे आने वाले वर्षों में 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष की विकास दर हासिल करने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है एवं अगले लगभग 4 साल के अंदर ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, वर्तमान में भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। साथ ही, भारतीय शेयर बाजार भी बाजार पूंजीकरण के मामले में वर्तमान में विश्व में चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। क्योंकि, भारत में आर्थिक विकास की तीव्र गति को देखते हुए विदेशी निवेशक एवं विदेशी निवेश संस्थान, दोनों ही भारतीय पूंजी बाजार में अपने निवेश को निश्चित ही बढ़ाएंगे। भारत में वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही में अनुमानों से कहीं अधिक वृद्धि दर हासिल करने के पीछे दरअसल हाल ही के समय में आर्थिक क्षेत्र के साथ साथ सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्रों में हो रहे परिवर्तन भी मुख्य भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं, इस ओर सामान्यतः विदेशी अर्थशास्त्रियों एवं वित्तीय संस्थानों का ध्यान शायद नहीं जा रहा है। हाल ही के समय में भारत में अब विभिन्न त्यौहार अत्यधिक उत्साह के साथ मनाए जा रहे हैं। इन त्यौहारों के मौसम एवं शादियों के मौसम में भारतीय परिवारों, विशेष रूप से मध्यम वर्गीय एवं उच्च वर्गीय परिवारों के खर्च में अपार वृद्धि हो रही है। इस खर्च का पूरा पैसा भारतीय अर्थव्यवस्था में आ रहा है, जिससे आर्थिक वृद्धि दर में तेजी दिखाई देने लगी है। वर्ष 2023 में दीपावली त्यौहार के दौरान लगभग 4 लाख करोड़ रुपए की राशि भारतीय परिवारों द्वारा खर्च की गई थी। शादियों के दौरान भारतीय परिवारों द्वारा अतिरिक्त खर्च किया जाना भी केवल भारत की ही विशेषता है, अन्य देशों में शादियों के दौरान इस प्रकार के खर्च नहीं होते हैं। दूसरे, भारत में हाल ही के समय में धार्मिक पर्यटन में अपार वृद्धि देखने में आई है, क्योंकि इन क्षेत्रों की आधारभूत संरचना में आमूल चूल सुधार हुआ है। पर्यटन के बढ़ने से न केवल रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी अपार बल मिल रहा है। अयोध्या, वाराणसी, उज्जैन, हरिद्वार, वृंदावन आदि धार्मिक स्थलों पर पर्यटकों की अपार वृद्धि दिखाई दे रही है। अयोध्या में तो प्रभु श्रीराम के मंदिर के शिलान्यास के बाद से लगातार औसतन प्रतिदिन 2 लाख से अधिक पर्यटक अयोध्या पहुंच रहे हैं। इससे न केवल स्थानीय बल्कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी बल मिल रहा है।

हालांकि केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक क्षेत्र में लगातार किए जा रहे सुधारों के चलते एवं पूंजीगत खर्च में लगातार की जा रही बढ़ोतरी से भी भारतीय अर्थव्यवस्था को गति मिल रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में केंद्र सरकार द्वारा 10 लाख करोड़ रुपए की राशि इस मद पर खर्च की गई है जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में इस मद पर 7.5 लाख करोड़ रुपए की राशि खर्च की गई थी। वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में पूंजीगत खर्च की राशि को बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपए कर दिया गया है। दूसरे, भारत में कर (प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष) के संग्रहण में भी अपार सुधार दिखाई दे रहा है। कर ढांचे को आसान बनाकर सम्बंधित नियमों के अनुपालन में सुधार कर, कर संग्रहण में 20 प्रतिशत के आसपास की वृद्धि हासिल की गई है। देश में अनौपचारिक क्षेत्र भी तेजी से औपचारिक क्षेत्र में बदल रहा है, इससे कर संग्रहण के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी औपचारिक क्षेत्र में अधिक निर्मित हो रहे हैं तथा विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों को अतिरिक्त आर्थिक लाभ मिलते दिखाई दे रहे हैं।

# एक साथ चुनाव से पहले सुधार जरूरी

**अजीत द्विवेदी**

पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने की योजना पर विचार के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनी कमेटी अपनी रिपोर्ट तैयार कर रही है और कहा जा रहा है कि जल्दी ही इसकी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी जाएगी। इसकी मसौदा रिपोर्ट को लेकर मीडिया में जो खबरें आ रही हैं उसके मुताबिक कमेटी %एक देश, एक चुनाव' के नाम से संविधान में एक खंड जोडने की सिफारिश कर सकती है, जिसमें इस योजना से जुड़े सारे नियम और कानून शामिल होंगे।

बताया जा रहा है कि कोविंद कमेटी एक कॉमन मतदाता सूची के साथ सारे चुनाव एक साथ कराने की योजना पेश करेगी। इस योजना पर उठाए जा रहे सबसे गंभीर सवाल का जवाब देते हुए कहा गया है कि अगर पांच साल के कार्यकाल के बीच कोई सरकार बहुमत गंवा देती है तो समय से पहले चुनाव कराने की बजाय यूनिटी सरकार बनाई जाएगी और चुनाव समय पर ही होगा। यानी किसी हाल में विधानसभा या लोकसभा भंग नहीं होगी और एक साथ चुनाव का चक्र नहीं बिगडने दिया जाएगा।

ध्यान रहे पहले इस तरह के किसी कानूनी प्रावधान के बगैर ही पूरे देश में एक साथ चुनाव होते थे। लेकिन एक बार यह चक्र टूट गया तो टूटता गया क्योंकि यूनिटी सरकार बनाने जैसी किसी योजना के बारे में नहीं सोचा गया। इसमें कोई संदेह नही है कि इस तरह की कोई भी योजना लोकतंत्र के बहुत बुनियादी सिद्धांतों को चोट पहुंचाएगी।

इससे दलबदल को बढ़ावा मिलेगा और खरीद फरोख्त की घटनाओं में और बढ़ोतरी होगी। अभी अलग अलग चुनाव होने पर नागरिकों के पास मौका होता है कि अगर वह केंद्र की सरकार से नाराज है तो सत्तारुढ़ दल को किसी राज्य के चुनाव में सबक सीखा दे।

लेकिन सारे चुनाव एक साथ होने और पांच साल में एक ही बार चुनाव होने से जनता के हाथ से वह मौका निकल जाएगा। लोकतंत्र का मतलब वास्तविक अर्थों में पांच साल पर एक बार वोट देना भर रह जाएगा। इसी तरह भारत जैसे विविधता वाले देश में चुनाव का राष्ट्रीय और केंद्रीकृत मुद्दा होगा, जिससे संघवाद और विविधता दोनों की धारणा प्रभावित होगी। इसलिए एक साथ चुनाव के साथ कई सैद्धांतिक व बुनियादी समस्याएं हैं, जिन पर कई बार चर्चा हुई है।

हैरानी की बात है कि केंद्र सरकार और चुनाव आयोग एक यूटोपियन विचार पर इतना समय और ऊर्जा खर्च कर रहे हैं लेकिन चुनाव के जरूरी सुधारों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। एक साथ चुनाव कराने की जिद पूरी करने से पहले जरूरी है कि चुनाव सुधार किए जाएं। चुनाव की प्रक्रिया को ज्यादा पारदर्शी, स्वतंत्र और निष्पक्ष बनाने के उपाय किए जाएं। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड के जरिए चंदे के कानून को असंवैधानिक बता कर खारिज कर दिया और उस पर रोक लगा दी।

इसके बाद चुनाव आयोग ने कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट के फैसले का पालन करेगा। लेकिन उसने यह नहीं बताया कि राजनीतिक या चुनावी चंदे की क्या वैकल्पिक व्यवस्था होगी? लोकसभा के चुनाव होने हैं और कई राज्यों में विधानसभा के भी चुनाव होने वाले हैं। उनसे पहले चंदे की क्या एक वही व्यवस्था चलेगी, जिसमें पार्टियों को 20 हजार रुपए से कम का चंदा नकद मिलता है और चंदा देने वाले का नाम बताने या जानने की जरुरत नहीं होती है?

गौरतलब है कि भारत में इस तरीके से ही सबसे ज्यादा चंदा दिया जाता है। पार्टियां जो बैलेंस शीट पेश करती हैं या चंदे का हिसाब देती हैं उसमें बताती हैं कि उनको मिले चंदे का ज्यादा बड़ा हिस्सा अघोषित स्रोत से मिला है। बहुजन समाज पार्टी तो कई बरसों से यही बता रही है कि इस अघोषित स्रोत के अलावा उसको किसी और स्रोत से कोई चंदा नहीं मिला है। क्या चुनाव आयोग को नहीं पता है कि अघोषित स्रोत से जो चंदा मिलने की बात उसे बताई जाती है उसका बड़ा हिस्सा काले धन का होता है? फिर क्यों चुनाव आयोग इसे रोकने या ठीक करने का उपाय नहीं कर रहा है? कितने बरसों से राजनीतिक दलों को चुनाव लडने के लिए सरकारी फंडिंग की बात चल रही है लेकिन वह भी कोई फुलप्रूफ योजना नहीं है। उससे किसी पार्टी के अतिरिक्त खर्च करने पर रोक नहीं लगेगी। सबको पता है कि पार्टियां चुनाव आयोग की ओर से तय की गई सीमा से कई गुना ज्यादा खर्च करती हैं। लेकिन उसे रोकने का कोई उपाय नहीं है। इसका नतीजा यह है कि जिन पार्टियों के पास ज्यादा पैसे हैं वो किसी न किसी तरीके से ज्यादा खर्च करते हैं और इससे चुनाव का मैदान सबके लिए बराबरी का नहीं रह जाता है।

इसी तरह चुनाव आयोग कितने बरसों से आपराधिक छवि वाले नेताओं को चुनाव लडने से रोकने की कोशिश कर रहा है लेकिन उसमे भी कामयाबी नहीं मिल है। नब्बे के दशक में बड़ी संख्या में बाहुबली किस्म के नेताओं का राजनीति में पदार्पण हुआ, जो अब मुख्यधारा के बड़े नेता बन चुके हैं। उनके बताए रास्ते पर सैकड़ों दागी नेता राजनीति में सक्रिय हैं। अपने धनबल और बाहुबल के दम पर वे अपने प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले ज्यादा ताकतवर साबित होते हैं।

चुनाव जब से बड़ी पूंजी का खेल बन है, तब से बड़ी संख्या में करोड़पति और अरबपति इस खेल में उतरे हैं। उन सबका अपना स्वार्थ होता है और ज्यादातर के खिलाफ आर्थिक अपराध के मामले भी होते हैं। चंदे के साथ साथ चुनाव आयोग को दागी नेताओं को रोकने के उपायों पर भी गंभीरता से काम करने की जरुरत है।

चुनाव की निष्पक्षता और स्वतंत्रता पिछले कुछ समय से सवालों के घेरे में है। विपक्षी पार्टियों ने इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन यानी ईवीएम को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। लेकिन ईवीएम के मामले में चुनाव आयोग और सरकार दोनों इतने संवेदनशील हैं कि उसके बारे में कुछ भी निगेटिव सुनने को राजी नहीं हैं।

# गदर पार्टी के संस्थापक ने ठुकराया था अंग्रेजों का प्रस्ताव

**रमेश शर्मा**

सुप्रसिद्ध क्रान्तिकारी लाला हरदयाल के बलिदान दिवस पर विशेष

सुप्रसिद्ध क्रान्तिकारी और विचारक लाला हरदयाल की गणना उन विरले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में होती है जिन्होंने केवल भारत ही नहीं अपितु अमेरिका और लंदन में भी अंग्रेजों के अत्याचारों के विरुद्ध जनमत जगाया था। लालाजी को अपने पक्ष में करने के लिये अंग्रेजों ने बहुत प्रलोभन दिये। उस समय की सबसे प्रतिष्ठित आईसीएस पद के प्रस्ताव भी दिया था जिसे लालाजी ने ठुकरा दिया था। यही आईसीएस सेवा अब आईएएस के रूप में जानी जाती है। ऐसे स्वाभिमानी राष्ट्रभक्त लाला हरदयाल जी का जन्म 14 अक्टूबर 1884 को दिल्ली में हुआ था। उनका पैतृक घर दिल्ली के चाँदनी चौक में गुरुद्वारा शीशगंज के पीछे स्थित था। यह गुरुद्वारा शीशगंज उसी स्थल पर बना है जहाँ औरंगजेब की कठोर यातनाओं से गुरु तेगबहादुर जी का बलिदान हुआ था। लालाजी के पिता पं गोरेलाल जी संस्कृत के विद्वान और कोर्ट में रीडर थे, माता भोलारानी रामचरितमानस की विदुषी मानी जाती थीं। उनका परिवार आर्य समाज से जुड़ा था। इस प्रकार घर और पूरे क्षेत्र में राष्ट्रीय संस्कृति की प्रतिष्ठापना का वातावरण था। इसी वातावरण में लाला हरदयाल का जन्म हुआ था। परिवार के संस्क

# गन्ना छील रहे किसान पर गिरी बिजली, मौके पर मौत

■दोस्त के खेत में गन्ना छीलने गया था युवा किसान

■दैवीय आपदा राहत कोष से मिलेगा मुआवजा, पिसावां के मैनिया का मामला

मृतक किसान की फाइल फोटो

घटना के बाद घर के बाहर लगी लोगो की भीड़

**महोली-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** दो दिन से रुक-रुक कर हो रही बारिश एक किसान के घर की खुशियों को निगल गई। खेत में गन्ना छील रहे किसान पर आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सरकारी अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तहसील प्रशासन ने पीड़ित परिवार को दैवीय आपदा राहत कोष के तहत सरकारी मुआवजा दिलाने की बात कही है। मामला पिसावां विकास क्षेत्र के मैनिया गांव का है। गांव का 22 वर्षीय विक्रम यादव पुत्र फूल सिंह बीएससी का छात्र था। और परिवार के लिए खेती किसानी भी करता था। रविवार को वह गांव के सोनपाल के खेत में गन्ना छीलने गया था। दोपहर करीब 11 बजे जब वह रिमझिम बारिश के दौरान खेत में गन्ना छील रहा था, उसी दौरान बादल गरजे और गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली उसके ऊपर गिर गई। इससे पहले कि साथ में काम कर रहे लोग कुछ समझ पाते, पलक झपकते ही वह झुलसकर अचेतावस्था में दिखाई पड़ा। आनन-फानन में परिजन उसे पिसावां के सरकारी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद घर में चीख- पुकार मच गई। मृतक पांच भाइयों में सबसे छोटा था। मौके पर पहुंचे राजस्व कर्मियों ने मामले की जांच पड़ताल कर लिखा-पढ़ी की है। एसडीएम अभिनव यादव ने बताया कि मृतक परिवार को दैवीय आपदा राहत कोष के तहत सरकारी लाभ दिलाया जाएगा।

## बेमौसम बारिश और तेज हवाओं ने किसानों की उम्मीदों पर फेरा पानी

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** शनिवार की सुबह से शुरू हुयी बेमौसम बरसात व चली तेज हवा ने किसानों की आशाओं और भविष्य की योजनाओं पर पानी फेर दिया है। सरसों व मसूर की फसल की बची-खुची खेतों में तैयार खड़ी और कटी पड़ी फसल को भी नुकसान हुआ है। खेतों में लगी आलू की फसल में भी पानी भर गया है। अरहर के फूल झड़ने से पैदावार भी प्रभावित होगी। शनिवार की सुबह से शुरू हुयी बेमौसम बारिश के साथ चली तेज हवाओं से खेतों में गेंहू की फसल को भी नुकसान हुआ है। क्षेत्र के किसानों को अच्छी पैदावार के चलते सरसों, आलू, मसूर आदि की फसलों से निश्चित रूप से मुनाफे की काफी उम्मीद थीं। किन्तु बरसात के साथ तेज हवाओं ने उनकी सारी उम्मीदों पर तुषारापात कर दिया। फसलों में होने वाले नुकसान से किसानों के चेहरों पर काफी मायूसी देखी जा रही है। किसानों के माथे पर भविष्य को लेकर चिन्ता की लकीरें काफी गहरी हो चली हैं। मौसम की बेरूखी के चलते तमाम परिवारों में मांगलिक कार्यक्रमों में भी बाधा पड़ी। बरसात से फसलों की हुई बर्बादी को लेकर इलाके के किसान बेहद चिन्तित और परेशान हैं। प्रकृति की मार से किसान लगातार बदहाली का शिकार हो रहे हैं। वहीं क्षेत्र भर में कई दर्जन परिवारों में होने वाले मांगलिक कार्यक्रमों के लिए लाखों रूपये खर्च कर सजावट की गयी थी, उन्हें भी बरसात ने बर्बाद कर दिया। लोगों को कार्यक्रम करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## रामपुर मथुरा में गिरे ओले, तिलहनी फसलों को पहुँचा नुकसान

**रामपुर मथुरा-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** क्षेत्र में रविवार की शाम अचानक हुई ओलावृष्टि से किसानों की तिलहनी फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। ओलावृष्टि के चलते ऐसा लग रहा था कि जैसे धरती ने सफेद चादर ओढ़ रखी है। क्षेत्र में पिछले दो दिनों से रिमझिम बारिश हो रही थी। लेकिन आज शाम 5 बजे आसमान से ओलों की बरसात शुरू हो गई। करीब 10 मिनट तक ओले बरसते रहे। दो मिनट तक 50 ग्राम से लेकर 100 ग्राम वजन के ओले गिरते रहे। ओलों से सरसों के खेतों में खड़ी फसल बरबाद हो गई। गेंहू की फूल से लदी फसल, तथा आम का बौर ओलों की चोट से टूट कर जमीन में ताश के पत्तों तरह बिखर गया।

# भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र में शामिल होंगे जन सुझाव

■जिला कार्यालय में हुआ सुझाव आपका संकल्प हमारा कार्यक्रम

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** भाजपा ने जिले के सभी नौ विधान सभा क्षेत्रों में 'सुझाव आपका संकल्प हमारा' कार्यक्रम का रविवार को शुभारम्भ किया। प्रबुद्धजन व जन सामान्य को सुझाव पत्र वितरित कर उनकी मंशा लिखित रूप में जानी। जिला कार्यालय पर सीतापुर सदर विधानसभा क्षेत्र के तहत आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक व नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु व विशिष्ट अतिथि सेवता विधायक ज्ञान तिवारी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने की। श्री शुक्ला ने बताया कि जनता का सुझाव मांग कर भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत कर रही है। सुझावों को मेनिफेस्टो में शामिल किया जायेगा। सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने बताया कि भाजपा हमेंशा जनकल्याण के लिये निर्णय लेती है। पार्टी सदैव जनसमस्याओं को लेकर आन्दोलन करती है, इसी के तहत आज जनता से सुझाव माँगे जा रहें है। पार्टी इन सुझावों पर अमल कर लोगो की कठिनाईयों का समाधान करेंगी। श्री तिवारी ने कहा कि सीतापुर सदर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा की ऐतिहासिक विजय होगी। सेवता विधान सभा क्षेत्र से राजेश वर्मा रिकॉर्ड मतों से जीत कर आयेंगे। इस अवसर पर नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु ने कहा कि भाजपा जनता की आवाज़ पर काम कर रही है। भाजपा परिवारवादी पार्टी नही बल्कि जनसुझाव पर अमल करते हुये जनहित से जुड़े कार्य करती है। उन्होंने कहा कि इस बार 400 पार का नारा सार्थक होगा। इस अवसर पर उदित बाजपेई, प्रखर जायसवाल, जया सिंह, रमेश भार्गव दीपू सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

## अम्बेडकर प्रतिमा में लगाया कीचड़, केस दर्ज

इमलिया सुल्तानपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। थाना क्षेत्र के झबरी गाँव में स्थापित डा. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर नशे में धुत थाना क्षेत्र के बेनीपुर गाँव निवासी अनिल पुत्र रामकुमार सिंह ने शनिवार की दोपहर बाद करीब 4 बजे कीचड़ लगा दिया। कीचड़ लगाते देख गाँव वालो ने जब उसे ललकारा तो वह अपने गाँव की तरफभाग निकला। ग्रामीण अनुयाइयों की तहरीर पर पुलिस केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय भेज दिया है।

## संक्षिप्त आवाज़

### ससुराल से लौटे युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**हरगाँव-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** ससुराल से लौटे युवक ने घर के बाहर पड़े छप्पर के बांस से फांसी लगा कर जान दे दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। जोगेंद्र पुत्र अनंत राम निवासी ग्राम भटपुरवा अपनी ससुराल से वापस आया था। जहाँ अपने घर के बाहर छप्पर में पड़े बांस में प्लास्टिक की नेवार से लटक कर जान दे दी। भाई रामकिशोर ने थाने में अज्ञात कारणों के चलते आत्महत्या किए जाने की बात कही है।

### लोकसभा चुनाव की तैयारियाँ तेज, सीतापुर पहुँचे एडीजी

**राजपत्रित अधिकारियों संग बैठक कर परखी व्यवस्थाएँ**

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस विभाग ने तैयारियाँ तेज कर दी है। प्रशासन के साथ पुलिस महकमा भी चुनाव को लेकर बेहद सतर्क है। रविवार को एडीजी जोन अमरेंद्र कुमार सेंगर सुरक्षा तैयारियों का जायजा लेने सीतापुर पहुँचे। राजपत्रित अधिकारियों संग बैठक की और अर्ध सैनिक बल के जवानों के रुकने की व्यवस्था का जायजा लिया। रविवार की दोपहर एडीजी जोन अमरेंद्र कुमार लोकसभा चुनाव की तैयारी का जायजा लेने सीतापुर पहुँचे। जोन की कमान संभालने के बाद सीतापुर में यह उनका दूसरा दौरा था। एडीजी अमरेंद्र कुमार सेंगर ने 11वीं वाहिनी पीएसी के 14 नम्बर क्लब में बैठक कर राजपत्रित अधिकारियों से चुनाव के संबंध में जानकारियाँ हासिल की और विवेचनाओं के निस्तारण, प्रीवेंटिव, हिस्ट्रीशीटरों के सत्यापन, शस्त्र लाइसेंसों के सत्यापन आदि की समीक्षा भी की। एडीजी जोन ने खैराबाद के दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय व सिधौली के ऐम कालेज पहुँच कर सैनिक बलों के रुकने की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

### विवाहिता की संदिग्ध मौत, दहेज हत्या का आरोप

**लहरपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बहेरवा जगमालपुर में एक नवविवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा ली। मृतका के मायके वालों ने ससुरालियों पर दहेज के खातिर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रंगवा रौशीपुर निवासिनी अमरीसा पत्नी स्वर्गीय कौशल ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि उसकी पुत्री रूबी उम्र 24 वर्ष की शादी आठ माह पूर्व कोतवाली क्षेत्र ग्राम बहेरवा जगमालपुर निवासी मनोज कुमार पुत्र मूसाराम से हुई थी। परंतु ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज के लिए उसे प्रताड़ित कर मारते-पीटते थे। मृतका की मां ने आरोप लगाया है कि विगत शुक्रवार को रूबी के ससुराल वालों ने फोन करने पर, लड़की से बात भी नहीं कराई थी। रविवार को गांव के एक व्यक्ति ने फोन कर बताया कि तुम्हारी पुत्री ने लटक कर आत्महत्या कर ली है। मृतका की मां ने आशंका व्यक्त की है कि मेरी पुत्री को उसके ससुरालीजनों ने हत्या कर लटका दिया है, उन्होंने बताया कि सूचना पर जब हम लोग गांव पहुंचे तो उसकी पुत्री बेड पर पड़ी थी और कमरे की छत में लगे छल्ले से एक दुपट्टा लटक रहा था। सभी परिजन फरार थे। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि सूचना पर शव को पीएम के लिए भेजा गया है पीएम रिपोर्ट आने के बाद एवं परिजनों की तहरीर पर जांच कर अपराध दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### मृतक मजदूर की पत्नी से सुलह का दबाव बना रहा भट्ठा मालिक

**परिवार के अन्य सदस्य भी भट्ठा मालिक का कर रहे सहयोग**

**अटरिया-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** विगत 31 दिसम्बर को कथित सड़क हादसे में मारे गए मजदूर की पत्नी ने एसपी को पत्र लिखकर भट्ठा मालिक पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। आशनी देवी पत्नी स्व. जितेंद्र कुमार निवासी रनुवापारा ने कहा कि उसका पति जितेंद्र बीते 31 दिसम्बर को प्रतिदिन की भांति रनुवापारा स्थित मौर्य ब्रिक फील्ड से ईंटा लेकर लखनऊ बेचने जा रहा था तभी जयपालपुर के निकट टैक्टर ट्राली हादसे का शिकार हुआ जिसमें पति की गिरकर पहिये के नीचे कुचलकर मौत हो गई थी। जिसपर मृतक के भाई रामजीवन ने मनमाने ढंग से भट्ठा मालिक से पचास हजार रुपए लेकर अज्ञात वाहन दिखाकर फर्जी तरीके से अटरिया थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। और अब पीड़िता के ससुर रामसरन व जेठ रामजीवन सहित ग्राम प्रधान काफी समय से डरा-धमका रहे हैं और कहते हैं कि भट्ठा मालिक से सुलह समझौता कर लो नहीं तो घर से भगा देंगे तुम्हारे हिस्से का सब बेच देंगे। पीड़ित कई दिनों से न्याय की आस में अधिकारियों के चक्कर काट रही है पर उचित न्याय नहीं मिल रहा है। उसके दो अबोध बच्चे भी हैं उनके जीवन यापन पर संकट मंडरा रहा है। पीड़िता का कहना है कि भट्ठा मालिक ने घटना के बाद उसे 10 लाख रुपए देने का आश्वासन दिया था। अब वह वादे से मुकर गया है और सुलह का दबाव बना रहा है।

### ढोल-नगाड़ों के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**अटरिया-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र से केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर को तीसरी बार भाजपा का प्रत्याशी बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं ने ढ़ोल-नगाड़े के साथ जश्न मनाया। शनिवार शाम भाजपा उम्मीदवारो की पहली सूची में मोहनलालगंज से सांसद एवं केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर को प्रत्याशी बनाये जाने की घोषणा होते ही सिधौली विधान सभा क्षेत्र में उत्साह व जश्न का माहौल बन गया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और संकल्प लिया कि कौशल किशोर को तीसरी बार सांसद बना कर नेतृत्व के फैसले को सही ठहरायेंगे। अटरिया मंडल के दर्जनों पदाधिकारी शनिवार की रात में दुबग्गा स्थित कौशल किशोर के आवास पहुँचे और वहां ढोल नगाड़ों के साथ जमकर धमाल मचाया। कौशल किशोर को माला, बुके व मिठाई खिलाकर बधाई दी। कार्यकताओं ने जमकर आतिशबाजी छुड़ाई। इस मौके पर दुर्गेश सिंह, पवन यादव, पिंकू गुप्ता, नीरज सिंह, प्रमोद शुक्ला, चंद्र प्रकाश सिंह, विनय त्रिपाठी, संजय गुप्ता, सनोज मिश्रा, मुकेश तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जो हम तुम मिलके बैठेंगे तो हिंदुस्तान महकेगा

**तम्बौर में हुआ एक शाम अटल जी के नाम मुशायरा**

**तम्बौर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** एक शाम अटल जी के नाम कौमी यकजेहती मुशायरा का आयोजन हुआ। जिसमें शायरों ने कलाम पेश किए। रिजवान लाइब्रेरी सोसायटी के जेरे एहतिमाम हुए मुशायरे में बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता अयाज अहमद अय्यूबी के मौजूद रहे। मुशायरे में अंतरराष्ट्रीय शायर वासिफ फारूकी, इरम यूनानी मेडिकल कालेज लखनऊ के प्रिंसिपल प्रो डा अब्दुल हलीम कासमी, हैदर अली जाफरी, इंजीनियर हसन अरबी को स्मृति चिन्ह दिए गए। अयाज अहमद अय्यूबी ने शुभारंभ करते हुए कहा कि हिन्दुस्तानी सभ्यता अनेकता में एकता की है। वासिफ फारूकी ने पढ़ा की 'परख नही लोगो को सच्चे सोने की, तो बाजार में मैं पीतल हो जाऊ क्या'। प्रो सगीर आलम अजमल ने पढ़ा कि 'सुनाऊं में क्या अपने गम का फसाना, सुनेगा भी कब उसको जालिम जमाना'। शकील गयावी ने पढ़ा की 'जिस कहानी में तेरा जिक्र न हो, वह कहानी कोई कहानी है'। डा तनवीर अकबाल ने पढ़ा की मोहब्बत प्यार ही इस देश की पहचान है'। तनवीर ने पढ़ा कि 'जो हम तुम मिलके बैठेंगे तो हिंदुस्तान महकेगा'। गीतकार आलोक सीतापुरी ने पढ़ा की सारी दुनिया को यह तरकीब सिखाई जाए, आग नफरत की मुहब्बत से बुझाई जाए। कफील बिस्वानी, इरफान लखनवी, सलीम नदवी, रहबर प्रतापगढ़ी, अफजल लहरपुरी, शादाब काजमी, विवेक मिश्रा राज, नैयर शकेब, सलीम ताबिश, डा शमीम रामपुरी, जावेद साहिल, तनवीर जमाल ने अपना कलाम पेश किया। मुशायरे का संचालन शादाब काजमी रुदौलवी ने किया।

### काव्य पाठ से वातावरण हुआ राममय

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** राष्ट्रीय कवि संगम सीतापुर इकाई के तत्वावधान में ग्राम मधवापुर में कवि गोष्ठी हुई। गोष्ठी में युवा रचनाकारों ने प्रतिभाग कर विभिन्न विषयों पर काव्यपाठ किया। कवि गोष्ठी के मुख्य अतिथि कमलेश मौर्य मृदु उपस्थिति रहे। अध्यक्षता बीपीकेडी शिक्षण संस्थान के प्रबंधक रमेश चंद्र शुक्ल ने की। कवि गोष्ठी का प्रारंभ सूरज की वाणी वंदना से हुआ। कासगंज से आयी युवा कवयित्री डा. कु. दीप्ति दीप ने अपने मुक्तक व गजल सुना कर श्रोताओं को सराबोर कर दिया। दीपक सिंह बादल ने अपने काव्य पाठ से पूरे वातावरण को राममय कर दिया। मुख्य अतिथि कमलेश मौर्य मृदु ने राममंदिर को समर्पित अपने छंदो से श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने रामभक्तों का आह्वान करते हुए कहा यह तीन सौ सत्तर ना हटती, बटती यह कौम कहीं जो धडे में। कुछ लोग अभी हमे बांट रहे अनुसूचित औ अपडेट पिछड़े में। चौदह उन्नीस में बंट जाते तो होती अयोध्या अभी झगड़े में, एकता टूटे न चौबीस में मथुरा और काशी पडे लफ्ड़े में। गोष्ठी में दीपक सागर, जीएल गांधी, शुभम शुक्ला, प्रियांशु शुक्ला, आयुषी मिश्रा, राम कृपाल तिवारी, अर्पित मिश्र तेजस आदि कवियों ने काव्य पाठ कर कवि गोष्ठी को ऊंचाइयां प्रदान कीं। कार्यक्रम का सफल संयोजन व संचालन अर्पित मिश्र तेजस ने किया।

# चुनाव के लिये 32 जोनल और 327 सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित

■09 वीडियो सर्विलांस व 54 वीवीटी टीमें गठित

■लोक सभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारी तेज

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन जोर-शोर से तैयारियों में जुट गया है। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिये जनपद की नौ विधान सभा सीटों के लिए 32 जोनल और 327 सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाये गये हैं। अन्य टीमों के गठन के लिए अधिकारियों का चिन्हांकन कर लिया गया है। लोकसभा चुनाव के लिए मार्च में आयोग की ओर से तारीखों की घोषणा किए जाने की संभावना है। जनपद में चुनाव तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन अंतिम रूप देने में जुटा है। जनपद में चार लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत नौ विधानसभा क्षेत्र हैं। इसको लेकर 379 सेक्टर व 42 जोनल मजिस्ट्रेट अफसर की तैनाती कर दी गई है, सभी को आदेश निर्गत कर दिये गये है। प्रशासन ने 27 उड़नदस्ता व इतनी ही स्टेटिक टीमे बनाई है, जो तीन-तीन के क्रम मे प्रति विधान सभा में व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगी। नौ वीडियो सर्विलांस व 54 वीवीटी टीमे बनाई है। यह टीमे आचार संहिता उल्लंघन के साथ अवैध शराब, मुफ्त सामान और नकद राशि का वितरण रोकने, असामाजिक तत्वों पर नजर, संवेदनशील मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के इंतजाम सहित अन्य मामलो पर निगाह रखेगी। आयोग के निर्देश पर प्रशासन ने नामांकन पत्रों की जाँच से लेकर मतगणना तक निष्पक्ष और पारदर्शी व्यवस्था बनाये रखने की तैयारी तेज कर दी है।

# राजेश वर्मा को उम्मीदवार बनाने से रामकोट में झूमे भाजपाई

**रामकोट-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** सांसद राजेश वर्मा को भाजपा की ओर से तीसरी बार लोकसभा क्षेत्र से पार्टी का उम्मीदवार बनाये जाने पर रामकोट क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। राजेश वर्मा की उम्मीदवारी पर मुहर लगते ही भाजपा कार्यकर्ता खुशी से झूम उठे। पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से आतिशबाजी कर पार्टी हाईकमान के फैसले पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

पार्टी कार्यकर्ता भाजपा रामकोट मण्डल उपाध्यक्ष उमेश गुप्ता के कार्यालय पर शनिवार देर शाम एकत्र हुये और राजेश वर्मा के प्रत्याशी बनाये जाने पर शानदार आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिष्ठान खिला कर उन्हें शुभकामनाएं दी। सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर लोकसभा चुनाव में पार्टी उम्मीदवार को सहयोग देकर विजयी बनाने का संकल्प लिया।

इस दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष कय्यूम सिद्दीकी, क्षेत्र पंचायत सदस्य राजेश यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## संपर्क अभियान के तहत लाभार्थियों से मिले भाजपाई

**कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** इलाके में रविवार को लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत ककैयापारा के बूथ संख्या 391 पर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से भाजपाईयों ने मुलाकात की। प्रधान प्रमोद जायसवाल की उपस्थिति में मंडल अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा व ब्लाक प्रमुख मुन्नी देवी तथा भाजपा कार्यकर्ता रवि प्रकाश सिंह ने गांव में कई लोगों से संपर्क कर केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही समस्त योजनाओं के बारे में उन्हें विधवत जानकारी दी। इस दौरान लोगों को जन कल्याणकारी उपलब्धियों पर आधारित पत्रक भी वितरित किए गए। इसके अलावा भाजपा सदस्यता फोन नंबर पर मिस्ड कॉल कराकर लोगों को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शैक्षिक उद्देश्य के लिए ही करें स्मार्ट फोन का उपयोग

**लहरपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** क्षेत्र के एच.एम.एच.पी.जी. कॉलेज में छात्रों को भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने स्मार्ट फोन वितरित किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु निशुल्क स्मार्टफोन वितरित किए जा रहे हैं। सभी छात्र इनका उपयोग शैक्षिक उद्देश्य के लिए ही करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भगवती गुप्ता ने कहा कि ,सभी अभिभावकों को चाहिए कि वह बेटों की तरह बेटियों को भी उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करें। जिससे पूरे समाज का विकास हो।शिक्षाविद अनवर अली ने कहा कि, सरकार की मंशा है कि हमारे नवयुवक जमाने की रफ्तार से कदम मिलाकर देश और समाज की बेहतर सेवा के लिए तैयार हो सकें इसीलिए स्मार्टफोन वितरण किये जा रहे हैं। कार्यक्रम में बृजेश रस्तोगी, प्राचार्य जुल्फिकार अली आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर विपुल सिंह, विभूति पुरी, उदित बाजपेई, मनोज तिवारी, गुलजार खैराबादी, डॉक्टर अख्तर अली, हसीन अंसारी, लियाकत, मोहम्मद नौशाद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# ठरकी निकला संघर्षशील किसान नेता, दर्ज हुआ केस

■संगठन में पद दिलाने के नाम पर तलाकशुदा महिला से की अभद्रता

■खाली कमरे मे बुलाया,की छेड़छाड़ कपड़े भी फाड़े

■किसान नेता श्यामू पर जान से मारने की धमकी देने का भी लगा आरोप

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** जिले में संघर्षशील किसान नेता के रूप में पहचान बना चुके श्यामू शुक्ला पर गंभीर आरोप लगे हैं। तलाकशुदा महिला के आरोप किसान नेता की रंगीन मिजाजी बयां कर रहे। महिला का दावा है कि एक मुद्दे को लेकर किसान नेता श्यामू ने महिला को प्रदर्शन के लिए मछरेहटा ब्लाक बुलाया और धरना खत्म हो जाने के बाद खाली कमरे में ले जाकर उसके साथ अमर्यादित आचरण किए। पुलिस ने लगभग डेढ़ माह पुराने इस प्रकरण में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। बताते चलें कि मिश्रिख इलाके की रहने वाली महिला का आरोप है कि इस जनवरी को किसान यूनियन के नेता प्रदीप उर्फ श्यामू शुक्ला ने मछरेहटा ब्लाक में होने वाले प्रदर्शन के लिए उन्हें बुलाया था। आरोप है कि धरना प्रदर्शन हो जाने के बाद शाम को श्यामू महिला को ब्लॉक के ही एक खाली कमरे में लेकर गए और उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। महिला का दावा है कि प्रदीप उर्फ श्यामू शुक्ला ने उसे संगठन में पद का प्रलोभन दिया और अमर्यादित हरकतें करने लगा। महिला ने श्यामू शुक्ला पर कपड़े फाड़ने और जान से मारने की धमकी देने के भी आरोप लगाए हैं। मछरेहटा पुलिस ने लगभग डेढ़ माह बाद प्रकरण में आईपीसी की धारा 354 (क), 354 (ख), 504, 506 के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

## कोटा संचालक की मनमानी से परेशान ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**मिश्रिख-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत टेडवा के कार्ड धारकों ने कोटा संचालक पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में कार्ड धारकों ने डीएम से पत्र के माध्यम से शिकायत भी की है। ग्राम पंचायत के उलुवापुर गांव निवासिनी राजकुमारी पत्नी प्रदीप कुमार का कहना है कि वह अन्तयोदय राशन कार्ड धारक है। कोटेदार ने दिसम्बर व जनवरी माह में ई-पास मशीन पर उसका अंगूठा लगवा लिया लेकिन राशन नहीं दिया। ऐसा कई कार्ड धारकों के साथ किया गया। गांव के कुंती पत्नी स्व.चंद्रिका, गुड्डी पत्नी मुन्ना, कुंती पत्नी नारायण, बृजरानी पत्नी बृजलाल, अनीता पत्नी पुतानी, राजेश्वरी पत्नी राजकुमारी, गुड्डी आदि का कहना है कि वह लोग भी अंत्योदय कार्ड धारक हैं। उचित दर विक्रेता ने उन्हें भी राशन नहीं दिया और अंगूठा लगवा लिया। उन्होंने डीएम से कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# सरकार जारी करेगी विकास योजनाओं का संकल्प पत्रः राजेश शुक्ला

**लहरपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** नगर के मोहल्ला अंबरसराय में भाजापा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने रविवार को सुझाव आपका संकल्प हमारा कार्यक्रम के तहत लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके सुझावों को ध्यान में रखते हुए भाजपा सरकार अपना मेनिफेस्टो जारी करेगी। इस मौके पर उन्होंने बताया कि सरकार के द्वारा विकास योजनाओं का संकल्प पत्र जारी किया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशन पर प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में लोगों से सुझाव देने की अपील की जाएगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से राजेश्वर रस्तोगी, जिला मंत्री उदित बाजपेई, प्रमोद बाजपेई, मनोज तिवारी, विपुल प्रताप सिंह, नगर अध्यक्ष रमेश बाजपेई, वीरेंद्र पुरी, भगवान दीन त्रिवेदी, मनमोहन गुप्ता, योगेश मिश्रा, प्रखर रस्तोगी, सोनू रस्तोगी, वीरेंद्र मिश्रा, बंटी दीक्षित, प्रमोद अवस्थी, प्रधान विवेक शुक्ला, बृजेंद्र शुक्ला, विभू पुरी, मनीष शुक्ला,प्रदीप सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# शिविर में चौरासी लोगों का हुआ नेत्र परीक्षण

**कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** इलाके के सरौराकला मजरा चंदोखा गांव में रविवार को आंख अस्पताल की ओर से नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। समाजसेवी तथागत राम गोपाल बौद्ध की अगुवाई में आयोजित इस नेत्र शिविर में चौरासी पुरुष व महिलाओं की आंखों का चिकित्सक आशा मेहता, स्नेहा, दिव्या, दीप्ति पाल, शिवानी सिंह, अनमोल, रामकिशोर शुक्ला, रोहित श्रीवास्तव, गोविंद विश्वकर्मा, भोला राजपूत, ज्ञानेश गुप्ता, विजय मौर्या की टीम ने परीक्षण किया। जिसमें करीब 45 लोगों को ऑपरेशन के लिए सीतापुर अस्पताल ले जाया गया। आयोजित शिविर के मुख्य अतिथि कसमंडा स्टेट कुंवर दिनकर प्रताप सिंह रहे। मौके पर सहयोगी हरिनाम कुमार, आर एस राज, संतोष कुमार, पंकज बाबू, राम सागर धनगर परिवर्तन, ज्ञानेन्द्र धनगर, राजेंद्र पासवान, प्रधान देशराज यादव व अन्य मौजूद रहे।

# जानवरों को बंद कर स्कूल गेट में जड़ा ताला

■आवारा पशुओं के आतंक से परेशान ग्रामीणों ने उठाया कदम

**बिसवाँ-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** आवारा जानवरो के उत्पात से परेशान ग्रामीणों ने रविवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय जफराबाद में अन्ना पशुओं को बंद कर गेट में ताला डाल दिया। ग्रामीणों का कहना है कि छुट्टा जानवरों के झुंड खेतों में चले जाते है और पूरी फसल तहस नहस कर देते हैं। किसान रात दिन मेहनत करके फसल उगाते हैं, एक ही रात में यह जानवर उसे बर्बाद कर रख देते हैं। इन जानवरों को पकड़ कर बाडो में बंद करने के आदेश विकास खंड के कर्मचारियों को दिया गया है, लेकिन इस पर कोई अमल नहीं किया जा रहा है। यही कारण है कि किसान परेशान होकर जानवरों को खदेड़ कर विद्यालय में बंद करके जिम्मेदार व्यक्तियों एवं सरकार को अपनी पीड़ा से अवगत कराने हेतु इस तरह के कदम उठाने को विवश हो रहे है। खंड विकास अधिकारी सुमित सिंह ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में आया है, कार्रवाई की जा रही है। ग्राम प्रधान बेनीपुर बकरीदी खाँ का कहना है कि आवारा जानवरो को जब पकड़ कर गौशाला में भेजा जाता है, तो गौशाला के जिम्मेदार लोग जानवरो को नही लेते हैं।

# बीएल वर्मा छात्रवृत्ति पुरस्कार योजना का शुभारम्भ

**युवाओं के लिए स्वर्णिम अवसरः डॉ. सुधाकर वर्मा**

**सिधौली-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** प्रोफेसर डा.सुधाकर वर्मा ने अपने पिता की स्मृति में छात्रवृत्ति पुरस्कार योजना का शुभारम्भ किया है। रविवार को बीएल वर्मा की पुण्य तिथि पर स्वामी विवेकानंद

## संक्षिप्त समाचार

### प्रोजेक्ट अलंकार योजना का सजीव प्रसारण हुआ

**इटावा।** जनपद में स्थित राजकीय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी के कर कमलों द्वारा लाइव टेलीकास्ट विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सदर विधायक श्रीमती सरिता भदोरिया जी द्वारा कार्यक्रम का लोकार्पण किया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी अवनीश राय,मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम,जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार,परियोजना निदेशक सहित जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।इस प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत राजकीय विद्यालयो तथा सहायता प्राप्त शासकीय विद्यालयों में विभिन्न कार्यों के शिलान्यास का कार्यक्रम संपन्न हुआ।कार्यक्रम में विद्यालयों के प्रधानाचार्य तथा प्रबंधक सहित अभिभावक तथा शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।जिला विद्यालय निरीक्षक ने स्वागत करते हुए योजना का संक्षिप्त परिचय दिया वही गुणवत्ता पर कार्य हेतु मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए।संबंधित कार्यदायी संस्था के अधिकारी भी मौके पर उपस्थित रहे।विधायक सदर ने योजना के द्वारा जनपद के विकास के लिए सरकार तथा माननीय मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### करुणाकर त्रिपाठी तीसरी बार राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ के बने जिलाध्यक्ष

**इटावा।** राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ भारत की जनपद इटावा की इकाई शाखा का त्रिवार्षिक निर्वाचन शादीलाल धर्मशाला स्टेशन रोड इटावा में संपन्न हुआ।निर्वाचन अधिकारी आशुतोष त्रिवेदी व वेद प्रकाश की देखरेख में हुआ,जिसकी अध्यक्षता वाई के गुप्ता ने की तथा संचालन संरक्षक शिव कुमार गुप्ता ने किया।कुल 94 आजीवन सदस्यों में 54 लोगों ने चुनाव में भाग लिया। जिला अध्यक्ष पद के चुनाव में करुणाकर त्रिपाठी को 49 मत मिले जब कि संजय मिश्रा को 5 मत मिले।चुनाव में जिलाध्यक्ष करुणा शंकर त्रिपाठी ने जीत दर्ज की।उपाध्यक्ष पद पर अशोक कुमार, रामवीर सिंह यादव,शिवम दुबे, जिला महासचिव योगेंद्र कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष संदीप गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी डॉ. सुशील सम्राट घोषित किये गए।शेष कार्यकारिणी का गठन इस माह के अंत तक कर लिया जायेगा। इस मौके पर प्रदीप त्रिपाठी,आत्मा राम, प्रमोद गुप्ता, महावीर जैन, मनोज त्रिपाठी, विजय बहादुर, विवेक विसारिया, राम नरेश पोरवाल, संतोष शंखबार, अनिल तिवारी, सुधीर श्रीवास्तव,शैलजा द्विवेदी, ऋतु वर्मा, राघवेंद्र त्रिपाठी, संदीप गुप्ता, अजीत त्रिपाठी, मुकेश निगम आदि बड़ी संख्या में अभिकर्ता मौजूद रहे।

### सपा का प्रतिनिधिमण्डल काजी चौरा पहुँचकर वास्तविकता की जानकारी ली

**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के निर्देश पर छानबे विधानसभा के कसधना (काजी चौरा) गॉव पहुँचकर आशीष बिन्द की हत्या की वास्तविकता की जानकारी ली और पीड़ित परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने पुलिस अधीक्षक से मॉग किया कि घटना का जल्द से जल्द खुलासा किया जाय। प्रतिनिधिमण्डल में जिला सचिव शिव नारायण बिन्द, ब्लाक अध्यक्ष छानबे संग्राम बिन्द, छानबे आंशिक अध्यक्ष अशोक यादव आदि शामिल थे।

### किसान क्रेडिट कार्ड से चालीस हजार रुपए निकालने का आरोप

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के बेदउर गांव निवासी राजकुमार ने संपूर्ण समाधान दिवस पर प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि आर्यावर्त बैंक शाखा हलिया से किसान क्रेडिट कार्ड कराया था किसान क्रेडिट कार्ड जिस दिन बैंक से हुआ उसी दिन गांव निवासी एक व्यक्ति ने दो बाउचर व किसान क्रेडिट कार्ड फार्म पर हस्ताक्षर कराया था उसी दिन किसान क्रेडिट कार्ड के खाते से चालीस हजार रुपए नगद आहरण किया गया उस समय मुझे इस बात की जानकारी नहीं हुई जानकारी होने पर बैंक शाखा प्रबंधक व उक्त व्यक्ति से पूछताछ किया तो उक्त व्यक्ति ने गलती से आपका पैसा निकल गया आपका पैसा मिलेगा लेकिन बार बार दौड़ते रहे उक्त व्यक्ति बैंक का दलाल है। उक्त व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए पैसा वापस दिलाने की मांग किया है।

### टेलर कार की टक्कर में एक की मौत

**चुनार (मिर्जापुर)।** थाना चुनार क्षेत्रान्तर्गत चचेरी मोड़ के पास हाइवे पर वाराणसी की तरफसे आ रही ट्रेलर तथा मिर्जापुर के तरफसे वाराणसी की तरफजा रही कार दुर्घटना ग्रस्त हो गई। जबकि कार में सवार चार लोग घायल हो गये। जिससे कार सवार संजू यादव उर्फसंजय यादव पुत्र रामलाल निवासी पिपराही थाना चुनार 50 वर्ष की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। धर्मशिला पत्नी संजय 45 वर्ष, ममता पत्नी प्रवेश 25 वर्ष निवासी पिपराही थाना चुनार व रविंदर गौड पुत्र बैजनाथ महाराजगंज 40 वर्ष व 03 छोटे बच्चे घायल हो गये। सूचना पर पुलिस उच्चाधिकारी व थाना चुनार पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल उपरोक्त सभी को प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुनार भिजवाया गया, जहां से चिकित्सकों द्वारा बेहतर उपचार हेतु ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर किया गया। थाना चुनार पुलिस द्वारा मृतक संजय उपरोक्त के शव तथा ट्रेलर वाहन को कब्जे में लेकर नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। मौके पर शांति एवं कानून व्यवस्था सामान्य है।

### प्रबंधक ने लगाये जा रहे आरोपों को नकारा

**राजगढ (मिर्जापुर)।** क्षेत्र में संचालित किसान इंटर कालेज राजगढ़ के प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह ने अपने उपर लगाये जा रहे आरोपों को सिरे से खारिज किया है। प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि किसान इंटर कालेज की अपनी एक मातृ संस्था है। संस्था के नाम से खाली जमीन पर संस्था की आय बढ़ाने के उद्देश्य से संस्था द्वारा पारित प्रस्तावों के अनुपालन में नियमानुसार संस्था की देखरेख में ब्यवसायिक कमरों का निर्माण किया गया है।जिसका लेखा-जोखा संस्था के पास संरक्षित है। क्षेत्र के जिनसे हमारी ब्यक्तिगत रंजिश चल रही है। उनके द्वारा अनावश्यक रूप से परेशान करने की नियति से कूट रचित अभिलेखों के आधार पर संस्था को बदनाम करने के उद्देश्य से दुष्प्रचार किया जा रहा है।स्कूल की जमीन पर किए जा रहे दुष्प्रचार के संबंध में प्रबंध समिति नियमानुसार विधिक सलाह के आधार पर कार्यवाही करने के संबंध में विचार कर रही है। बिद्यालय के प्रति किये जा रहे दुष्प्रचार में कोई सत्यता नहीं है।

### वनकर्मियों ने ग्रामीणों के साथ मनाया विश्व वन्यजीव दिवस

**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया रेंज के रेंज कार्यालय दिघिया में रविवार को विश्व वन्यजीव दिवस का आयोजन किया गया जिसमें वन दारोगा अजय प्रकाश चंद्रशेखर प्रजापति ने उपस्थित ग्रामीणों को विश्व वन्यजीव दिवस के बारें में जानकारी देते हुए वनसंपदा के संरक्षण के लिए जागरूक किया है कहा कि विश्व वन्यजीव दिवस मानाए जाने का मुख्य उद्देश्य वन्यजीव के संरक्षण के लिए है कि वन्यजीवों को कैसे संरक्षित किया जाय वन्यजीवों से हमें भोजन तथा औषधियों के अलावा और भी कई प्रकार के लाभ मिलते हैं। इसमें से एक है वन्यजीव जलवायु संतुलित बनाए रखने में मदद करते हैं। ये मानसून को नियमित रखने तथा प्राकृतिक संसाधनों की पुनःप्राप्ति में सहयोग करते हैं। पर्यावरण में जीव-जंतु तथा पेड़-पौधों के योगदान को पहचानकर तथा धरती पर जीवन के लिए वन्यजीवों के अस्तित्व का महत्व समझते हुए हर साल विश्व वन्यजीव दिवस अथवा वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ डे मनाया जाता है।इस दौरान वन्यजीव रक्षक रामदास आदिवासी शीतला बक्स सिंह, राजकुमार, अरविंद कुमार आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

### महिला दिवस मनाने को लेकर विचार-विमर्श

**जौनपुर ।** जिले के बरसठी बाजार में अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के द्वारा विगत वर्ष की भाती इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आठ मार्च को मनाने को लेकर मनीपुर में किया गया बैठक इस दौरान पदाधिकारी ने बताया कि उक्त ग्राम पंचायत में ही मनाया जायेगा । रूप रेखा को लेकर बैठक ग्राम प्रधान बृजेश पटेल की अध्यक्षता में किया गया । बैठक के दौरान कहा गया कि महिलाओं के शिक्षा,चिकित्सा और उनकी तमाम परेशानीयों , बीमारियों के निराकरण तथा आत्मनिर्भर बनाने पर चर्चा की गयी । अपने क्षेत्र में अच्छा काम करने वाले महिलाओं को सम्मानित किया जायेगा । बैठक मे जिलाध्यक्ष दीपक कुमार पटेल, अखिलेश कुमार पटेल, बच्चे लाल कोटेदार, इंद्रजीत पटेल, प्रेमचंद पटेल, डॉ चंद्रेश पटेल ,सुजीत पटेल, चंद्रसेन पटेल, सालिक राम पटेल, शेषणारायन,सहित तमाम लोग उपस्थित रहे बैठक का संचालन एस बी पटेल ने किया ।

### कमाने गये युवक को पड़ोसी ने चाकू घोंपा, मौत

**जौनपुर।** सरपतहां थाना क्षेत्र के पट्टीनरेन्द्रपुर गांव निवासी युवक की चेन्नई में चाकू मारकर हत्या कर दी गई। युवक के मौत की खबर लगते हीं परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। उक्त गांव निवासी मिंटू गौतम(23) पुत्र स्व.राम दवर गांव के कुछ लोगों के साथ रोजी-रोटी के सिलसिले में चेन्नई गया था,वहां राजगीर का काम कर परिवार का भरण-पोषण करता था। शनिवार की शाम पट्टीनरेन्द्रपुर निवासी विक्रम उर्फपंडित जो उसी के साथ वहां कमाने गया था, वह मिंटू से फोन पर बात कर रात का भोजन उसके यहां करने के लिए लगभग 18 कि.मी.दूर उसके पास पहुंच गया।

# प्रोजेक्ट अलंकार योजना का शुभारंभ

**सोनभद्र ।** राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में आधारभूत संरचना उपलब्ध कराने हेतु राज्य सरकार के निर्देशन में प्रोजेक्ट अलंकार योजना का शुभारंभ/ शिलान्यास कार्यक्रम जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सोनभद्र के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के कर कमलों द्वारा राजकीय जुबली इंटर कॉलेज गोरखपुर से लोकार्पण किया गया जिसका सजीव प्रसारण जनप्रतिनिधियों के सम्मुख प्रदर्शित किया गया। ततक्रम में मुख्य अतिथि पकौड़ी लाल कोल (सांसद) एवं सत्यनारायण पटेल ( जिला अध्यक्ष, अपना दल),प्रकाश सिंह (उप शिक्षा निदेशक/ डायट प्राचार्य),जीत रावत (ब्लॉक प्रमुख सदर) ,राम आधार कोल (ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि, करमा ) व अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पूजन अर्चन कर जनपद में इस प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। इस मौके पर अतिथिगणों द्वारा विभिन्न योजनाओं से संबंधित शिलापट्टो के लोकार्पण का महत्वपूर्ण कार्य भी पूर्ण किया गया । जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय राजेंद्र प्रसाद यादव के द्वारा इस योजना पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि सत्र 2023= 24 के अंतर्गत जनपद के 34 चयनित राजकीय विद्यालयों में संचालित होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों यथा राजकीय इंटर कॉलेज घोरावल में 10 कक्षा कक्ष के निर्माण, राजकीय इंटर कॉलेज कोन में तीन कक्षा कक्ष के निर्माण सहित विभिन्न राजकीय विद्यालयों में मल्टीपरपज हाल, पुस्तकालय कक्ष, भौतिक/ रसायन विज्ञान प्रयोगशाला ,जीव विज्ञान प्रयोगशाला, अतिरिक्त कक्षा कक्ष व स्वच्छ पाइप पेयजल योजना हेतु प्रथम किस्त की धनराशि के रूप में 10 करोड़ 40 लाख रुपए शासन द्वारा अवमुक्त कर दी गई है एवं जनपद सोनभद्र के इन समस्त कार्यों को पूर्ण करने हेतु कार्यदायी संस्था के रूप में उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड क्क्क्ष्ठ्र मिर्जापुर इकाई को नामित भी कर दिया गया है।

### संकल्प पत्र सुझाव विकसित भारत अभियान शुरू

चुर्क। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चल रहे अभियान के अन्तर्गत संकल्प पत्र सुझाव विकसित भारत मोदी की गारन्ती का कार्यक्रम सदर विधान सभा क्षेत्र के चुर्क नगर पंचायत क्षेत्र में कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि विकसित भारत मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान से संबंधित पेटी सदरविधानसभा के हर क्षेत्र में रखी जाएगी. जिसमें आम लोग अपने सुझाव इस पेटी में लिखित रूप से रखेंगे इसके अलावा पार्टी ने नमो ऐप और मोबाइल नंबर 9090902024 को जारी किया है. पार्टी ने इस अभियान के लिए एलईडी प्रचार रथ भी शुरू किया है, जो प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में जाकर सार्वजनिक स्थलों पर लोगों से सुझाव मांगने का काम करेगा।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**वाराणसी।** अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोर शोध एवं सेवा संस्थान वाराणसी की महिला मण्डल शाखा की तरफ़ से आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में करीब साढ़े 400 लोगों ने अपना चेकअप कराया और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श लिया ।

संस्थान के अध्यक्ष अघोराचार्य महाराजश्री बाबा सिद्धार्थ गौतम राम जी की अध्यक्षता में हुए इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में वाराणसी शहर के जाने-माने चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दी । वाराणसी के जाने माने चिकित्सकों, डॉ. राजीव सिंह (फिज़ीशियन), डॉ. सुनील सिंह व डॉ. नीलम सिंह (डेंटल), डॉ. प्रज्ञा ओझा (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. अजय मौर्या (नेत्र रोग विशेषज्ञ) तथा डॉ. प्रासंगिक बोस की अगुवाई में चले निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सुबह से ही आवेदनकर्ताओं का आगमन, रविन्द्रपुरी स्थित संस्थान के मुख्यालय, बाबा कीनाराम स्थल, क्रीं-कुण्ड पर शुरु हो गया था। मरीज़ों के रजिस्ट्रेशन तथा सम्बंधित डॉक्टर द्वारा चेकअप के बाद मरीज़ों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया।

## वार्षिक स्वास्थ परीक्षण शिविर संपन्न

**वाराणसी।** आज दिनांक 03.03.2024 को बरेका अधिकारी क्लब में वार्षिक स्वास्थ परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देवेश कुमार ने पुष्प गुछ प्रदान कर महाप्रबंधक बरेका श्री बसुदेव पांडा का स्वागत किया।

जाँच शिविर का शुभारम्भ करते हुए श्री बसुदेव पांडा ने बताया कि प्रत्येक रेलकर्मी का हर वर्ष स्वास्थ परीक्षण का प्रावधान किया गया है ताकि बीमारियों की प्रारंभिक जाँच कर शीघ्र उपचार किया जा सके।

आजकल दोषपूर्ण खानपान, तनाव व जीवनशैली के कारण बीमारियाँ बढ़ती जा रही है जिसकी रोकथाम व उपचार के लिए नियमित रूप से स्वास्थ परीक्षण करने की आवश्यकता है। स्वस्थ कर्मी से कारखाने की उत्पादन क्षमता व गुण्वत्ता मे वृद्धि होने के साथ औधोगिक संवेदनशीलता बनी रहती है।

इस अवसर पर डॉ देवेश कुमार ने बताया कि आज इस स्वास्थ परीक्षण शिविर में बरेका अधिकारी व उनके परिवारजनो का बी.एम.आई पताकर उन्हें मोटापा से आगाह किया जाएगा ताकि जीवनशैली बीमारियों से बचाव हो सके।

सभी का रक्तचाप मापन, ईसीजी व आवश्यक रक्त जाँच कर बीमारियों को प्रारंभिक अवस्था में पता करने के साथ साथ पूर्व ग्रसित बीमारी पर निगरानी बरती जायेगी। बीएमडी जांच कर हड्डियों की मजबूती तथा फाइब्रोस्कैन जांच कर लिवर की वस्तुस्तिथी देखी जा सकेगी।

# खेल के क्षेत्र में अविस्मरणीय काम कर रही सरकार

**जौनपुर ।** क्रीड़ा अधिकारी ने अवगत कराया है कि जिला स्तरीय महिला कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर में तथा जिला स्तरीय पुरूष फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के एकलव्य स्टेडियम में किया गया। उक्त प्रतियोगिता में जनपद की महिलाध्पुरूषों की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्यामबाबू यादव, जिला पंचायत सदस्य द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि का अंगवस्त्रम एवं माल्यार्पण कर क्रीड़ा अधिकारी डॉ0 अतुल सिन्हा द्वारा स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों को वर्तमान सरकार की खेल के क्षेत्र में किये गये कार्यो पर प्रकाश डालते हुए यह कहा गया कि जितना कार्य खेल के क्षेत्र में इस सरकार द्वारा किया गया उतना कार्य किसी भी सरकार द्वारा नहीं किया गया। क्रीड़ा अधिकारी द्वारा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए आयोजित किये जाने वाले समस्त प्रतियोगिताओं के बारे में बताया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि का खिलाड़ियों से परिचय कराया गया। प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण के मुख्य

अतिथि मनीष कुमार पाल, प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिद्दीकपुर एवं विशिष्ट अतिथि मनीष रघुवंशी, जिला प्रशिक्षण अधिकारी रहे। इन द्वय अतिथियों द्वारा विजेता-उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों के साथ ही निर्णायकों का पुरस्कृत किया गया। जिला स्तरीय सीनियर महिला खो-खो मैच का विवरण इस प्रकार है- प्रथम सेमीफाइनल मेंहदी व स्टेडियम के मध्य खेला गया जिसमें मेंहदी की टीम 19-03 से विजयी हुई। फाइनल मैच मेंहदी व शिवबरन ''ए'' के मध्य खेला गया जिसमें मेंहदी की टीम 08-05 से विजेता होकर खिताब पर कब्जा किया। जिला स्तरीय सीनियर महिला कबड्डी मैच के प्रथम सेमीफाइनल तलाशपुर व एस0सी0सी0 क्लब के मध्य खेला गया जिसमें तलाशपुर की टीम 21-03 से विजयी हुई। दूसरा सेमीफाइनल स्टेडियम ''बी'' व रामनगर के मध्य खेला गया जिसमें रामनगर की टीम 39-13 से विजेता हुई। फाइनल मैच तलाशपुर व रामनगर के मध्य खेला गया जिसमें तलाशपुर की टीम 22-20 से विजेता होकर खिताब अपने नाम किया।जिला स्तरीय सीनियर पुरूष फुटबाल मैच में पहला सेमीफाइनल टी0डी0कॉलेज एवं स्टेडियम ''बी'' के मध्य खेला गया जिसमें टी0डी0कॉलेज की टीम ने 1-0 से विजय प्राप्त किया। टी0डी0 कालेज की टीम की ओर से विजेता गोल रिशू विश्वकर्मा ने किया। दूसरा सेमीफाइनल स्टेडियम ''ए'' व केराकत स्पोर्टिंग क्लब के मध्य खेला गया जिसमें स्टेडियम ''ए'' की टीम 01-00 से विजेता हुई। फाइनल मैच टी0डी0कॉलेज व स्टेडियम ''ए'' के मध्य खेला गया जिसमें दोनो टीमों के बीच कांटे की टक्कर हुई अंततः फैसला ट्राईब्रेकर के आधार पर हुआ जिसमें स्टेडियम ''ए'' की टीम टी0डी0कॉलेज 4-2 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया।

### विभागीय आदेश को लेकर शिक्षक संघ देगा ज्ञापन

**जौनपुर।** परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत छात्रों की उपस्थिति तथा एमडीएम की सूचना ऑनलाइन भेजने के दबाव तथा नही भेजे जाने पर वेतन बाधित करने की धमकी से शिक्षकों में काफी आक्रोश है। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने कहा कि इस आदेश से आक्रोशित शिक्षक सोमवार 4 मार्च को दोपहर साढ़े तीन बजे प्रत्येक बी आर सी पर एकत्रित होकर खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से महानिदेशक स्कूल शिक्षा,लखनऊ को संबोधित ज्ञापन सौंपेंगे।श्री शुक्ला ने कहा कि विभाग के द्वारा केवल टैबलेट उपलब्ध कराया गया है। परंतु टैबलेट सक्रिय करने हेतु सरकारी सिम कार्ड उपलब्ध नहीं कराया गया है। बिना सिम कार्ड उपलब्ध कराए बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा अब शिक्षकों को अपने व्यक्तिगत आईडी से सिम कार्ड खरीदने के लिए दबाव बनाया जा रहा है।जबकि शिक्षकों पर दबाव डालने वाले अधिकारी स्वयं विभागीय कार्य करने के लिए विभागीय सिम का प्रयोग करते हैं।

## सुझावों से तैयार होगा भाजपा का चुनावी एजेंडा: विधायक

**जौनपुर।** बदलापुर के विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि करोड़ों लोगों की जनभावनाओं के अनुरूप प्राप्त सुझावों के आधार पर भाजपा के लिए अपना चुनावी एजेंडा तैयार करेगी। विकसित भारत मोदी की गारंटी विषय पर लोगों के सुझाव लिए जा रहे हैं। इसमें विधानसभा में कई जगह पेटी रखी जाएंगी। इसमें आम लोगों के साथ व्यवसायी, उद्योगपति, सीए, एडवोकेट, डॉक्टर, पत्रकार से जुड़े लोगों से पार्टी कार्यकर्ता संपर्क कर सुझाव पेटिका में सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। इसके बाद भाजपा घोषणा पत्र तैयार करेगी इसके आधार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा तीसरी बार सरकार बनायेगी और भारत दुनिया में तीसरी महाशक्ति बनेगा। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो बार की सरकार का कार्यकाल पूरा कर लिया है। 2014 में जब सरकार बनी तब पीएम ने अपना संकल्प पत्र जनता और देश से जुड़े मुद्दों को लेकर जारी किया था। इसमें हमने 97 प्रतिशत काम किया। जब 2019 में सरकार बनी तब भी संकल्प पत्र जारी किया था। सरकार ने ईमानदारी

के साथ अपने सभी कार्य किए हैं। ऐसे ही तीसरी बार हम चुनाव में जा रहे हैं। दोबारा हम संकल्प पत्र जारी करेंगे इसलिए एक करोड़ लोगों से संपर्क करके पांच हजार अलग-अलग स्थानों पर सुझाव पेटिकाएं लगाकर सुझाव आमंत्रित करेंगे।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ सभी वर्ग के लोगों को मिल रहा है। भाजपा जाति और धर्म के नाम पर राजनीति नहीं कर रही है। हमारे एजेंडे में किसान, नौजवान, महिलाएं सभी वर्ग के लोग हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ सलमा और सुनीता, राम लाल और रमजान खान दोनों को मिल रहा है। हमारी सरकार किसी के साथ भेदभाव नहीं करती है। उन सुझावों को संकलित करके पूरे देश में आने वाले समय में भाजपा का क्या संकल्प होगा क्या घोषणा होगी वह जारी करेंगे। उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प 2047 के तहत देश को विकसित राष्ट्र के रूप में खड़ा करना है। विगत 10 सालों में मोदी सरकार ने समाज की अपेक्षाओं को पूरा करने का कार्य किया है। घोषणा पत्र के संयोजक एव जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंघानियाँ जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता पूर्व जिला मंत्री धर्मपाल कन्नौजिया जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह आदि उपस्थित रहे।

## एमडीएम भोजन मेन्यू के अनुसार न देने का आरोप

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत महुगढ के प्राथमिक विद्यालय केवटान महुगढ के प्रभारी प्रधानाध्यापक माबूद अहमद द्वारा विद्यालय के छात्र छात्राओं को जबरन उर्दू पढ़ाया जाता है जिससे विद्यालय के छात्र छात्राएं शिक्षा के लिए विद्यालय में नहीं जा रहे हैं छात्र छात्राओं का आरोप है कि प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा पठन पाठन कार्य उर्दू में किया जाता है छात्र छात्राओं के टीसी भी उर्दू भाषा में बनाया जा रहा है। विद्यालय में बनने वाले एमडीएम मिड डे मील भोजन घटिया सामग्री से बनाई जाती है जिससे बच्चे मिड डे मील भोजन नहीं कर रहे हैं। विद्यालय के जर्जर भवन में छात्र छात्राओं को शिक्षा दी जा रही है जो पूरी तरह से जर्जर हालत में है जबकि विद्यालय परिसर में बनाए गए अतिरिक्त कक्ष के भवन को प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा स्टोर रूम बनाया गया है जिसमें मिड डे मील भोजन बनाने के लिए लकड़ी

रखी गई है इतना ही नहीं विद्यालय में रसोईयों द्वारा मिड डे मील भोजन चुल्हे पर लकड़ी से बनाया जा रहा है जबकि शासन ने मीड डे मील भोजन बनाने के लिए गैस सिलेंडर दिया गया है लेकिन प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा लकड़ी से चुल्हे पर मीड डे मील भोजन बनवाया जा रहा है। छात्र छात्राओं की उपस्थिति मनमानी तरीके से भरकर मीड डे मील का पैसा खारिज किया जा रहा है। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने प्रभारी प्रधानाध्यापक के स्थानांतरण की मांग के लिए विद्यालय में प्रदर्शन किया है।

## विश्व वन्यजीव दिवस पर लायन सफारी में गोष्ठी हुई आयोजित

**इटावा।** विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर इटावा सफारी पार्क में एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का मुख्य विषय च्च्वन्यजीव संरक्षण हेतु प्रेस एवं मीडिया के माध्यम से जन जागरूकताज्ज् रहा।

इटावा सफारी पार्क के निदेशक डा.अनिल कुमार पटेल द्वारा विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर वन्यजीवों के संरक्षण में मीडिया की भूमिका तथा लॉयन सफारी पार्क की उपलब्धियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। उन्होंने बताया कि इटावा सफारी पार्क में बब्बर शेरों में सबसे पहले कैनाइन डिस्टेम्पर बीमारी का पता लगाया गया था तथा इसकी रोकथाम हेतु वैक्सीनेशन भी किया गया।अब इसी क्रम में भारत वर्ष में इटावा सफारी पार्क द्वारा अन्य प्राणि उद्यानों को कैनाइन डिस्टेम्पर वैक्सीन की आपूर्ति की जा रही है।इसके साथ ही विलुप्त प्रजाति के बब्बर शेर का सफलता पूर्वक प्रजनन का कार्यक्रम चलाया जा रहा है तथा बब्बर शेरों की दूसरी पीढ़ी की वृद्धि हेतु अग्रसर है।विगत 03 सितम्बर 2023 को शेरनी रूपा से जन्में शावक,जिसे मां द्वारा त्याग दिया गया था का लालन पालन सफारी पार्क के अजय सिंह द्वारा किया जा रहा है।जिसकी उम्र अब 06 माह की हो चुकी है और वह पूर्ण स्वस्थ भी है।यह सफारी प्रशासन के लिए बड़े ही हर्ष का विषय भी है। उक्त दोनों कर्मियों को उनके अच्छे कार्यशैली के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस मौके पर विश्व वन्यजीव दिवस 2024 के विषय वस्तु जनता और ग्रह को जोड़ना वन्यजीव

संरक्षण में डिजीटल नवाचार की खोजज्ज् पर भी विचार व्यक्त किये गये।गोष्ठी में वन्यजीव विशेषज्ञ सर्पमित्र डा.आशीष त्रिपाठी जिनके द्वारा जनपद इटावा में विभिन्न सर्पों एवं अन्य वन्यजीवों को सुरक्षित रेस्क्यू करने में अग्रणी भूमिका निभायी जा रही है के द्वारा अपने रेस्क्यू अनुभव तथा कठिनाइयों के बारे में गोष्ठी में सभी को अवगत कराया गया।इस अवसर पर विभिन्न समाचार पत्रों एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े मीडिया बन्धुओं के साथ-साथ इटावा सफारी पार्क के बायोलॉजिस्ट बी.एन.सिंह,क्षेत्रीय वन अधिकारी रूपेष श्रीवास्तव,पशु चिकित्सक डा.रोबिन सिंह यादव एवं डा.शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## वैश्विक स्तर पर भारत की पहचान बनाये रखना सर्वोपरि

**जौनपुर।** माता प्रसाद आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय भभौरी जौनपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के तीनो इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, के शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व प्राचार्य टी0डी0 कॉलेज प्रो0 समर बहादुर सिंह एवं विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के संचालक डॉ0 विजय बहादुर सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया । तत्पश्चात स्वयंसेविका स्मृति सिंह एवं पूजा यादव द्वारा सरस्वती वंदना एवं भूमि गौतम द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि प्रो0 समर बहादुर सिंह ने कहा की आज वैश्विक स्तर पर भारत की जो पहचान है उसको बनाये रखना आप सभी का काम है। उन्होंने बताया की देश हम सभी के लिए

सर्वोपरि होना चाहिये।विशिष्ट अतिथि डॉ0 विजय बहादुर सिंह ने कहा कि किसी भी विद्यार्थी के जीवन मे अनुशासन उनके कामयाबी की कुंजी है ।इसके पूर्व स्वयंसेवी शिविर स्थल पर पहुंच कर शिविर स्थल की साफ सफाई की। साथ ही साथ तिरंगा यात्रा निकाल के आम जनमानस को देश प्रेम कर प्रति जागृत किया।इसके पश्चात कार्यक

## संक्षिप्त समाचार

### भगवत भजन ही मुक्ति का मार्ग : प्रीति रामायणी

**मुसाफिरखाना अमेठी।** रविवार को दादरा गांव स्थित हींगलाज मंदिर पर चल रही कथा के आठवें दिन दिल्ली से आई साध्वी प्रीति रामायणी ने राम कथा सुनाते हुए आये हुए भक्तों को भाव विभोर कर दिया। राम चरित्र मानस की यह चौपाई(कौन स काज कठिन जगमाहीं जो नही होत तात तुम पाहीं) का वर्णन करते हुए कहा कि जब मां सीता की खोज के लिये भालू बानर की सेना समुद्र के किनारे खडी थी और समुद्र को लांघकर लंका जाकर माता सीता की खोज करना था। लेकिन समुद्र को लाघने की हिम्मत कोई जुटा नही पा रहा था। ऐसे में जामवंत ने हनुमान जी को उनका बल याद दिलाते हुऐ बताया कि हे बजरंगबली आपमे अपार शक्ति है ऐसे कई समुद्र आप एक साथ लांघ सकते हो जिस पर हनुमानजी को अपने बल का अहसास हुआ और बजरंगबली ने सौ योजन का समुद्र लांघकर लंका मे प्रवेश किया और लंका जाकर मां सीता की खोज कर प्रभु राम के पास आकर संदेश सुनाया। इस मौके पर दलडपट बहादुर सिंह हंसराज सिंह रणबीर सिंह फतेह बहादुर सिंह सुजीत सिहं रमाशंकर सिंह जय करण मिश्र अमरेज सिंह राजगौरव सिंह महेन्द्र मिश्रा राम सुधारे तिवारी शुभम सिंह सत्यम सिंह अंकित सहित हजारों की संख्या में भक्त मौजूद रहे।

### अजय मिश्र को प्रत्याशी बनाए जाने से खुशी में झूमे कार्यकर्ता

**पलियाकलां-खीरी,(स्पष्ट आवाज)।** देश के गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा एक बार फिर विश्वास जताते हुए उन्हें खीरी से अपना प्रत्याशी घोषित किया है। पार्टी के इस निर्णय के बाद कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। रविवार को पलिया शहर स्थित संसदीय कार्यालय पर सांसद प्रतिनिधि दीपक तलवार की मौजूदगी में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराते हुए बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने पार्टी हाईकमान के निर्णय का स्वागत करते हुए आभार जताया। सांसद प्रतिनिधि दीपक तलवार ने बताया कि इस बार पार्टी प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी चार लाख वोटों का आंकड़ा पार कर जीत दर्ज करेंगे। इस दौरान ब्लाक प्रमुख वीरेंद्र शुक्ल,भाजपा नगर अध्यक्ष उदयवीर सिंह, शशि शंकर शुक्ला, विजय गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### विश्व बधिरता दिवस पर गोष्ठी आयोजित कर किया गया जागरूक

**पलियाकलां-खीरी,(स्पष्ट आवाज)।** रविवार को आरोग्य स्वास्थ्य मेला में अधीक्षक डा. भरत सिंह की अध्यक्षता में विश्व बधिरता दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का संचालन कांउसलर अंकित दीक्षित ने किया। हर साल की तरह तीन मार्च को विश्व बधिरता दिवस की थीम को जनहित में रखते हुए जन जागरूकता कार्यक्रम को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में लोगों को जागरूक किया गया। कान में मवाद, खून, पानी जाना, दर्द होना और किसी भी प्रकार के कान संबंधित लक्षण होने पर डॉक्टर को दिखाकर दवा लेने की बात कही गई। साथ ही अगर खून और मवाद से बदबू आ रही है तो इसको गंभीर बीमारी भी बताया गया। इस दौरान अधीक्षक डा. भरत सिंह, डा. रामकिशोर वर्मा, डा. सुभाष राना, कांउसलर अंकित दीक्षित, फार्मासिस्ट टी रहमान, अभिषेक शुक्ला, एलटी अमन कुमार समेत मुकेश वर्मा, पंकज वर्मा, राम दुलारे आदि मौजूद रहे।

### भाजपा अनुसूचित मोर्चा की बैठक का हुआ आयोजन

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। भाजपा जिला कार्यालय पर रविवार को भाजपा अनुसूचित मोर्चा की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें आगामी सात मार्च को आगरा में आयोजित भाजपा अनुसूचित वर्ग महासम्मेलन की सफलता पर चर्चा किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष संजय गौतम ने कहा कि भाजपा अनुसूचित मोर्चा का राष्ट्रीय महासम्मेलन 7 मार्च को कोठी मीना बाजार मैदान में होगा। इसमें पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा मार्गदर्शन करेंगे। इसमें मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा सहित अन्य प्रदेशों के जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। सम्मेलन में दलित उत्थान सहित अन्य विषयों पर मंथन होगा।महासम्मेलन की जिम्मेदारी तय की। इन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने दलित महापुरुषों के मान सम्मान और दलितों के लिए कई बड़ी योजनाएं तैयार की हैं। इसकी सफलता के लिए आमंत्रण यात्रा निकाल दलितों के घर-घर दस्तक दी जायेगी। बैठक में प्रकोष्ठ के जिला महामंत्री शिवप्रकाश कन्नौजिया, जिला उपाध्यक्ष विश्राम गौतम, जिला मंत्री जोखन प्रसाद, अजय वरुण, चन्द्रकेश गौतम, अशोक पासवान, बृजेश कन्नौजिया, दीपचंद्र, मनोज कुमार आदि मौजूद रहें।

### महिला की सगरा में डूबकर मौत

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** स्थानीय सब्जी मंडी स्थित सगरे में रविवार की सुबह महिला की डूबकर मौत हो गयी। हर रोज की तरह महिला मार्निंग वाक् के बाद बत्तख को दाना खिलाने सगरे के पास गयी थी। रविवार को कस्बा के वार्ड 9 निवासी वीरेंद्र टंडन ने कोतवाली पुलिस को लिखित सूचना देते हुए बताया कि उनकी पत्नी शिवानी टंडन भोर में मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकली थी। वे रोज की भांति मार्निंग वाक के समय सुबह सब्जी मंडी स्थित सगरा के पास बत्तखों को दाना खिलाने गयी थी। बारिश होने के कारण अचानक उनका पैर फिसल गया और वह सगरा में गिर कर डूब गई। जब तक उन्हें बाहर निकाला जाता तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। एसएचओ विनोद कुमार सिंह ने बताया कि मृतका के परिजनों के साथ ही उसके मायके वालों ने भी पुलिस को घटना इत्तफाकिया घटित होने की बात बताते हुए कोई कार्रवाई न करने का अनुरोध किया था। परिजनों ने मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया।

### फंदे से लटकता मिला युवक का शव, कोहराम

लालगंज प्रतापगढ़। लीलापुर थाना के छेंमर सरैंया के घासी के पुरवा में युवक ने साड़ी का फंदा बनाकर मौत को गले लगा लिया। मृतक युवक ने अज्ञात करणों से घर के भीतर छत पर लगे चुल्हे से लटक कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली । रविवार की सुबह जब मृतक के काफी कमरे का दरवाजा काफी देर तक नही खुला तो परिजन अनहोनी की आशंका में काप उठे। परिवार के सदस्यों ने खिड़की से कमरे के अंदर झांक तो युवक को फंदे से लटकता देख अवक रह गए। छेंमर सरैंया गांव के घीसा के पुरवा में रविवार सुबह 20 वर्षीय ऋतिक गौतम पुत्र श्यामलाल गौतम का शव साड़ी के फंदे से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के मुताबिक मृतक ऋतिक शनिवार को रात में घर में खाना खाने के बाद प्रतिदिन की भांति चाचा कड़ेदीन के घर में सोने के लिए चला गया और सुबह उसका शव कमरे में फंदे से लटकता मिला। घटना के बाबत परिजन कुछ बता नही पा रहे हैं। मृतक पांच भाइयों बल्लू गौतम, रवि, शिवम व शुभम गौतम से छोटा था। बड़ा भाई बल्लू दिल्ली में रहता है। मृतक के पिता तीन भाई हैं। पिता श्यामलाल मिस्त्री है। मृतक इंटर की पढ़ाई करने के बाद घर पर ही रहता था और अविवाहित था। घटना से मां रानीदेवी का रो-रोकर बुरा हाल है। लीलापुर एसओ नरेंद्र सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

### आज चुनाव समिति की बैठक

लालगंज, प्रतापगढ़। संयुक्त अधिवक्ता संघ के वार्षिक चुनाव को लेकर चुनाव समिति की बैठक आज सोमवार को दोपहर बारह बजे से होगी। यह जानकारी समिति के प्रवक्ता विकास मिश्रा ने दी है।

### बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान

**मोहम्मदी-खीरी, (स्पष्ट आवाज)।** क्षेत्र में भी मौसम अचानक तेज हवाओं के साथ भारी बारिश और ओलावृष्टि होने से किसानों की तैयार फैसलों में भारी नुकसान हो जाने से चेहरे मुरझा गए हैं।रविवार को सुबह फिर से अचानक तेज हवाओं के साथ शुरू हुई बारिश और ओलावृष्टि होने से गेहूं, तिलहन, केला और आम के पेड़ों में आए बौर क्षतिग्रस्त हो जाने से भारी नुकसान होने की आशंका प्रबल हो गई है। भारी नुकसान के बाद किसान मिलने वाली सरकारी क्षतिपूर्ति की ओर टकटकी लगाए बैठा है। ऐसे मे किसान फसल की बिक्री से कर्ज लौटाने, बेटे और बेटियों की शादी को लेकर बनाई योजना धरी की धरी रह गई। नुकसान के बाद फसल की लागत लौटना भी मुश्किल हो गया है। ऐसे में जीवन यापन करने के लिए संकट खड़ा हो गया है।

# लाखों वोटों से जीतेंगे सांसद : विनय वर्मा

## डुमरियागंज लोकसभा सीट से हैट्रिक लगाने को तैयार : जगदम्बिका पाल

**सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज।** राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक विगत दिनों सम्पन्न हुई, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेता प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व गृहमंत्री अमित शाह आदि शामिल रहें। केन्द्रीय चुनाव समिति ने आगामी लोक सभा चुनाव 2024 के लिए पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है, जिसमें डुमरियागंज लोक सभा सीट से जगदम्बिका पाल को हैट्रिक लगाने को तैयार हैं। रविवार को सांसद जगदम्बिका पाल के सिद्धार्थनगर स्थित आवास पर पहुँचकर विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ के सभी क्षेत्रवासियों, सहयोगियों व शुभचिंतकों के साथ सांसद पाल को भाजपा द्वारा पुनः लोकसभा प्रत्याशी बनाये जाने पर फूल माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर उनको अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। वहीं विधायक विनय वर्मा ने कहा कि ÷अबकी बार 400 पार, अबकी जीतेगी भाजपा सरकार। डुमरियागंज में 4 लाख वोटों के पार, डुमरियागंज लोकसभावासी है तैयार।÷ सांसद

जगदम्बिका पाल के आवास पर कहा कि इस पार सांसद पाल लाखों वोटों से जीतकर हैट्रिक लगायेंगे। इसके साथ ही विधायक विनय वर्मा ने लोकसभा डुमरियागंज के पाँचों विधानसभा शोहरतगढ़, बांसी, कपिलवस्तु, इटवा एवं डुमरियागंज में जनता के साथ-साथ अपना दल (एस), भाजपा एवं निषाद पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ समर्पित होकर मा0 सासंद को 4 लाख से भी अधिक मतों से ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए आश्वस्त किया। वहीं कहा कि अबकी बार 400 पार लक्ष्यों में एक सीट डुमरियागंज को देकर देश के मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं राज्य के मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों को मजबूत करेंगें। इस अवसर पर श्रीमती स्नेहलता पाल, निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष हरिराम निषाद, अपना दल (एस) के विधानसभा प्रभारी रामदास मौर्य, सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल, मण्डल अध्यक्ष चिल्हिया रमेश मणि त्रिपाठी, भाजपा प्रदेश व्यापारी संगठन के संयोजक प्रदीप कमलापुरी, भाजपा व्यापार सह संयोजक संतराम अग्रहरी, भाजपा व्यापार मंडल संयोजक कठेला नीरज कसौधन, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता, पूर्व नगर संयोजक दुर्गेश कमलापुरी, विष्णु सिंह, प्रशांत सिंह, विशाल सिंह, विजय कुमार पाण्डेय, सर्वदेव शुक्ल, राम प्रकाश मिश्र, बीडीओ साहब, अशोक पासवान, चंदरकेश, आशीष अग्रहरी, चंदन अग्रहरी, अजय वरुण, रमाकान्त, पवन कसौधन, पप्पू चौहान आदि सहित अपना दल (एस), भाजपा एवं निषाद पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## उसका में भागवत की धूमधाम से निकली कलश यात्रा

**सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज।** उसका बाजार कस्बा के सुबास नगर वार्ड से शनिवार को श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के लिए भव्य कलश यात्रा निकाली गई।कलश यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।कलश यात्रा यज्ञ अनुष्ठान स्थल से निकल कर आद्या नगर,रानीगंज,स्टेट बैंक रोड होते हुए कूड़ा नदी के दुख्खी माझी घाट पर पहुंची।यहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालु कलश में जल भरकर यज्ञ स्थल पर पहुंचे।यज्ञमान देवेश्वर प्रसाद मिश्र ने कलश में जल भरने के अनुष्ठान को विधि विधान से किया। कथा व्यास आचार्य सुमित कृष्ण जी महराज ने विधि विधान से कलश यात्रा में,कलश में जल भरने का अनुष्ठान पूर्ण किया।इस दौरान भक्तिमय माहौल में जय श्रीराम,हर हर महादेव के नारे से पूरा वातावरण भक्तिमय रहा।कलश यात्रा में चेयरमैन प्रतिनिधि हेमंत कुमार जायसवाल,हरिशंकर सिंह,संतोष मिश्र,पार्थ सारथी,सोमनाथ मिश्र,पवन जायसवाल, अनंत मिश्र,सुनील जायसवाल,दर्पण,राहुल दूबे,मनीष अग्रहरी,अभिषेक यादव, अमित मिश्र,आशीष मिश्रा,सोमनाथ मिश्र,रोहित जायसवाल,शिखा पाण्डेय, सोनी आदि श्रद्धालू उपस्थित रहे।

## डेढ़ करोड़ से देवीपाटन मंदिर का होगा कायाकल्प

अमेठी।नगर पंचायत अमेठी के वार्ड संख्या 2 में स्थित देवीपाटन मन्दिर का कायाकल्प डेढ़ करोड़ रुपये से होगा। शासन ने कायाकल्प को स्वीकृति देते हुए धन का आवंटन कर दिया है। उल्लेखनीय है कि श्री देवी पाटन मन्दिर नगर पंचायत अमेठी का सबसे प्राचीन मंदिर है। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश मसाला के प्रयास से निकाय की अध्यक्ष अंजू कसौधन ने शासन को प्रस्ताव भेजवाया था। शासन ने 28 फरवरी को इस पर मोहर लगाते हुए 1.52 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृति किया है। मन्दिर समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी फूलचन्द्र कसौधन ने बताया कि मंदिर के

जीर्णोद्धार के लिए लंबे समय से प्रयास किया जा रहा था इस सम्बन्ध में कई बार स्थानीय सांसद से मांग किया गया था। श्रीमती कसौधन ने बताया कि इससे मंदिर का संपर्क मार्ग, विश्रामालय, वाटर कूलर, शेड, प्रकाश व्यवस्था, बेंच, परिसर, सौंदर्यीकरण, सीसी रोड और इंटरलॉकिंग का काम होगा। मंदिर को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। श्रीमती अंजू कसौधन ने सांसद स्मृति ईरानी व जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रति आभार प्रकट किया है।

## अंश डिटर्जेंट पाउडर कंपनी का हुआ उद्घाटन

**लोटन सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज।** विकासखण्ड लोटन अंतर्गत नेतवर मे अंश डिटर्जेंट पाउडर कंपनी का भाजपा जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान ने फिता काटकर किया उद्घाटन । इस छोटी सी फैक्ट्री का उद्घाटन करते हुए जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा अब लोटन क्षेत्र भी प्रगति के राह पर चल रहा है । अब लोटन कस्बा भी विकास कर रहा है इस कंपनी से कुछ बेरोजगारों को मिलेगा रोजगार का बाल वही भाजपा मंडल अध्यक्ष दूग नारायण सिंह ने कहा क्षेत्र के कुछ बेरोजगारी कम होगी इस कंपनी में कई बेरोजगारों का काम भी लगेगा कई लोगों

का रोजी-रोटी भी चलेगा । इस दौरान पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष लोटन राम बहादुर शर्मा अर्जुन शर्मा कुपेश शर्मा अनुज शर्मा बबलू गुप्ता कृष्ण दत्त तिवारी योगेंद्र साहनी दिलीप जायसवाल शिवप्रसाद उमेश सिंह तौलन विष्णु प्रजापति संदीप वर्मा जोखन सही तमाम भाजपा कार्यकर्ता एवम आम जनमानस उपस्थित रहे ।

### हरी से मिलने में भक्ति का मार्गदर्शन है भागवतः आचार्य केसरी नाथ

**लालगंज प्रतापगढ़।** भौतिकता से दूर रहकर हरिभजन करने व स्वयं को जोर पूरी तरह ईश्वर को समर्पित कर देता है, वही सच्चा भक्त होता है। यह बातें लालगंज नगर पंचायत के सांगीपुर वार्ड दस में कृपाशंकर द्विवेदी के संयोजन में आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास आचार्य केशरीनाथ तिवारी ने कही। उन्होने कहा कि श्रीमद्भागवत का मूल वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग प्रशस्त करने का है। भागवत का मर्म समझ लेने वाले मानव का मोक्ष सम्भव हो जाता है। उन्होंने भगवान श्री हरि के चौबीस अवतारों का सारगर्भित वर्णन करते हुए श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### युवा भारत के भविष्य, लक्ष्य के प्रति सतर्क रहें

**जौनपुर।** पूर्वांचल विश्वविद्यालय, के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ रविवार को विश्वेसरिया सभागार इंजीनियरिंग संस्थान में किया गया। मुख्य अतिथि बम्होश शुक्ल, गीतांजलि परिवार एवं कार्यालय प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव रहे।

उन्होंने कहा कि युवा भारत के भविष्य है हम लोगों को अपने लक्ष्य के साथ- साथ अपने गांव और प्रदेश के विकास के लिए भी तत्पर रहना होगा तभी देश का संपूर्ण विकास संभव है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. बी.बी. तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का ध्येय वाक्य स्वयं से आप को हम सभी को अपने जीवन में ग्रहण करना होगा जिससे हम लोग अपने व्यक्तिव विकास के साथ- साथ सामुदायिक सेवा के माध्यम से लोगों को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया जा सके। विशिष्ट अतिथि डॉ. रामजनम यादव ने कहा हम आप लोगों के साथ मिलकर अपने गांव, प्रदेश के विकास लिए सदैव तत्पर है।

## 'हरी से मिलने में भक्ति का मार्गदर्शन है भागवत'

**लालगंज प्रतापगढ़।** भौतिकता से दूर रहकर हरिभजन करने व स्वयं को जोर पूरी तरह ईश्वर को समर्पित कर देता है, वही सच्चा भक्त होता है। यह बातें लालगंज नगर पंचायत के सांगीपुर वार्ड दस में कृपाशंकर द्विवेदी के संयोजन में आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास आचार्य केशरीनाथ तिवारी ने कही। उन्होने कहा कि श्रीमद्भागवत का मूल वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग प्रशस्त करने का है। भागवत का मर्म समझ लेने वाले मानव का मोक्ष सम्भव हो जाता है। उन्होंने भगवान श्री हरि के चौबीस अवतारों का सारगर्भित वर्णन करते हुए श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। धरा पर जब भी अधर्म बढा प्रभु ने धर्म की रक्षा और स्थापना के लिए धरती पर विभिन्न रुपों में जन्म लिया। महराज ने सुखदेव जन्म की व्याख्या कर लोगों को भावविभोर कर दिया और कहा कि राजा परीक्षित के कारण ही कलयुग में भागवत श्रवण करने का सुवसर मानव जाति को प्राप्त हुआ है। कथा व्यास ने कहा कि भागवत के चार अक्षरों की व्याख्या करते हुए कहा कि सम्पूर्ण विश्व का कल्याण भागवत में निहित है।इसका तात्पर्य यह है कि भा से भक्ति, ग से ज्ञान, व से वैराग्य

और त से त्याग जो हमारे जीवन में प्रदान करें, उसे हम भागवत कहते है। कथा व्यास ने द्वितीय दिवस के विविध प्रसंगों का सरस वर्णन कर श्रोताओं में आध्यात्मिकता का संचार किया। आभार शिवाकांत द्विवेदी सोनू ने व्यक्त किया। इस मौके पर नगर पंचायत की अध्यक्ष अनीता द्विवेदी, प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, व्यापार मंडल घुइसरनाथ के अध्यक्ष अखिलेश मिश्र, उमाकांत द्विवेदी, श्रीकांत द्विवेदी,सुधाकर तिवारी, कैलाशनाथ तिवारी,पवन शर्मा, शशिकांत द्विवेदी, सुबोधकांत द्विवेदी, आलोक पांडेय, दिलीप पांडेय आदि मौजूद रहे।

## श्री प्रेम मंदिर पर धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**पलियाकलां-खीरी,(स्पष्ट आवाज)।** शहर स्थित श्री प्रेम मंदिर पर वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। सुबह से शुरू हुआ धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। धार्मिक कार्यक्रम के दौरान विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर चल रहे भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

हर साल की तरह इस बार भी शहर के मोहल्ला अहिरान में स्थित श्री प्रेम मंदिर परिसर में रविवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह से शुरू हुआ धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा।

कार्यक्रम में शामिल महिलाएं धार्मिक भजनों पर झूमतीं नजर आईं। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष सहित बच्चों ने भाग लेते हुए चल रहे भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के सेवादारों ने बताया कि मंदिर परिसर में हर साल वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिस क्रम में इस बार भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## पिछड़े वर्ग का हित भाजपा में सुरक्षितः उदयवीर सिंह

**पलियाकलां-खीरी,(स्पष्ट आवाज)।** पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा भाजपा विधायक रोमी साहनी के कैम्प कार्यालय पर पिछड़ा वर्ग के सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष उदयवीर सिंह ने की व संचालन सह संयोजक अवधेश सक्सेना ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए हर्षवर्धन सिंह ने कहा कि मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद पिछड़े वर्ग को सम्मान के साथ ही उनके सामाजिक व आर्थिक स्तर में बहुत अच्छा सुधार हुआ है, इसलिए 2024 के चुनाव में मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने की जिम्मेदारी भी हम सभी की है। इसलिए आज ही से हम सभी अपने समाज को जागरूक करने व भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करने का कार्य करेंगे। भाजपा नगर अध्यक्ष उदयवीर सिंह ने कहा मोदी स्वयं पिछड़े वर्ग से आते है और इस समाज ही हालात देखी है, पिछड़े वर्ग को विपक्षी दलों ने सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करने का कार्य किया इनके हितों के बारे में कभी नही सोचा। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद पिछड़े समाज के हितों के किये सैकड़ों कार्य किए गए उनको आर्थिक सामाजिक व राजनैतिक रूप से मजबूत करने के लिये सार्थक प्रयास किये है

## जनसेवा में कोई कसर नहीं छोडूंगाः जगदम्बिका पाल

**सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज।** डुमरियागंज लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी ने तीसरी बार प्रत्याशी घोषित किया है। उम्मीदवारी को लेकर सबसे अधिक शंकाओं में घिरी इस सीट पर भाजपा ने फिर से भरोसा जताया और जगदम्बिका पाल को चुनाव मैदान में उतारने का फैसला किया।

सांसद जगदम्बिका पाल ने पत्रकार से वार्ता करते हुए कहा जनता की सेवा करने में कोई कसर नहीं छोडूंगा साथ ही कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में जनता की सेवा करने में कोई कसर नहीं छोडूंगा। उन्होंने कहा कि अब विकसित भारत का संकल्प भी उनके

नेतृत्व में पूरा होगा चाहे इसके लिए मुझे स्वयं कि आहुति ही क्यों न देना पड़े।इस संकल्प को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोडूगा डुमरियागंज संसदीय क्षेत्र से मेरा अत्यंत आत्मीय रिश्ता है।यहां की जनता ने भारतीय जनता पार्टी से दो बार सांसद के रूप में चुनकर मुझे सेवा करने का सौभाग्य दिया।एक बार पुनः पार्टी ने अपने इसी परिवार की सेवा का अवसर दिया है,प्रधानमंत्री देश की जनता के हृदय में हैं। उनके विराट नेतृत्व में भाजपा पूर्ण बहुमत कि सीटें प्राप्त कर ऐतिहासिक सरकार बनाएगी।हर हृदय से आवाज आ रही है अबकी बार फिर मोदी सरकार।

इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि हेमंत कुमार जायसवाल,भाजपा नेता रामकुवर जी, राजेंद्र पाण्डेय,दिलीप चतुर्वेदी,राकेश आर्या,दीपक मौर्या, रिंकू पाल,मुरारी सिंह,दिलीप सिंह,सोमनाथ मिश्रा, पवन जायसवाल, अनंत मिश्रा आदि लोगों ने बधाई दिया।

### रोवर्स रेजर के प्रषिक्षण से आते है अच्छे संस्कार

**जौनपुर।** बीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्व विद्यालय के 32वें दो दिवसीय अंतर महाविद्यालयीय रोवर्स रेंजर जनपदीय समागम समारोह का आयोजन क्षेत्र के लालती कुमुदेश्वर महिला महाविद्यालय प्रांगण में शुरू हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुफ्तीगंज के पूर्व प्रमुख विनय कुमार सिंह, राज कालेज के प्राचार्य प्रो. शंभू राम, प्रो. अजय कुमार दुबे कमिश्नर रोवर्स रेंजर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख विनय कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों के रोवर्स रेंजर के प्रशिक्षण से संस्कार एवं सुविचार मिलते है। सुदूर अंचल में स्थित इस महाविद्यालय में इतना बड़ा भव्य आयोजन होना गर्व की बात है।

### भाजपा के नामचीन चेहरे प्रत्याशी बनने को तैयार नहीं : प्रमोद तिवारी

प्रतापगढ़। प्रमोद तिवारी सांसद उप नेता राज्य सभा ने भाजपा के पहले चरण के घोषित उम्मीदवारों में तीन प्रमुख प्रत्याशियों के स्वयं प्रत्याशी न बनने के निर्णय को सरकार के प्रति जनता के कड़वा नतीजा बताते हुए कहा कि 'मोदी सरकार' ने महँगाई, बेरोजगारी की अपने कार्यकाल में जनता को जो दर्द परोसा है उससे देशभर में भाजपा को लेकर जगजाहिर गुस्सा भाँप कर ही नामचीन चेहरे प्रत्याशी बनने को तैयार नहीं हो रहे। श्री तिवारी ने भाजपा द्वारा पश्चिम बंगाल से भोजपुरी अभिनेता एवं सिंगर पवन सिंह तथा दिल्ली से क्रिकेटर गौतम गंभीर तथा केन्द्र सरकार में वित्त राज्य मंत्री जैसे ओहदे पर रहे जयंत सिन्हा द्वारा खुद को प्रत्याशी से हटने के फैसले को भाजपा के सत्ता से बेदखल होने की जमीनी हकीकत पहचानने का निर्णय बताया। श्री तिवारी ने कहा कि देश के राजनैतिक इतिहास में शायद यह पहला सियासी मौका है जब किसी राष्ट्रीय राजनीतिक दल से तीन प्रभावशाली चेहरे भाजपा से अपनी उम्मीदवारी को असुरक्षित मानकर प्रत्याशी नहीं होने के खुद के निर्णय की बाध्यता में दिखे हों। मोदी सरकार कालेधन की वापसी के नाम पर आम आदमी के खाते में पन्द्रह लाख का बार बार झूठा जुमला बोला। बेरोजगारी की पीड़ा झेल रहे देश के नौजवानों को सालाना दो करोड़ नौकरी का झांसा दिया। नौकरी की मोदी सरकार की झूठी साबित हो चुकी गारण्टी के बीच दिन रात मेहनत से कैरियर के युवाओं के सपने प्रतियोगी परीक्षाओं में भी पेपर लीक से अंधकारमय हो उठे हैं।

## एक आदर्श नागरिक व देश भक्त बनने के लिए अनुशासित जीवन आवश्यकः जिला प्रचारक

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित हुआ दो दिवसीय बाल शिविर

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा सदर खंड में स्थित जय मंगल सिंह शिक्षण एवं शिक्षण संस्थान में दो दिवसीय बाल शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बाल शिविर में कक्षा 5 से 9 तक के 184 बाल स्वयं सेवकों ने प्रतिभा किया। शिविर के उद्घाटन सत्र में जिला प्रचारक शिव प्रसाद ने कहा कि यह शिविर बालकों के शारीरिक एवं बौद्धिक प्रशिक्षण की दृष्टि से लगाया गया है। प्रत्येक बालक अनुशासित जीवन अपनाकर एक आदर्श नागरिक व देश भक्त बन सकता है। शिविर में बाल सेवकों के मध्य चर्चा करते हुए राष्ट्रीयय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह हेमंत ने अपने उद्बोधन में वर्तमान समय में बालकों को संस्कारवान बनाने को आवश्यकता बताते हुए कहा कि तभी वे राष्ट्र के सच्चे नागरिक बन सकेंगे। संघ निरंतर विद्यार्थी शाखाओं और बाल शिविरों के माध्यम से बालकों को राष्ट्रभक्त और संस्कारिक बनाने का कार्य कर रहा है। बालकों में संस्कार उत्पन्न करने के लिए उन्हें बचपन से ही महापुरुषों के जीवन आदर्शो से परिचित कराया जाना चाहिए। बालकों को अपने धर्मग्रंथों का अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म के विषय में जानकारी प्राप्त करनी चाहिए। शिविर में बाल स्वयं सेवकों को विभिन्न खेल, सूर्य नमस्कार, समता आदि का

प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर बाल स्वयंसेवक उत्साहित दिखे। शिविर का संचालन जिला बाल प्

# भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगी: चौधरी भूपेन्द्र सिंह

मुरादाबाद। लोक सभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की पहली सूची पर वार्ता करते हुए हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस बार मुस्लिम प्रत्याशियों को पार्टी टिकिट देने जा रही है। सभी वर्गों को साथ लेकर चलने के लिए पार्टी कृत संकल्पित है।

और आगामी चुनावो में एक बार फिर भाजपा अपनी जीत का परचम लहरायेगी। बताते चले कि रविवार की सुबह प्रदेष अध्यक्ष मुरादाबाद पहुंचे और उनके द्वारा मीडिया कर्मियों से वार्ता की गई मीडिया कर्मियों के सवालो का जवाब देते हुये प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी प्रदेश में सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगी। पार्टी संसदीय बोर्ड की अगली बैठक में शेष सीटों पर घोषणा करेगी इसमें गठबंधन को दी जाने वाली सीट भी निर्धारित होंगी। प्रदेश में सबसे बड़ा मुकाबला मुरादाबाद मंडल में ही है। वहीं प्रदेष अध्यक्ष ने आगे कहा कि आगामी लोकसभा चुनावो में भाजपा एक बार फिर जीत का परचम लहरायेगी।

# नदी के बंधें से हो रहे रिसाव के कारण हजारों बिगहा खेती जलमग्न

बिजनौर( स्पष्ट आवाज ) मालन नदी व गंगा के बंधें से ओवरफ्लो होकर पानी आने के कारण गंगा के तटीय क्षेत्र में बसे लगभग एक दर्जन बंगाली समाज के गांवों के खेतों की फसलें तबाह होने से रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है ।

बड़ी संख्या किसान भुखमरी के कगार पर है । तहसील से लेकर डीएम तक सभी से मिलकर समस्या के निराकरण की गुहार लगा चुके हैं यह सिलसिला कई सालों से चल रहा है पर नदी के बंधें को बंद करने के लिए प्रशासन ने कोई कदम नहीं उठाया । बंगाली समाज के कृषक दीपक मंडल,रथेन्द्र विश्वास, नीलकमल, हर विलास, गोविंद विश्वास, निरंजन पाल ,रमेश सरकार, सपन दास आदि का कहना है की खेतों में पानी भर होने के कारण फसल चौपट हो चुकी है यह सिलसिला कई साल से चल रहा है हमें कोई आर्थिक मदद नहीं चाहिए पर सरकारी स्तर पर नदी के बंधें के रिसाव को स्थाई रूप से बंद कर दिया जाए तो हम खेती करके अपने बच्चों का पेट पाल सकते हैं । अगर यही हाल रहा तो हमारे आगे भविष्य में आत्महत्या करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा । किसानों ने इस बार पर दुख व्यक्त किया की चुनाव के समय गांव में आने वाले नेताओं से हर बार इस समस्या को उठाते रहे हैं पर वे भी चुनाव के बाद कभी नहीं लौटकर आते ।गौरतलब है कि रावली गांव से चौधरी चरण सिंह मध्य गंगा बैराज के बीच बसे सनातनी बंगाली समाज के गांव के लोगों की फसलें मालन नदी के पानी के ओवरफ्लो होकर आने एवं गंगा के बांध के पानी के रिस कर आने से जल मग्न हैं। किसान दीपक मंडल का कहना है कि वह सदर विधायक सूची चौधरी के पास भी इस समय समस्या को लेकर गए और कोई सुनवाई नहीं की गई ।

# महाशिवरात्रि एवं रमजान को लेकर सीओ ने की पीस कमेटी की बैठक

मुरादाबाद। महाशिवरात्रि एवं माहे रमजान के त्यौहार को लेकर कोतवाली बिलारी में अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पहुंचे पुलिस क्षेत्र अधिकारी राजेश कुमार, नायब तहसीलदार अनिल कुमार मिश्रा ने सभी लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की और कहा कि आगामी त्यौहारो को आपसी मेल मिलाप के साथ मनायें और भाईचारे की मिसाल कायम करे। बताते चले कि रविवार की सुबह कोतवाली बिलारी में आगामी त्यौहारो के मद्देनजर षांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित बैठक में सभी वक्ताओं ने अपने विचार रखे और अपने-अपने सुझाव सभी अधिकारियों ने आम जनमानस से बड़े ही शांतिपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाने की अपील की एवं आपसी भाईचारा कायम रखने की भी अपील गणमान्य नागरिको से की गई। आयोजित अमन कमेटी की बैठक में नगर के साथ-साथ देहात क्षेत्र के सभी गणमान्य लोग मौजूद रहे। क्षेत्राधिकारी बिलारी राजेष कुमार ने जनता से अपील करते हुये कहा कि सभी त्यौहारो को आपसी भाईचारे व अमनचैन के साथ मनाये।

## संक्षिप्त आवाज़

### फैजगंज बेहटा क्षेत्र में फंदे पर लटका मिला ग्रामीण का शव

बदायूँ(स्पष्ट आवाज़)थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में एक ग्रामीण का शव पेड़ पर पड़े फंदे से लटका मिला है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने इसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम भोजपुर निवासी हरिओम(45) शनिवार देर रात्रि तक अपनी भतीजी की शादी के कार्यक्रम में मौजूद थे।बताया जाता है कि देर रात्रि वह प्रोग्राम से घर चले गए,और फिर लापता हो गए।परिवार वाले समझ रहे थे कि हरिओम दोबारा विवाह कार्यक्रम में चले गए,जबकि कार्यक्रम में मौजूद लोगों को लग रहा था कि वह अपने घर गए होंगे। रविवार की सुबह हरिओम को गायब पाए जाने पर परिवार के लोगों ने उनकी तलाश शुरू कर दी। इसी बीच परिवार के लोगों को सूचना मिली की हरिओम का शव गांव के बाहर पेड़ पर फंदे से लटका हुआ है,जिसके बाद हरिओम के परिजन आनन-फानन में मौके पर पहुंच गए। परिजनों द्वारा पुलिस को घटना की सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हरिओम के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है।

### भारी वर्षा व ओलावृष्टि से जनजीवन अस्त-व्यस्त



बिजनौर( स्पष्ट आवाज ) खराब मौसम तेज बारिश व हवा के हल्दौर नगर में मस्जिद के निकट घनी बस्ती में लगा स्टेट बैंक का नेट टावर गिर गया जो निसार अहमद की छत पर गिरा जिसके कारण भीषण हादसा होने से टल गया निसार के मकान का छज्जा टावर गिरने से ध्वस्त हो गया ।जनपद में हो रही भारी वर्षा व ओलावृष्टि के चलते कई शहरों में विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई वहीं सड़कों के किनारे खड़े पेड़ भी बड़ी संख्या में टूट गए । धामपुर अफजलगढ़ नगीना शेरकोट क्षेत्र में ओलावृष्टि से जनजीवन असव्यस्त हो गया वहीं गेहूं की फसल को भारी नुकसान होने की संभावना व्यक्त की जा रही है ।

### डीएम ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारियो के संबंध में की बैठक

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ तथा मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में समस्त नोडल अधिकारी/अपर नोडल अधिकारी/प्रभारी अधिकारी/उड़न दस्ता टीम/समस्त स्थाई निगरानी टीम/समस्त एमसीसी टीम/समस्त क्षेत्राधिकारी/थानाध्यक्ष के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 की तैयारी के संबंध में बैठक आयोजित किया गया।बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी महोदय द्वारा विस्तार पूर्वक आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 की तैयारी के बारे में बिंदुवार जानकारी दिया गया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त नोडल अधिकारी/ अपर नोडल अधिकारी/प्रभारी अधिकारी को निर्देशित किया गया कि आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में लगाए गए समस्त कार्मिक दिए गए दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करें जिससे आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 सकुशल, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया जा सके। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संबंधित कार्मिकों को प्रशिक्षण दिलाए, जिससे अधिकारियों/कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन करने में आसानी हो। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा दिए गए निर्देशों व आदेशों का अक्षरशः पालन करें। किसी भी प्रकार के लापरवाही करने पर पूर्णतः जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता, अपर जिलाधिकारी दया शंकर पाठक, अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्साधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला सूचना अधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं को वितरित किए स्मार्टफोन

बदायूँ(स्पष्ट आवाज़) स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा दातागंज क्षेत्र के दो महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किए गए।

रविवार को दातागंज क्षेत्र के संतोष कुमारी स्मृति महाविद्यालय तथा जंग बहादुर सिंह कन्या महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत फोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह जो छात्र जीवन है यह सबसे स्वर्णिम काल है,क्योंकि इसमें आपकी पूरी जिम्मेदारी आपकी माता-पिता वहन करते हैं,और आपका कार्य सिर्फ और सिर्फ पढ़ाई करना होता है।उन्होंने कहा कि जब आप अपने वास्तविक जीवन में प्रवेश करेंगे तो तरह-तरह के संघर्ष आपको करने होंगे इसलिए इस छात्र जीवन के प्रत्येक क्षण का सदुपयोग करते हुए माता-पिता एवं गुरुजनों की अपेक्षाओं को पूरा करने का प्रयास करिए। उन्होंने कहा अभी हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा लाया गया नारी वंदन अधिनियम आपको सशक्त बनाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। तीन तलाक कानून पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह महिलाओं के आत्म सम्मान के लिए बहुत ही आवश्यक कानून था इससे प्रत्येक महिला को आत्म बल मिला है।भाजपा की मीडिया प्रभारी आशीष शाक्य ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत दातागंज क्षेत्र में आयोजित स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता द्वारा गुरा बरेला में स्थित संतोष कुमारी स्मृति महाविद्यालय में 51 तथा चंगासी में स्थित पृथ्वीराज चौहान स्मारक जंग बहादुर सिंह कन्या महाविद्यालय में 80 छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए हैं।

# एमएलसी ने दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल व सहायक उपकरण का किया वितरण

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। प्रोजेक्ट अलंकार मुख्यमंत्री सम्बोधन के अवसर पर जीआईसी रगड़गज में 05 दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, 01 कान की मशीन, 02 व्हीलचेयर का सांकेतिक वितरण किया गया, जिसमें हरि ओम पाण्डेय सदस्य विधान परिषद, एंव अविनाश सिंह जिलाधिकारी, विकम कौशल जिला समाज कल्याण अधिकारी, राकेश कुमार जिला प्रोवेशन अधिकारी, छोटेलाल जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी उपस्थिति रहे।

लोहिया भवन में 50 दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, 05 व्हीलचेयर, 01 स्मार्टकेन का वितरण मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी उपायुक्त श्रमरोजगार की उपस्थिति में किया गया।

# पुलिस लाईन्स में किया गया मॉक ड्रिल रिहर्सल

मुरादाबाद। मुरादाबाद जनपद में दंगा नियंत्रण योजना (येलो स्कीम) के अन्तर्गत आकस्मिक परिस्थिति व आगामी त्यौहारों, आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन में सुरक्षा और शान्ति व्यवस्था के मद्देनजर आज दिनांक 03-03-2024 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन्स में पुलिस बल,फायर सर्विस, यूपी-112 के कर्मियो को दंगा नियंत्रण योजना के बारे में विस्तृत रूप से ब्रीफ किया गया । तत्पश्चात अधिकारीध्कर्मियों को द्वारा दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास कराया गया। अभ्यास के दौरान भीड़ को तितर-बितर करने के लिये कराये जाने वाले दंगा नियंत्रण उपकरणों (फायर ब्रिगेड की गाड़ी से पानी की बौछार, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले, एंटी राइट गन, टीयर गैस गन, हैंड ग्रेनेड आदि) के सम्बन्ध में विधिवत जानकारी दी गई तत्पश्चात पुलिस लाईन में उपस्थित अधिकारीध्कर्मचारी से दंगा नियंत्रण की मॉक ड्रिल का अभ्यास कराया गया। अभ्यास के पश्चात अधिकारीध्कर्मियों के द्वारा अभ्यास में की गई कमियों के सुधार हेतु डी-ब्रीफिंग की गई । मॉक ड्रिल में पुलिस अधीक्षक नगर, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, पुलिस अधीक्षक यातायात, सहायक पुलिस अधीक्षक एवं समस्त क्षेत्राधिकारीध्थाना प्रभारियों ने पुलिस बल सहित प्रतिभाग किया।

# पति-पत्नी के बीच कैसा भी हो विवाद, होगा समाधान: वन्दना अग्रहरी

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। चौबीस घंटे के अंदर हर शिकायत को सुलझाने की भरसक कोशिश होती है। यह बातें वंदना अग्रहरि द्वारा कही गई।

महिला संबंधी अपराधों के ग्राफ को बढ़ने से रोकने के साथ ही बिखराव के मुहाने पर खड़े एक या दो नहीं, बल्कि सैकड़ो परिवारों को बिखरने से बचाकर पुलिस की छवि में सुधार लाने की सार्थक कोशिश भी की है। पति-पत्नी के बीच विवाद कैसा भी रहा हो, महिला थाना पहुंचने के बाद सुलझा जरूर है। महिला थानेदार बंदना अग्रहरि को उनकी मेहनत व प्रभावी पहल के लिए गणतंत्र दिवस पर विभाग की ओर से सम्मानित भी किया जा चुका है।

महिला थाना अध्यक्ष द्वारा कहा गया सुलह समझौता होने के पश्चात बराबर संपर्क करती रहती है कि बातचीत के जरिए जिन परिवारों को साथ रहने के लिए राजी किया।

उनमें अब सब कुछ सही चल रहा है या नहीं। महिला थानाध्यक्ष वन्दना अग्रहरी द्वारा व महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिस कर्मी के अथक प्रयास से पति-पत्नी के एक वैवाहिक जोड़ा जिनके बीच चल रहे पारस्परिक परिवारिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को एक साथ रहने के लिए समझाया गया पति-पत्नी आपस में एक साथ रहने के लिए राजी हो गए एवं दंपत्ति द्वारा महिला थानाध्यक्ष एवं वहां उपस्थित स्टाफ को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।

# बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने मारी ठोकर

चित्रकूट। पहाड़ी थाने के साईपुर गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को ठोकर मार दी। बाइक सवार संतोष कुमार पुत्र शारदा प्रसाद मानिकपुर तहसील के अतरौली बसिला का है।ये हादसा रविवार को हुआ। बताया गया कि बाइक सवार संतोष कुमार किसी काम से साईपुर गांव जा रहा था।

अज्ञात वाहन ने ठोकर मारकर घायल कर दिया है। घायल की हालत ग भीर है। ग्रामीणों ने सीएचसी पहाड़ी में भर्ती कराया है।

# आचार संहिता लगने से पहले ट्रामा सेंटर के शिलान्यास की बुंदेलो ने उठाई मांग

महोबा (स्पष्ट आवाज)। बुंदेली समाज ने क्षेत्र के सांसद, विधायकों से अपील की है कि जिले की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृत 200 बेड के अस्पताल व ट्रामा सेंटर का शिलान्यास लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले कराएं। इसके लिए योगी सरकार ने जनवरी में 47 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की थी। क्षेत्र की मरणासन्न स्वास्थ्य सेवाओं के खिलाफ पिछले नौ साल से लगातार संघर्ष कर रहे बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने कहा कि योगी सरकार के योजना विभाग के मु य अभियंता तकनीकी सेल ने 23 जनवरी, 2024 को 110 करोड़ धनराशि से महोबा में 200 बेड का अस्पताल व ट्रामा सेंटर बनाने के लिए टेंडर निकाला था जिसके तहत 21 फरवरी तक निविदाएं आमंत्रित की गई थी। हमारे सांसद और विधायकों को महोबा की इस बहुप्रतीक्षित योजना को जल्दी से जल्दी अमल में लाने के लिए प्रयास करना चाहिए। लोकसभा चुनाव में अब बहुत कम समय बचा है और कभी भी आचार संहिता लग सकती है। अगर आचार संहिता लगने से पहले शिलान्यास नहीं हो पाता तो स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी पूरी परियोजना खटाई में पड़ जाएगी। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार से 10 साल के कार्यकाल में बुंदेलखंड को बहुत कुछ मिला लेकिन यहां की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने की दिशा में कुछ नहीं हुआ द्य बुंदेलखंड को न ए स मिला और न किसी जिले में कोई नया मेडिकल कालेज बना। इतना ही नहीं महोबा में जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में ब्लड सेपरेशन यूनिट बनकर न जाने कब से तैयार है ।

# इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को विजयी बनाना होगा:रजनी सिंह

बदायूँ(स्पष्ट आवाज़)।कांग्रेसियों द्वारा पूर्व नियोजित कार्यक्रमानुसार जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह की अध्यक्षता में जन संवाद किसान चौपाल सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस की प्रदेश सचिव रजनी मौजूद रहीं।

रविवार को विकासखंड वजीरगंज के ग्राम अंगधरा में युवा कांग्रेसी आजे अली द्वारा जन संवाद किसान चौपाल सभा का आयोजन अपनी चौपाल पर किया गया। जिसकी अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि आज किसानों की बात करने के लिए हमारे नेता राहुल गांधी न्याय यात्रा पर निकले हैं।उन्होंने कहा कि श्री गांधी ने अपनी हर सभा में यह घोषणा की है कि किसानों का फसल का मूल मिनिमम प्राइज सपोर्ट पर होना चाहिए और आज हम कांग्रेस के लोग भी आपके बीच यही कहने आए हैं कि अगर कांग्रेस को आप लोग सत्ता में लाते हैं और इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो निश्चित रूप से सबसे पहले किसानों का मूल सरकार मिनिमम सपोर्ट प्राइस पर लेने का प्रस्ताव पारित करेगी। मुख्य अतिथि रजनी सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज हर गरीब मजदूर और किसानों की बात उठाने के लिए अगर कोई पार्टी आपके बीच में है तो वह कांग्रेस है। उन्होंने कहा कि हम सबको आज इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को यहां से विजई बनाकर भेजना होगा,प्रत्याशी कोई भी हो आप सभी लोगों को समझना होगा कि आपके बीच आपके नेता राहुल गांधी चुनाव लड़ रहे हैं। कार्यक्रम में बोलते हुए जिला उपाध्यक्ष सुरेश राठौड़ ने कहा की आज देश की जनता इंडिया गठबंधन की तरफ देख रही है और इस सांप्रदायिकता वादी सरकार को गिराने के लिए आपके बीच इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी मौजूद है जिसको आप मजबूती के साथ लड़ने का प्रयास करें। कार्यक्रम का संचालन कर रहे युवा नेता आजे अली ने कहा कि आज कांग्रेस के लोग हमारे बीच में आए हैं हम उन्हें आश्वासन देते हैं कि हम सभी लोग कांग्रेस से जुड़कर कांग्रेस संगठन को मजबूती देने का काम करेंगे।इस मौके पर मुसर्रत खान, बाबू,इस्तकार खान,इरफान खान, इकरार मियां अख्तर, राजा,डॉ लियाकत, ओवैस, मोहम्मद राजा आदि मौजूद रहे।

Advocate R. D. Patil

**PUBLIC NOTICE**

**BEFORE THE COURT OF MEMBER MOTOR ACCIDENT CLAIMS TRIBUNAL, THANE, AT THANE**

**ND 5/4/2024**

**M.A.C.P. NO 21/2021**

**Exh. No. 28**

Mr. Tarkeshwar Vasant Choube ....APPLICANT

**V/S**

Mr. Jagjit Sing Parmar ....OPPONENTS

To,

1. Jagjit Sing Parmar, Present Address :- Shop No. 27, Dashmesh Compound, Mumbra- Panvel Road, Dahisar Mori, Thane 400612. Original Address :- AF-38, Ronali commercial complex, Vadodara 391350, District : Vadodara, State : Gujrat, 2. Mohd. Shadab Kamruddin Khan Present Address :- Parmar Transport Company, Agaripada Mumbai-11, State: Maharashtra, Original Address :- 5 G, Dostpurroad, Gram: Vishrampur, Post: Rampur, Jaisingh Rampur, Aambedkar Nagar, State : Uttarpradesh

Whereas the above named applicant has filed accident claim application for the compensation of Rs. 1,00,000/- in the Tribunal against you and others.

You are hereby given notice to appear in the Tribunal in person or by pleader duly instructed and the file your say within 30 days from the publication of this notice. Failling which the said application will be heard in your absence and determined ex-parte.

Given under my hand and seal on this 27th day of February 2024.

**Superintendent Motor Accident Claims Tribunal Thane**

# कार्यालय नगर पालिका परिषद लहरपुर-सीतापुर

**पत्रांक : 458/न0पा0परि0 लहरपुर/2023-24** **दिनांक : 02.03.2024**

## ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद लहरपुर जनपद सीतापुर द्वारा राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से ई-निविदा ई-टेण्डर की वेबसाइट http//etender.up.nic.in के माध्यम से **प्रमुख सचिव महोदय के पत्र सं0 3890/नौ:5-19-14सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर 2019** के क्रम में समस्त उत्तर प्रदेश के ठेकेदारों से ई-निविदाएं दिनांक 04.03.2024 से दिनांक 11.03.2024 अपरान्ह 2:00 बजे तक आनलाइन आमंत्रित की जाती है। जिसकी टेक्निकल व फाइनेन्शियल विड दिनांक 11.03.2024 को शाम 4:00 बजे ई-टेण्डरिंग निविदा समिति द्वारा आनलाइन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी तथा राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत ही 05 लाख से नीचे की निविदाओं हेतु टेण्डर फार्म निर्धारित निविदा शुल्क जमा कर दिनांक 11.03.2024 समय 12:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद लहरपुर से प्राप्त कर सकते है। मुहर बन्द निविदायें दिनांक 11.03.2024 को सायं 04.00 बजे तक नगर पालिका परिषद लहरपुर में रखे टेण्डर से प्राप्त लहरपुर बाक्स में डाल सकते है। जो उसी दिन ठेकेदारों व उनके प्रतिनिधियों के समक्ष 04 बजे अपरान्ह नगर पालिका परिषद लहरपुर में अध्यक्ष महोदय के समक्ष खोले जायेंगें। **निविदा के साथ धरोहर धनराशि 02 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी तथा निविदा मूल्य नगर पालिका परिषद लहरपुर के भारतीय स्टेट बैंक खाता संख्या 38686316966 IFSC CODE SBIN0008314 में जमा कर रशीद संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदादाता से न्यूनतम निविदा प्राप्त होने के उपरान्त सम्बन्धित नगर निगमों, नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों में पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क डिमांड ड्राफ्ट/ई-बैंकिग के माध्यम से जमा कराते हुए निविदादाता का पंजीकरण कर निविदा की शर्तों के अनुसार जमानत आदि की धनराशि जमा कराते हुए नियमानुसार अनुबन्ध गठित किया जायेगा।** इच्छुक ठेकेदार/फर्म यह निविदा उक्त वेबसाइट से उपरोक्त दिनांक में अपरान्ह 2:00 बजे तक डाउनलोड कर ई-निविदा अपलोड कर सकते है। निविदा सम्बन्धी समस्त शर्ते व जानकारी कार्यालय नगर पालिका परिषद लहरपुर जनपद सीतापुर व वेबसाइट http//etender.up.nic.in से देखी जा सकती है। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष महोदय में निहित है। निविदा दिवस में यदि अवकाश पड़ता है तो निविदा अगले दिन खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | स्टीमेट धनराशि (GST 18%) सहित | जमानत धनराशि (02%) | निविदा मूल्य+ GST 18% | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मो0 छावनी में रिजवान के प्लाट से शौकत के मकान तक आरसीसी कवर्ड नाली व इंटरलाकिंग का कार्य। | 1356300 | 22243 | 1360 | 03 माह |
| 2 | मो0 काजीटोला में शब्बीर मेम्बर के मकान से अफजाल गौरी के मकान तक आरसीसी नाली व इंटरलाकिंग का कार्य। | 2058400 | 33758 | 2060 | 03 माह |
| 3 | मो0 शेखटोला में महबूब अशरफ के मकान से विशम्भर के मकान तक आरसीसी कवर्ड नाली व इंटरलाकिंग का कार्य। | 318600 | 5225 | 320 | 03 माह |
| 4 | मो0 पुरवा बेंहटी में देवकी राजपूत के मकान से बाला जी मन्दिर तक आरसीसी नाली व इंटरलाकिंग का कार्य। | 318300 | 5220 | 320 | 03 माह |
| 5 | मो0 इन्दिरानगर में अब्दुल सईद चुन्नन के मकान से सगीर के मकान तक आरसीसी नाली व इंटरलाकिंग का कार्य। | 145500 | 2386 | 150 | 03 माह |
| 6 | लहरपुर में बने डिवाइडर की मरम्मत का कार्य। | 261100 | 4282 | 270 | 03 माह |

नोट- निविदा सम्बन्धी समस्त शर्ते कार्यालय कार्यदिवस में भी देखी जा सकती है।

**(अनरूद्ध कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, लहरपुर-सीतापुर**

**(जावेद अहमद)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, लहरपुर-सीतापुर**

स्वामी स्पष्ट आवाज के लिए, **मुद्रक एवं प्रकाशक** - आनन्द सिंह, द्वारा दी इण्डियन एक्सप्रेस प्राईवेट लि. प्रेस सी- 26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं 47/1, क्ले स्क्वायर होम्स, कबीर मार्ग, लखनऊ से प्रकाशित। आर.एन.आई. पंजीयन संख्याः U.P. HIN/2004/13625, डाक पंजीयन संख्या - SSP/LW/NP-119/2010-12
***संपादक** -डा. विजय सिंह, फोन/फैक्स : 0522-3599932,0522-4306534, मो0: 9415003504 **E-mail : spawaz2010@gmail.com, anand.singh2@gmail.com.*** **इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट की धारा- 7 के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनमें उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।**

## बेमौसम बारिश से फसलों को नुकसान

**कौशाम्बी।** रविवार को हुए बेमौसम बारिश ने जिले के किसानों की चिंता को बढ़ा दी है। खेतों में गेहूं की फसल पककर तैयार है। ऐसे में शनिवार की शाम व रविवार को तेज हवाओं के साथ हुई बारिश के कारण जिले की मुख्य फसल गेहूं को भारी नुकसान हुआ है। वहीं बारिश और तेज हवा के कारण किसानों के सामने विकट स्थिति पैदा हो गई है। खेत में पड़ी गेहूं की फसल से बेहतर उपज मिलने की उम्मीद धराशायी हो गई है। कृषि के जानकारों की माने तो गेहूं पक जाने के बाद अगर बारिश होती है। तो गेहूं के दाने काले पड़ने लगते है। जिससे किसानों को भरी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। शनिवार व रविवार को तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। हालांकि ओलावृष्टि नहीं होने से किसानों को थोड़ी राहत जरूर मिली है।

सरसो की फसल मे भी नुकसान----

मौसम ख़राब होने से किसानो को इस संकट की घड़ी मे भगवान को ध्यानकर जप रहे है। ज्यादा बारिश होने तथा बारिश के बाद हवा भी चलने से काफ़ी सरसो की फसल को भी नुकसान देखने को मिल रहा है। किसानो का कहना है की अत्यधिक बारिश हो चुकी है जिससे हवा भी काफ़ी तेज चल रही है। जिसमे हवा के चलने से सरसो गिर सकती है। तो इस बात की चिंता से किसान परेशान है।

**आम को भी नुकसानः** इस बेमौसम बारिश की वज़ह से आम को भी नुकसान देखने को मिल रहा है। किसानो का कहना है कि आम फलो का राजा होता है। अबकी बार बेमौसम बारिश से बौर सही तरीके से लगेगी नही तो अबकी बार आम कम देखने को मिल सकता है।

# हाईटेंशन की जद में आया डीजे, दो भाईयों समेत तीन की मौत

**बिजली कर्मियों के लापरवाही के चलते फिर दहला भरवारी**

**कौशाम्बी ।** कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी में फिर बड़ा हादसा होने से क्षेत्र दहल गया है। ताजा मामला कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी बीती रात समय लगभग 11 बजे र दुलहनियापुर से आई बारात उसरा गांव के लिए जा रही थी। जब नाश्ता पानी करने के बाद बरात लगी , बारात लगने के बाद थोड़ी ही दूर में बिजली की तार अधिक नीचे लटकी होने के कारण हाईटेंशन तार डीजे की बॉडी पर टच हो गई। जिससे तीन लोगों की मौत हो गई। तीन-चार लोग घायल हो गए। पूरा मामला उसरा गांव का बताया जाता है , रात में बारिश और तेज हवा होने के कारण सीलन भी था। जिससे करंट काफी दूर तक फैला हुआ था।

मिली जानकारी के मुताबिक दुलहनियापुर से बारात रामनगर वार्ड नंबर 7 पुराना उसरा गांव आई हुई थी। करंट की चपेट से राजेश पुत्र राम भवन, रवि पुत्र राम भवन दोनों सगे भाई थे ।जिनकी करंट लगने से मौत हो गई। यह दोनों लड़का पक्ष के दुल्हनियापुर के थे। जगपत उम्र लगभग 60 वर्ष के बेटे पिंटू की शादी थी?। डीजे संचालक गोरियों जलालपुर का रहने वाला था, 11 हजार का तार अधिक नीचे लटके होने के कारण डीजे में टच होने से शायद हादसा हुआ। स्वर्गीय बदलू प्रसाद की बेटी अमृता प्रजापति के साथ पिंटू की शादी तय हुई थी। शनिवार 2 फरवरी रात 11 बजे रात दुल्हनियापुर से आई बारात जो बारात में आए हुए थे, साथ ही एक डीजे के मजदूर की मृत्यु हो गई है।

मौके पर पूछताछ करने के बाद तीन-चार लोग घायल भी हुए हैं। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। लड़के के पिता सेमर लाल पुत्र उसरा गांव के लिए जा रही थी। जब नाश्ता पानी करने के बाद बरात लगी और बारात लगने के बाद थोड़ी ही दूर में बिजली की तार अधिक नीचे लटके होने के कारण ,तार डीजे की बॉडी पर टच हो गई। जिससे दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों की मौत हो गई और तीन-चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने पहुंच कर शवों को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया है। क्षेत्राधिकारी सिराथू ने बताया कि थाना कोखराज क्षेत्र अंतर्गत बारात में डीजे सिस्टम में छतरी लेकर बैठे व्यक्ति की छतरी हाईटेंशन लाइट के संपर्क में आने पर करंट लगने से 3 लोग घायल हो गए थे, जिन्हे उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया । जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव का पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है, अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## संक्षिप्त आवाज

### लोकसभा चुनाव को लेकर सर्वाधिक बूथ वाले मतदान केन्द्रों का डीएम ने किया निरीक्षण

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत विधानसभा मंझनपुर के अन्तर्गत सर्वाधिक बूथ वाले मतदान केंद्र-प्राथमिक विद्यालय मंझनपुर प्रथम,करारी इंटर कॉलेज,प्राथमिक विद्यालय करारी,उच्च प्राथमिक विद्यालय पूरब शरीरा, जिला पंचायत इंटर कॉलेज पश्चिम शरीरा तथा प्राथमिक विद्यालय टेवा का निरीक्षण कर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं आदि वस्तुस्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी मंझनपुर आकाश सिंह व क्षेत्राधिकारी मंझनपुर उपस्थित रहें।

### ग्रामीणों ने पकड़े दर्जनों गोवंश

**कौशाम्बी।** तहसील सिराथू कोखराज क्षेत्र के उलाचूपुर ग्राम पंचायत खालिसपुर गांव में अन्ना मवेशियों को किसानों ने एक बौंड़ी में कैद किया गया। इसकी सूचना जैसे हिन्दू जागरण मंच के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों को हुई तत्काल मौके पर शिवम पाण्डेय ,दीपक कुमार वर्मा व अन्य पदाधिकारी पहुंच कर गौशाला से सम्बंधित अधिकारियों से बात करके तत्काल गौशाला में सुरक्षित करने की मांग किया गया। संबंधित अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि रविवार को सभी मवेशियों को सुरक्षित गौशाला में छुड़वा दिया जायेगा । मौके पर मौजूद किसानों को हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता भूख प्यास से बेहाल गौ माता के लिए गांव वालों से अनुरोध किया कि गौ माता के लिए आप सभी लोग चारा पानी की व्यवस्था करे। किसानों ने तत्काल मवेशियों के लिए पैरा भूसा पानी दिया, विकास खंड अधिकारी से मौके पर हिन्दू जागरण मंच के कार्यकर्ता ने बात करके अवगत कराया । तब किसानों ने राहत की सांस ली । उन्होंने अपनी पीड़ा दुःख दर्द को बया किया कि हम लोग सर्दी गर्मी रात दिन कैसे अपनी खेतों की देखभाल करते हैं। फिर हमारी खेती को इन आवारा मवेशी सफा चट कर जाते हैं। इसकी सूचना ग्राम वासियों ने ग्राम प्रधान से लेकर जिलाधिकारी को समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में अवगत कराया गया, लेकिन हमारी समस्या का निदान नही हुआ। ऐसी प्रस्थिति में हम लोगों ने गांव में ही कुछ मवेशियों को कैद कर दिया है। हमारी सुनने वाला कोई अधिकारी नहीं है। ऐसी स्थिति में लोगों ने दर्जनों मवेशियों को पकड़ लिया है। जब तक पशुपालन विभाग इन मवेशियों को गौशाला में सुरक्षित नहीं करता है ।

### दोनों जोड़ों को बताया जीवन का कर्तव्य

**कौशाम्बी।** परिवार परामर्श केंद्र में पुलिस अधीक्षक के निर्देश के पर नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी के मार्गदर्शन में आज परिवार परामर्श केंद्र की प्रभारी निरीक्षक उर्मिला सिंह, उप निरीक्षक श्याम नारायण, हेड कांस्टेबल राम बहादुर पाल, महिला हेड कांस्टेबल पूनम, महिला कांस्टेबल नीतू यादव, महिला कांस्टेबल कमला यादव द्वारा काउंसलिंग के दौरान 2 प्रार्थना पत्रों में आवेदक विपक्षी दोनों की खुद की सहमति से परिवार परामर्श केंद्र में सुलह समझौता किया गया। परिवार परामर्श केंद्र द्वारा दोनों जोड़ों को उनके जीवन की पारिवारिक कर्तव्य को बताते हुए समझाया गया, वही दोनों पक्षों द्वारा बताया गया कि अब हम दोनों के बीच किसी प्रकार का कोई मनमुटाव नहीं रह गया है। अब हम लोग अपने खुद की सहमति से सुलह समझौता करना चाहते हैं। परिवार परामर्श केंद्र द्वारा दोनों पक्षों का सुलह समझौता कराया गया। दोनों पक्षों परिवार परामर्श केंद्र द्वारा समझाया गया कि एक दूसरे के साथ प्रेम पूर्वक अपना जीवन यापन करने की सलाह दिया गया। वहीं विपक्षी को हिदायत दिया गया की पुरानी बातों को भूलकर पुनः अपनी पत्नी को अपनाते हुए जीवन यापन करेंगे। वह दोनों लोगों को अपने बड़ों का सम्मान करते हुए अपने जीवन की नई शुरुआत करेंगे। परिवार परामर्श केंद्र द्वारा दोनों लोगों को हंसी-खुशी उनके घर की तरफ शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया गया।

### प्रसिद्ध आईएएस अफसर डॉ. हीरा लाल को 'रमन' पुरस्कार से सम्मानित

**ललितपुर।** लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध आईएएस अफसर और लेखक डॉ. हीरा लाल को उत्तर प्रदेश सरकार की अद्वितीय योजना के तहत राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित वार्षिक पुरस्कार समारोह के विशिष्ट रमनलाल अग्रवाल 'रमन' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह, लखनऊ विश्वविद्यालय स्तिथ मालवीय सभागार में आयोजित हुआ। डॉ0 हीरा लाल की उत्कृष्ट योगदान की सराहना करते हुए उन्हें इस गर्वित पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डॉ0 हीरा लाल को उनके अद्वितीय नेतृत्व और परिवर्तनात्मक कार्यों के लिए जाना जाता है, उनकी पुस्तक ''डायनेमिक डीएम'' के लेखक के रूप में प्रमुख हैं। रमनलाल अग्रवाल 'रमन' पुरस्कार व उनकी असाधारण उपलब्धियों की सराहना करता है और उनके सर्वोत्कृष्ट सेवा और प्रेम की कड़ी की पुनरावृत्ति करता है। उनकी नेतृत्व और संघर्ष के माध्यम से, डॉ0 लाल ने समाज पर अविस्मरणीय प्रभाव छोड़ा है, समुदायों को शक्तिशाली बनाया है और सकारात्मक परिवर्तन को प्रोत्साहित किया है। डॉ0 हीरा लाल ने संबोधन के दौरान उन्होंने पुरस्कार के लिए अपनी कृतज्ञता व्यक्त की और अपने अद्वितीय योगदान के लिए आम लोगों को, उनके सहकर्मियों, गुरुओं और शुभचिंतकों को समर्पित किया। इस दौरान पूर्व डिप्टी सीएम डॉ. दिनेश शर्मा के अलावा कई आईएएसएस अफसर मौजूद रहे।

### पुलिस ने महिला से पकडी दस लीटर शराब

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी की अगुवाई में दरोगा शिवमणि मिश्रा व दरोगा चंद्रमणि पांडेय की टीम ने राजकुमारी पत्नी फेरम निवासी सुरवल को दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया।

# छात्रों के डिजिटल योगदान को मिलेगा बढ़ावा

**योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को मिलेगी सहायता,भरवारी कॉलेज में स्मार्टफोन किया गया वितरित**

**कौशाम्बी।** भरवारी स्थित रिद्धि सिद्धि कॉलेज में रविवार को बीए.,बीएससी, बीकॉम,बीबीए के छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण किए गए। यह पहल विशेष रूप से कोविड -19 महामारी के कारण ऑनलाइन शिक्षा की महत्वपूर्णता को ध्यान में रखते हुए की गई है। छात्रों को ऑनलाइन शिक्षा में सहयोग प्रदान करने के लिए स्मार्टफोन की आवश्यकता होती है। योजना के माध्यम से सरकार छात्रों को यह सुविधा प्रदान कर रही है। संस्थान के प्रबंधक पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि छात्रों को वितरित स्मार्टफोन में ऑनलाइन शिक्षा में सहयोग देने के साथ-साथ, इससे उनका डिजिटल जगत में सामाजिक और आर्थिक समर्थन भी बढ़ा है। यह योजना छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। जो उन्हें तकनीकी शिक्षा और उनके अध्ययन को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन के वितरण से न केवल शिक्षा के क्षेत्र में गति आएगी, बल्कि छात्रों के डिजिटल योगदान को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही, यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को भी सहारा प्रदान करेगी। जिनके पास अभी तक उचित तकनीकी साधन नहीं हैं।इस पहल के माध्यम से, सरकार ने छात्रों के भविष्य को सुरक्षित और उनके अध्ययन को प्रोत्साहित करने का संकल्प दिखाया है। संस्थान की डायरेक्टर सीमा पवार ने कहा कि यह एक सकारात्मक कदम है। जो शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल उन्नति को गति प्रदान करेगा। संस्थान के डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर मयंक कुमार मिश्रा ने सभी छात्र एवं छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की बधाई एवं शुभकामनाएं दिया इस स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में अमित दुबे राजेंद्र विश्वकर्मा अंकित मौर्य अमित मौर्या मुलायम यादव आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर सपा की जनसभा सपा ने विशाल जनसभा का किया आयोजन

**कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने मंझनपुर विधानसभा क्षेत्र में रविवार को विशाल जनसभा आयोजित करके सरकार को घेरा है।

मंझनपुर के भगत का पुरवा अलवारा में आयोजितजनसभा में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मंझनपुर विधायक व पूर्व मंत्री रहे इन्द्रजीत सरोज उपस्थित रहे। उनके साथ आनंद मोहन सिंह,परवेज अख्तर अंसारी उपस्थित रहे। इन्द्रजीत सरोज ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि जिले में ब्राम्हण समाज चुनाव बनाने व बिगाड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते चले आ रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र मे चालिस हजार ब्राम्हण है। उन्होंने ब्रह्मण समाज की मंच से अश्वनी का नाम लेकर तारीफ किया। हमने तो लोगों को मुफ्त में ट्यूबवेल बेल दिया था। वहीं जिलेभर में नल लगाने को लेकर उनकी सरकार में बनाये गई सीसी रोड खडंजो को तोड़कर गांव की सूरत बिगाड़ कर रख दिया है। अभी तक एक बूंद पानी नहीं मिल सका और जिले भर सड़कों को खोदकर फेंक दिया है। सड़कों की दुर्दशा से ग्रामीण परेसान है। अब सरकार आपसे पानी का भी पैसा वसूल करने वाली है। सरकार को घेरते हुए उन्होंने कहा कि आप लोग समाजवादी पार्टी के हाथों को मजबूत करे। हमारी सरकार में आपको जो कुछ मिला है वह सब वर्तमान की सरकारें आपसे छीनने का काम कर रही है।

## शीर्ष नेतृत्वः जनभावनायें जानने को सांसद आरके सिंह को बनाया प्रत्याशी?

राजेन्द्र पाण्डेय

**ब्राम्हण तलाश रहा छांव, विरोध के स्वर हुए तेज**

**चित्रकूट।** आसमानों से फरिश्ते जो उतारे जायें, वो भी इस दौर में सच बोले तो मारे जायें- आमतौर पर ये देखा गया है कि राष्ट्रीय दल ऐन मौके नामांकन के दिन प्रत्याशी का टिकट फाइनल करते हैं। ये पहला मौका है कि भाजपा व सपा ने तकरीबन एक माह पहले प्रत्याशियों की घोषणा कर लोगों को चौंका दिया है। सवाल कौंधता है कि शीर्ष नेतृत्व ने कहीं जनभावनायें जानने को तो प्रत्याशी नहीं फाइनल किये? सपा ने बबेरू-बांदा के शिवशंकर सिंह पटेल को प्रत्याशी घोषित किया है तो भाजपा ने सांसद आरके सिंह पटेल को प्रत्याशी घोषित कर कुछ लोगों को चौंका दिया है। सांसद आरके सिंह पटेल के भाजपा प्रत्याशी घोषित होते ही जातिगत खेमेबाजी शुरु हो गई है। सोशल मीडिया पर आरके पटेल के विरोध में स्वर उभरना शुरु हो गये हैं। बांदा के अभिषेक शुक्ला समेत कर्वी के रविकरन करवरिया, प्रियांशु मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, संतोष पाण्डेय व रिंकू पाण्डेय तमाम लोगों ने सांसद के विरोध में प्रतिक्रिया देने लगे हैं। ऐसे में सपा के पीडीए की धज्जियां उडनी भी शुरु हो गई हैं- यादव तबके के लोग भी कहने लगे हैं कि पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र को सपा से प्रत्याशी घोषित कर दिया जाये तो भारी मतों से वे चुनाव जीत सकते हैं, क्योंकि हर मोर्चे पर ब्राम्हणों में मायूसी छायी है। सोशल मीडिया में खुलकर विरोध जताने वाले ब्राम्हणों ने बैठकें तेज कर दी है।

सवर्ण आर्मी के पदाधिकारियों ने भाजपा के विरोध का ऐलान कर दिया है। ब्राम्हण मतदाता खासे संशय में हैं- वे भाजपा से मोह भंग नहीं कर पा रहे, फिर भी ब्राम्हणों का सपा व बसपा की ओर अब तेजी से झुकाव देखने को मिल रहा है। 2017 के मऊ-मानिकपुर विधानसभा चुनाव में रालोद से चुनाव लडे दिनेश मिश्रा व निर्दल रामदयाल त्रिपाठी ब्राम्हणों के भाजपा से मोह भंग न होने का नतीजा देख चुके हैं- दोनों अपनी जमानत तक गवां बैठे थे। तकरीबन एक माह पहले से राष्ट्रीय दलों के प्रत्याशी घोषित करने का ये पहला मौका है। यूं तो ज्यादातर नामांकन के समय ही प्रत्याशी की घोषणा व चुनाव चिन्ह आवंटित होता रहा है। इसे लेकर लोगों के सवाल हैं कि कहीं शीर्ष नेतृत्व ने जनभावनायें जानने को तो प्रत्याशी नहीं घोषित किये? 2017 के विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी की घोषणा ऐन मौके पर हुई थी। वैसे सांसद आरके सिंह पटेल ने प्रत्याशी घोषित होते ही दगे कारतूसों से आशीर्वाद लेने का सिलसिला शुरु कर दिया है- दगे कारतूसों का आशीर्वाद कितना सार्थक होगा, ये तो भविष्य के गर्भ में है। भूख है तो सब्र कर, रोटी नहीं तो क्या हुआ-आज कल दिल्ली में है जेर-ए-बहस ये मुद्दा, बस बात यहीं पर खत्म।

**कुछ खास के ही देखने को मिले संदेशः** यूं तो छोटे-छोटे मसलों पर ट्वीट व फेसबुक में बधाई देने के सिलसिले शुरु हो जाते हैं, लेकिन सांसद आरके सिंह पटेल के भाजपा से प्रत्याशी घोषित होने पर किसी जिम्मेदार भाजपा नेताओं/ पदाधिकारियों के ट्वीट, फेसबुक में बधाई के दौर देखने को नहीं मिले। सिर्फ सांसद आरके सिंह के खास लोगों के ही फेसबुक में बधाई संदेश देखने को मिले हैं। उनमें भी कुछ तेल के तालाब के फेसबुक संदेश ज्यादा देखने को मिले हैं। इससे जाहिर है कि सांसद आरके सिंह पटेल के भाजपा प्रत्याशी घोषित होने में फिलहाल संशय है।

## कस्बा में भ्रमण कर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन

**कौशाम्बी।** महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी मिशन शक्ति के चौथे चरण के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न थानों की महिला बीट आरक्षियों द्वारा गांव व कस्बा में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक किया गया। मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज-4 के दृष्टिगत रविवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के थाना कोखराज, मंझनपुर, चरवा, महिला थाना की महिला बीट आरक्षियों द्वारा विद्यालयों में जाकर एवं गांव व कस्बा में भ्रमण कर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के दौरान बच्चियों तथा महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया।

## युवाओं में जागृति लाती है स्कूल की युवा संसदः अशोक जाटव

**चित्रकूट।** जिला युवा अधिकारी जागृति पाण्डेय के निर्देश पर यूनिवर्सिटी, गोस्वामी तुलसीदास डिग्री कॉलेज के एनएसएस के सहयोग से युवाओं के बीच पडोस युवा संसद जगद्गुरु रामभद्राचार्य विकलांग विश्वविद्यालय में हुई। बतौर मुख्य अतिथि/जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने शुभारंभ कर कहा कि युवा संसद से युवाओं में जागृति आती है। उनमें राजनीति में आने की भावना जागृत होती है। रविवार को बतौर विशिष्ट अतिथि गोस्वामी तुलसीदास डिग्री कॉलेज प्राचार्य वीके चौधरी, एनएसएस प्रभारी डा सीमा कुमारी, राजनीति विज्ञान प्रो डॉ वंशगोपाल, मंच संचालन प्रो आनंद कुमार की मौजूदगी में डा वी चौधरी ने युवाओं को उत्साहित कर पुरस्कार बांटे। पड़ोस युवा संसद चार सत्रों में हुई। प्रथम सत्र में मेरा युवा भारत पोर्टल बारे में बताया, पंजीकरण कराया। द्वितीय व तृतीय सत्र में नारी शक्ति, वोकल फॉर लोकल के बारे में यूनिवर्सिटी के एनएसएस कोऑर्डिनेटर प्रो आनंद कुमार ने युवाओं को बताया। अंतिम सत्र में भारत की संसद की भांति युवाओं की संसद चलाया। संसद में चित्रकूट के विभिन्न अंचलों से यूनिवर्सिटी तथा गोस्वामी तुलसीदास डिग्री कॉलेज के युवाओं ने विभिन्न मंत्रालयों के मंत्री पद तथा सांसद पद संभाला। युवा प्रधानमंत्री व केंद्रीय मंत्री, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय का पदभार गोस्वामी तुलसीदास की प्रतिभावान युवा भानुजा मिश्रा ने संभाला। लोकसभा अध्यक्ष बतौर आकांक्षा सैनी, विपक्ष नेता बतौर विनोद गुप्ता ने भूमिका निभाई। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, कृषि मंत्रालय, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय, पर्यटन मंत्रालय, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री बतौर क्रमशः मीनाक्षी सैनी, उमेश सिंह, आकांक्षा मिश्रा, संतपाल यादव, विकास भारती, दीपक कुमार, रविशंकर, कोमल शिवहरे, उमेश यादव ने भूमिका निभाई। सभी केंद्रीय मंत्रियों ने मंत्रालयों की उपलब्धियां सदन को बताई। विपक्ष के प्रश्नों के उत्तर दिये।

# जनअधिकार पार्टी की सरकार बनायेः बाबूसिंह कुशवाहा

**अपने वोटों के दम पर हासिल करे अधिकार, सम्पूर्ण भागीदारी यात्रा का पार्टी कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत**

**बांदा।** दलितों,पिछडों और अल्पसंख्यक समाज को उनके हक की लडाई लडने निकले जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू सिंह कुशवाहा ने कहा कि आजादी के 76 वर्षो के उपरांत भी दलित,पिछडे, और अल्पसंख्यक समाज के लोग अपने हक और अधिकारों से वंचित हैं। मंडल कमीशन की रिपोर्ट लागू होने के पश्चात पिछडों को 27 प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया,किन्तु अब तक की सत्ताशीन सरकारों ने येन केन-प्रकारेण इसको रोकने का काम किया। जो भी आरक्षण मिला,उसे भी समाप्त करने की कोशिस की जा रही है।उन्होने कहा कि आज देश मे दलित, पिछडों, जनजाति, और अल्पसंख्यकों की आबादी 90 फीसदी के आसपास है,किन्तु देश मे उनका प्रतिनिधित्व न के बराबर है। श्री कुशवाहा रविवार को यहां जन अधिकार पार्टी की सम्पूर्ण भागीदारी यात्रा की अगुवाई कर रहे थे।उन्होने कहा कि पिछडों,दलितों,और अल्पसंख्यकों के इन्ही तमाम मुद्दों को लेकर जन अधिकार पार्टी आप सबके साथ है। आप सब एकजुट होकर संघर्ष करें।हम अपने अधिकार वोट और मताधिकार के जरिये एकजुट होकर प्राप्त कर सकते हैं।अपना और अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित कर सकते हैं।संगठित होकर जनअधिकार पार्टी की सरकार बनायें। हम वादा करते हैं कि हम आपका हक दिलाकर रहेंगे। सम्पूर्ण भागीदारी यात्रा का जगह -जगह स्वागत किया गया । यात्रा का कचहरी चौराहा,कालुकुँवा, चमरोड़ी,गुरह,कुलकुम्हारी,पवई,बिसंडा थाना, बघा, ओरन, चोसड, अतर्रा मे कुशवाहा कालोनी ,बदौसा और भरकूप में रोक कर कार्यकर्ताओ और लोगों ने फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया है । यात्रा के स्वागत में योगेस बदशाह, कमलेश कुमार,शत्रुघ न,ब्रजेश, अरुण, राजाराम, कुलदीप कुमार, राजकुमार , अर्जुन सिंह, विनोद राजा, कुलदीप कुमार, राघवेन्द्र, प्रेमचंद्र व चित्रकूट की कार्यकर्ताओं की टीम मौजूद रही है ।

## पुष्पेंद्र सिंह चन्देल को फिर मिला लोकसभा का टिकट, कार्यकर्ता में खुशी

**भाजपा जिला कार्यालय में विधानसभा संचालन समिति की हुई बैठक**

**महोबा (स्पष्ट आवाज)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा हमीरपुर तिंदवारी महोबा लोकसभा सीट का उम्मीदवार सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को तीसरी बार बनाया है। जिससे कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के आवास में कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों द्वारा बधाई देने का सिलसिला चल रहा है भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है?। महोबा विधानसभा से भारी जीत दिलाने को लेकर भारतीय जनता के पदाधिकारी व कार्यकर्ता रविवार के रोज जिला भाजपा कार्यालय में बैठक कर रणनीति बनाई गई।

लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय महोबा में विधानसभा संचालन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा के प्रभारी अखिलेश एवं बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने की। विधानसभा संचालन समिति के संयोजक रामबालक पांडे ने संचालन किया। बैठक में लोकसभा संयोजक डॉ संतोष कुमार चौरसिया ,लोकसभा विस्तारक पाठक उपस्थित रहे लोकसभा संयोजक डॉक्टर संतोष चौरसिया ने विधानसभा संचालन समिति को जिम्मेदारी दी , महोबा विधानसभा के सभी बूथों को जीतने के लिए सभी व्यवस्थाओं में विधानसभा संचालन समिति के कार्यकर्ता को लगाया गया, महोबा विधानसभा भारी मतों से जीतने के लिए रणनीति बनाई गई है।

## टाइगर रिजर्व निदेशक सुस्त, खनन माफिया मस्त

**चित्रकूट।** मारकुंडी थाना क्षेत्र के छेरिहा खुर्द के गोंदहा नाला व मानिकपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर स्थित बरदहा नाले मे धड़ल्ले से पत्थरों का अवैध खनन हो रहा है। अधिकारियों के संज्ञान मे होने के बाद भी अवैध खननकर्ताओं पर कार्यवाही नहीं हो रही। सवाल है कि किसके संरक्षण में दिन के उजाले में पत्थरों का अवैध खनन हो रहा है। रविवार को तहसील प्रशासन की अनदेखी से रात- दिन अवैध खनन हो रहा है। बताया गया कि दिन-दहाड़े अवैध खनन कर खनन माफिया सरकार को चुनौती दे रहे हैं। सरकारी भूमि पर अवैध खनन हो रहा है। रानीपुर टाइगर रिजर्व क्षेत्र से सटे गांव समाज व वन विभाग क्षेत्र में अवैध खनन हो रहा है। रानीपुर टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ एनके सिंह खनन माफियाओं पर मेहरबान हैं।

# आकाशीय बिजली गिरने से किसान की मौत

**नरैनी कोतवाली क्षेत्र के नहरी गांव का मामला**

**बांदा।** खेत देखने गया किसान आकाशीय बिजली की धमक से अचेत हो कर गिर पड़ा। उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नरैनी कोतवाली क्षेत्र के नहरी गांव निवासी राजकुमार (40)पुत्र लल्लू कोटार्य किसानी करता था। शनिवार की शाम वह खेत देखने गया था। इसी बीच बारिस के साथ आकाशीय बिजली नजदीक स्थित पेड़ मे जा गिरी। बिजली की धमक से राजकुमार खेत में ही गिर कर अचेत हो गया। वारिस बंद होने के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणो ने देखा तो परिजनो को सूचना दी। मौके पर पहुंचे घरवाले उसे उठाकर सीएचसी नरैनी ले गए। जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के भतीजे रामसेवक ने बताया कि राजकुमार के आधा बीघा खुद की जमीन है। वह तीन बीघा खेत बटाई में लिए था। आकाशीय बिजली की धमक से उसकी मौत हुई है। मृतक अपने पीछे पत्नी मूर्तिदेवी के अलावा एक बेटी एक पुत्र छोड़ गया है।

## प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत 1735 लाख का जनप्रतिनिधियों ने किया शुभारंभ

**उरई (जालौन)।** आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत ?1,735 लाख से 26 राजकीय/ अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षा कक्ष, स्वच्छ पेयजल, बालक/बालिका शौचालय, प्रयोगशाला, पुस्तकालय कक्ष, मल्टीपर्पज हॉल का शिलान्यास तथा ?7.58 करोड़ से 141 राजकीय/ अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में 330 स्मार्ट क्लासरूम की स्थापना व स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के अंतर्गत 4,500 छात्र-छात्राओं को टैबलेट / स्मार्टफोन का वितरण कर सुभारम्भ किया। इसी क्रम में विधायक सदर गौरी शंकर वर्मा, विधायक माधौगढ़ मूलचंद निरंजन, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, विधायक कालपी विनोद चतुर्वेदी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय व जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित आदि सहित जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में सजीव प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से देखा व सुना।जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारी ने समस्त विधानसभा में प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत के अंतर्गत 28 राजकीय विद्यालयों में से 25 राजकीय विद्यालयों हेतु प्रस्तावित निर्माण कार्यों का राजकीय, अशासकीय, माध्यमिक विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षा कक्ष, स्वच्छ पेयजल, बालक बालिका शौचालय, विज्ञान प्रयोगशाला

# दिल्ली कैपिटल्स ने दिया गुजरात जायंट्स को 164 रनों का लक्ष्य

**बेंगलुरु।** कप्तान मेग लानिंग की 55 रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स महिला ने रविवार को खेले गये विमेंस प्रीमियर लीग के दसवें मुकाबले में गुजरात जायंट्स महिला को जीत के लिए 164 रनों का लक्ष्य दिया है। आज यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में गुजरात जायंट्स महिला ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली की शुरुआत ठीक नहीं रही और तीसरे ओवर में शेफाली वर्मा का विकेट गंवा दिया। शेफाली वर्मा 13 रन बनाकर आउट हुई। सलामी बल्लेबाज मेग लानिंग ने 41 गेंदों में छह चौकों और एक छक्के की मदद से 55 रनों की पारी खेली। ऐलिस कैप्सी 27 रन, जेमिमाह रॉड्रिग्स सात रन, ऐनाबेल सदरलैंड 20 रन, जेस जॉनसन 11 रन, अरुंधति रेड्डी पांच रन और राधा यादव पांच रन बनाकर आउट हुई। शिखा पांडे 14 रन पर नाबाद रही। मेघना सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए बड़े स्कोर की ओर बढ़ रही दिल्ली कैपिटल्स को लगातार झटके

देते हुए निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 163 रन स्कोर पर रोक दिया।

गुजरात जायंट्स महिला की ओर से मेघना सिंह ने चार विकेट लिये। एश्ली गार्डनर को दो विकेट मिले। मन्नत कश्यप और तनुजा कंवर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# संदेशखाली के पीड़ितों से तथ्यान्वेषी समिति ने की मुलाकात

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली के पीड़ितों से रविवार को तथ्यान्वेषी समिति के सदस्यों ने मुलाकात की। मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में समिति की सदस्य भावना बजाज ने बताया कि वे 28 से 70 साल की उम्र की 20 महिलाओं से मिलीं। इस दौरान 70 साल की महिलाएं खड़े होकर रो रही थीं, उन्हें अपनी बेटियों और बहुओं की चिंता है। उन्होंने बताया कि वे एक पीड़िता से मिलीं जिसके पूरे चेहरे पर चोट के निशान थे। हर रात वह अपनी चार साल की बच्ची को आरोपितों से बचाने के लिए छिपने को मजबूर होती थी। अपराधियों ने उसके पति को गांव छोड़ने के लिए मजबूर किया। भावना बजाज ने बताया कि अधिकतर पीड़ित महिलाओं ने शिबू हाजरा नामक एक व्यक्ति का नाम लिया है। जब भी लोग उनके पार्टी कार्यालय में जाते हैं, तो वे महिलाओं को लाते हैं और रखते हैं। मनोरंजन के लिए पूरी रात महिलाओं का इस्तेमाल करते थे। लोग इस कदर डरे हुए हैं कि वे बलात्कार या यौन उत्पीड़न शब्द का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

# मादक पदार्थों को लेकर ठोस कार्रवाई के मिल रहे प्रभावी परिणाम

**लखनऊ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि मादक पदार्थों को लेकर मोदी सरकार की ठोस कार्रवाई के प्रभावी परिणाम सामने आए हैं, जिसके कारण गिरफ्तारियों और जब्ती की मात्रा में भारी वृद्धि हुई है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह भी कहा कि मादक पदार्थ मुक्त भारत आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार है।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकारों और एजेंसियों के बीच समन्वय और सहयोग के माध्यम से देश भर में मादक द्रव्य रोधी मजबूत तंत्र बनाया गया है। उन्होंने हैशटैग 'ड्रग्स फ्री भारत' के साथ लिखा



कि इस रणनीति के परिणामस्वरूप मादक पदार्थों की जब्ती और दर्ज किए गए मामलों की संख्या में वृद्धि हुई है। गृह मंत्री ने कहा कि मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ मोदी सरकार की ठोस कार्रवाई के प्रभावी परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि इसके चलते गिरफ्तारियों और जब्ती की मात्रा में भारी वृद्धि हुई है।

शाह ने कहा कि देश मादक पदार्थ मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार होगा। हमारा देश प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मादक पदार्थों का पता लगाने, संबंधित नेटवर्क को नष्ट करने और नशे की लत के शिकार लोगों का पुनर्वास करते हुए दोषियों को हिरासत में लेने के माध्यम से इस लक्ष्य को तेजी से हासिल कर रहा है।

# भारत को 'दबंग' कहने पर विदेश मंत्री की तीखी प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आयोजित पुस्तक विमोचन समारोह में विदेश मंत्री से पूछा गया कि क्या भारत को उसके पड़ोसी देश एक दबंग के तौर पर देखते हैं। इस पर विदेश मंत्री जयशंकर ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जब पड़ोसी देश मुसीबत में होते हैं तो दबंग 4.5 अरब डॉलर नहीं देते हैं। बड़े दबंग कोविड के दौरान दूसरे देशों को टीके की आपूर्ति नहीं करते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि दबंग युद्धग्रस्त देशों को भोजन, ईंधन, उर्वरक की मदद नहीं भेजते। विदेश मंत्री जयशंकर की तीखी प्रतिक्रिया का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि इस तरह की बातें करने से पहले हकीकत देखें। आप लोगों को देखना चाहिए कि भारत मौजूदा समय में अपने पड़ोसी देशों के लिए क्या कर रहा है। इन पड़ोसी देशों में बुनियादी सुविधाएं बेहद सीमित थी, लेकिन भारत ने इन देशों में बिजली, स्कूल, अस्पताल, सड़क, रेल, बंदरगाह कनेक्टिविटी के साथ-साथ मूलभूत संरचनाएं को भी विकसित करने की मदद दी। इसका असर इन देशों के साथ व्यापार, निवेश और पर्यटन में देखा जा सकता है। यह सब कोई दबंग देश नहीं करता। पड़ोसी देशों के साथ हमारे अच्छे संबंध में है। कौन जानता है कि एक दिन भविष्य में क्या होगा। मुझे लगता है कि सभी भारतीयों को विदेश नीति में ज्यादा रुचि लेने की जरूरत है। यह दुनिया भर में बहुत आम है, ऐसी धारणा है कि विदेश नीति कुछ जटिल और गूढ़ है, जिससे निपटने के लिए इसे कुछ लोगों पर छोड़ दिया जाना चाहिए।

# अब भी खुले हैं टीएमसी के साथ गठबंधन के लिए दरवाजे : कांग्रेस

**ग्वालियर।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के पश्चिम बंगाल में सभी 42 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला करने के बीच कांग्रेस ने रविवार को कहा कि आगामी आम चुनाव के वास्ते ममता बनर्जी नीत दल के साथ गठबंधन के लिए दरवाजे अब भी खुले हुए हैं। पटना में विपक्ष की रैली के मद्देनजर कांग्रेस के महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने बताया कि उन्हें अब भी उम्मीद और विश्वास है कि जब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कहती हैं कि वह 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस) गठबंधन में हैं तो उनकी प्राथमिकता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराना है। हमने कोई दरवाजा बंद नहीं किया है। उन्होंने एकतरफा घोषणा की कि वह पश्चिम बंगाल में सभी 42 सीटों पर चुनाव

लड़ेंगी, खैर यह उनकी घोषणा है। जहां तक हमारा संबंध है तो बातचीत अब भी जारी है और दरवाजे अब भी खुले हैं। बिहार की राजधानी पटना में होने वाली रैली पर रमेश ने कहा कि यह विपक्ष की संयुक्त रैली है और यह प्रधानमंत्री के शनिवार को बिहार का दौरा करने के बाद हो रही है। उन्होंने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण राजनीतिक रैली है और यह भाजपा तथा उसके सहयोगियों को हराने के लिए विपक्ष की एकता को दिखाता है। उन्होंने बताया कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और वायनाड से सांसद राहुल गांधी ने भी रैली में भाग लेने के लिए अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' से विराम लिया है। आज यात्रा का 50वां दिन है, थोड़ा-सा बदलाव किया गया है क्योंकि राहुल गांधी को विपक्ष की रैली के लिए पटना जाना है और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी इसमें भाग ले रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि आज सुबह, वह (राहुल गांधी) अग्निवीर मुद्दे पर बातचीत करेंगे। फिर मोहना में एक रोडशो होगा। उसके बाद आज कोई यात्रा नहीं होगी। लेकिन कल, 51वें दिन तय योजना और कार्यक्रम के अनुसार, हम शिवपुरी (मप्र) से शुरुआत करेंगे। उन्होंने बताया कि पांचवें दिन राहुल उज्जैन जाएंगे और श्री महाकालेश्वर मंदिर के दर्शन करेंगे। हाल में उत्तर प्रदेश में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में लोक दल के भाग लेने के बारे में पूछने पर रमेश ने कहा कि 'असली' लोक दल ने अलीगढ़ में यात्रा के दौरान राहुल गांधी का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि वहां पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, इंदिरा गांधी और लोक दल के पोस्टर, बैनर तथा होर्डिंग थे। उन्होंने दावा किया कि वह असली लोक दल था, असली लोक दल, रालोद (राष्ट्रीय लोक दल) नकली लोक दल है। केंद्र सरकार द्वारा हाल में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न दिए जाने के बाद रालोद भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हो गयी। यह पूछे जाने पर कि क्या राहुल गांधी वायनाड लोकसभा सीट (केरल) से चुनाव लड़ेंगे, इस पर रमेश ने कहा कि बातचीत की जा रही है और राहुल गांधी सीट का निर्णय लेंगे।

# भाजपा को हटाकर आईएनडीआईए की सरकार बनाएंगे : राहुल गांधी

**पटना।** राजधानी पटना के गांधी मैदान में महागठबंधन की जन विश्वास रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि देश से भाजपा को हटाकर आईएनडीआईए की सरकार बनाएंगे। राहुल गांधी ने कहा कि देश में जब भी बदलाव आता है तो बिहार से तूफान शुरू होता है और यहां से तूफान देश के दूसरे राज्यों तक जाता है।

बिहार देश की राजनीति का सेंटर है और बदलाव की शुरुआत बिहार से ही होती है। आज देश में विचारधारा की लड़ाई चल रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि देश के नागरिकों के दिल में नफरत नहीं, बल्कि मोहब्बत और एक-दूसरे का आदर है। ऐसे में बड़ा सवाल है

कि इस देश में नफरत क्यों फैल रही है। नफरत का सबसे बड़ा कारण देश में अन्याय है। युवाओं के खिलाफ अन्याय, किसानों के खिलाफ अन्याय, सामाजिक और आर्थिक अन्याय। चालीस साल से सबसे अधिक बेरोजगारी हिंदुस्तान में है। राहुल गांधी ने कहा कि पब्लिक सेक्टर में पहले गरीबों को रास्ता मिलता था। सरकार में रोजगार और नौकरी मिल जाती थी।

# महिलाओं की सुरक्षा एवं अधिकारों को सुनिश्चित करता है यूसीसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता एवं दिल्ली भाजपा की सचिव बांसुरी स्वराज ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को महिलाओं की सुरक्षा एवं अधिकारों को सुनिश्चित करने वाला बहुप्रतीक्षित कानून बताया है। उन्होंने कहा कि बाबासाहब डॉ. अंबेडकर ने भी पूर्व में इस कानून को लागू करने की अनुशंसा की थी। बांसुरी स्वराज शनिवार रात जेएनयू के पेरियार मेस परिसर में ÷समान नागरिक संहिता÷ लैंगिक न्याय, समानता और बंधुत्व की आवश्यकता÷ विषय पर मेस टॉक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। इसका आयोजन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने किया

था। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जेएनयू में सेंटर फॉर कोम्प्रेहेंसिव पॉलिटिक्स एंड पोलिटिकल थ्योरी के सहायक प्राध्यापक डॉ. रवि रमेशचंद्र शुक्ला मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेएनयू के स्पेशल सेंटर फॉर नेशनल सिक्योरिटी स्टडीज़ की सहायक प्राध्यापक डॉ. आयुषी केतकर ने की।

स्वराज ने कहा कि समान नागरिक संहिता लैंगिक न्याय, समानता और बंधुत्व के लिए आवश्यक है। यह सभी नागरिकों को समान अधिकार और अवसर प्रदान करेगा, चाहे उनका धर्म या समुदाय कुछ भी हो। यह संहिता महिलाओं की सुरक्षा एवं अधिकारों को सुरक्षित एवं सुनिश्चित करने का काम करेगा। यूसीसी में लिव-इन को लेकर फैली भ्रांतियों के संदर्भ में उन्होंने कहा कि संबंध भले ही जायज या नाजायज हो जाए लेकिन संतान कभी नाजायज नहीं होती।

# प्रधानमंत्री अगले 10 दिनों में 12 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों के कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा चुनाव की संभावित घोषणा से पहले अगले 10 दिनों में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 29 कार्यक्रमों में भाग लेंगे। अधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री तेलंगाना, तमिलनाडु, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, जम्मू-कश्मीर, असम, अरुणाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और दिल्ली का दौरा करेंगे।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सोमवार को तेलंगाना के आदिलाबाद में कई विकास परियोजनाओं का अनावरण करेंगे और बाद में तमिलनाडु के कलपक्कम में भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड

(भाविनी) का दौरा करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि वह आदिलाबाद के साथ-साथ चेन्नई में भी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। मोदी पांच मार्च को तेलंगाना के संगारेड्डी में कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह ओडिशा में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। मोदी पश्चिम बंगाल रवाना होने से पहले ओडिशा में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। छह मार्च को वह कोलकाता में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और बारासात में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि इसके बाद मोदी बिहार जाएंगे और बेतिया में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री सात मार्च को जम्मू-कश्मीर में रहेंगे और शाम को दिल्ली में एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। आठ मार्च को वह दिल्ली में पहले राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार (नेशनल क्रिएचर्स अवार्ड) में भाग लेंगे और फिर शाम को असम के लिए रवाना होंगे। मोदी अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग में सेला सुरंग का उद्घाटन करेंगे और फिर ईटानगर में कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे।

इसके बाद वह असम के जोरहाट में अहोम सम्राज्य के महान सेनापति लाचित बोड़फुकन की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद प्रधानमंत्री जोरहाट में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। उन्होंने बताया कि 10 मार्च को मोदी उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में विभिन्न परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। मोदी 11 मार्च को दिल्ली में 'नमो ड्रोन दीदी' और 'लखपति दीदी' से जुड़े एक कार्यक्रम में शामिल होंगे और इसके बाद द्वारका एक्सप्रेसवे के हरियाणा खंड का उद्घाटन करेंगे। इसी दिन शाम को वह रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 12 मार्च को गुजरात के साबरमती और राजस्थान के पोखरण का दौरा करेंगे और फिर 13 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए गुजरात और असम में तीन महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे।

# चौथी बार दिल्ली जाने की तैयारी में अशोक रावत

- **राजनीति से जुड़ी हुई है अशोक की पारिवारिक पृष्ठभूमि**

**मिश्रिख-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** भाजपा ने मौजूदा सांसद अशोक रावत पर फिर से भरोसा जताया है। उन्हें दूसरी बार भाजपा ने मिश्रित सुरक्षित संसदीय क्षेत्र से अपना प्रत्याशी घोषित किया है। वह इससे पूर्व दो बार बसपा के टिकट पर भी सांसद निर्वाचित होकर देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा पहुंचे थे। इस बार वह चौथी बार दिल्ली जाने की तैयारी कर रहे हैं। मिश्रिख सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र सीतापुर, हरदोई व

कानपुर जिलों की सीमा क्षेत्र फैला हुआ है। अशोक रावत मूल रूप से हरदोई जिले के कोथावां ब्लॉक क्षेत्र के गांव अटिया शाहपुर के निवासी हैं। परिवार में पत्नी मोनिका रावत व एक बेटा और एक बेटी है। उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि राजनीति से जुड़ी है। पिता गोवर्धनलाल जिला पूर्ति अधिकारी रहे हैं। जबकि चाचा रामपाल वर्मा पूर्व राज्यमंत्री व कई बार विधायक रहे हैं। चचेरे भाई प्रभाष कुमार भी सांडी विधानसभा से भाजपा के विधायक हैं। कानपुर के पीपीएन कालेज से ग्रेजुएशन की पढ़ाई करने के बाद एलएलबी किया। फिर लखनऊ में रहकर आईएएस की तैयारी की। उन्होंने दो बार बहुजन समाज पार्टी पर टिकट पर जीत दर्ज कराई। वह वर्ष 2019 में भाजपा के टिकट पर सांसद चुने गए। वर्ष 2024 में भी भाजपा ने उनपर भरोसा जताते हुए पुनः प्रत्याशी घोषित किया है। मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव, एमएलसी पवन सिंह चौहान, ब्लॉक प्रमुख मिश्रिख रामकिंकर पाण्डेय, गोंदलामऊ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुनीन्द्र अवस्थी ने कहा कि मिश्रिख की सीट पर अशोक रावत इस बार रिकार्ड मतों से जीत दर्ज करायेंगे। जिले की चारों सीटों पर भाजपा का कमल खिलेगा। भाजपा मंडल अध्यक्ष भाष्कर मिश्रा, कवि जगजीवन मिश्रा, प्रधान रंजीत रावत, देवेन्द्र नन्द, राजकुमार सोनी, मनोज पान्डेय, सुधीर शुक्ला, पूर्व प्रधान श्यामू शुक्ला, नीरज यादव ने सांसद अशोक रावत का अंगवस्त्र ओढ़ाकर बधाई दी और चौथी बार भारी मतों से जिताकर सांसद बनाने का वादा किया।

# जीतकर आइए, जल्दी मिलेंगे : मोदी

- **5 साल की योजनाओं और मोदी 3.0 के पहले 100 दिन की प्लानिंग पर चर्चा**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में रविवार 3 मार्च को कैबिनेट मीटिंग हुई। मोदी कैबिनेट की यह आखिरी बैठक थी। इसमें पीएम मोदी ने लोकसभा चुनाव के पहले एक ही सीधा संदेश दिया- जाइए, जीतकर आइए। हम जल्दी मिलेंगे। ये मीटिंग एक तरह से ब्रेनस्टॉर्मिंग सेशन की तरह बताई जा रही है। मीटिंग में अगले 5 साल की योजनाओं, विजन डॉक्यूमेंट विकसित भारत 2047 और मोदी के तीसरे कार्यकाल के दौरान पहले 100 दिन की प्लानिंग पर चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने मंत्रियों से कहा कि लोगों से मिलते वक्त (खासकर चुनाव के दौरान) सावधानी बरतें। करीब एक घंटे के भाषण में मोदी ने मंत्रियों को विवादों से दूर रहने और डीपफेक से भी सावधान रहने को कहा।

मोदी ने मंत्रियों से ये भी कहा कि वे चुनाव प्रचार के दौरान लोगों के बीच जाएं और सरकार द्वारा विकास और लोगों के कल्याण के लिए उठाए गए कदमों को बताएं। मोदी सरकार की नीतियों पर चर्चा करने के लिए समय-समय पर मंत्रिपरिषद की बैठकें करते रहे हैं, लेकिन रविवार (3 मार्च) को आयोजित बैठक अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर काफी महत्वपूर्ण है। चुनाव आयोग अगले 15 दिनों में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर सकता है। सूत्रों ने बताया कि बैठक में मई 2024 में नई सरकार के गठन के बाद योजनाओं पर तत्काल कदम उठाने के लिए सौ दिवसीय एजेंडे पर भी चर्चा की गई।

# अपनी गति बढ़ाकर जीत प्राप्त करने का है समय : मोहन भागवत

**पटना (बिहार)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भागवत ने रविवार को कहा कि अनुकूल परिस्थितियों में विश्राम करने वाला हार जाता है जबकि अपनी गति बढ़ाकर कार्य करने वाले को विजयश्री मिलती है। उन्होंने कहा कि खरगोश और कछुआ की कहानी का सारांश यही है। आज देश में अनुकूल माहौल है। हमारा लक्ष्य अभी दूर है। यह समय अपनी गति बढ़ाकर जीत प्राप्त करने का है। पटना के राजेंद्र नगर स्थित शाखा मैदान में प्रातः काल आयोजित गणवेशधारी स्वयंसेवकों के एकत्रीकरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरसंघचालक ने कहा कि संघ के स्वयंसेवक गमले के पुष्प नहीं, बल्कि वन के फूल हैं जो अपने पोषण की व्यवस्था स्वयं करता है। हम लोगों को समाज ने सम्मान दिया है। स्वयंसेवकों को नहीं भूलना चाहिए कि हमारी दशा बदली है लेकिन दिशा नहीं। हमें विनम्रता और शील नहीं छोड़ना चाहिए। हम लोग बलशाली हो सकते हैं लेकिन उन्मुक्त नहीं। भागवत ने स्वयंसेवकों से आग्रह किया कि वे अपने लिए चार काम सुनिश्चित करें। पहला कार्य शाखा की नित्य साधना। दूसरा कार्य शाखा से प्राप्त शिक्षा के आधार पर आचरण रखना। तीसरा कार्य जैसा समाज चाहिए उस अनुरूप अनुशासन के साथ प्रामाणिकता से आचरण और चौथा कार्य भोग नहीं, बल्कि त्याग का सिद्धांत व्यवहार में उतरना। शताब्दी वर्ष का उल्लेख करते हुए सरसंघचालक ने कहा कि शताब्दी वर्ष के अवसर पर पांच करणीय कार्य निश्चित किए गए हैं। पहला कार्य सामाजिक समरसता, दूसरा कार्य कुटुंब प्रबोधन, तीसरा स्वदेशी, चौथा पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और पांचवां कार्य नागरिक कर्तव्य बोध का जागरण है।

# जलभराव में फंसी दूल्हे राजा की कार

- **बरातियों-जनातियों ने रस्से से खींचकर निकाला वाहन**
- **विदाई के बाद दुल्हन को लेकर घर जा रहा था दूल्हा**
- **विकास के नाम पर हिन्दुओं के साथ भेदभाव कर रहे रहीमाबाद प्रधान**

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** खैराबाद इलाके के रहीमाबाद गांव से आई यह तस्वीर बेहद हैरान कर देने वाली है। इस तस्वीर ने विकास कार्यों का दम भरने वाले गंवई जनप्रतिनिधियों को आईना दिखाया है। विवाह की सभी रस्में पूरी होने के बाद दुल्हन को विदा कराकर घर ले जा रहे दूल्हे राजा की कार गांव के अंदर सड़क पर जल भराव में फंस गई। दूल्हे के दोस्तों और जनातियों ने बारिश के गंदे पानी में फंसी कार को बाहर

निकालने के लिए देशी तरकीब खोज निकाली। जनातियों व बरातियों ने मिलकर पानी के अंदर जाकर रस्से से कार को बांधा और उसे खींचना शुरू कर दिया। कड़ी मशक्कत के बाद जनाती व बराती अपने मकसद में कामयाब रहे। उनकी मेहनत रंग लाई और जल भराव में फंसी दूल्हे राजा की कार बाहर निकल आई। बताते चलें कि रहीमाबाद गांव के निवासी खगेश्वर राठौर की बेटी गुड़िया की शनिवार को धूमधाम से शादी हुई। रात में समस्त वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न हो रहे थे कि इसी बीच गांव में मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। बरसात का गंदा पानी सड़क पर बने कच्चे गड्ढे में भर गया। सुबह जब दूल्हा अपनी नवविवाहिता पत्नी को विदा कराकर कार से अपने घर गौरिया थाना रामकोट लेकर जा रहा था तभी गांव के अंदर रास्ते में खड़ंजे पर जलभराव में अचानक उसकी कार फंस गई। यह देख बरातियों और जनातियों में अफरा-तफरी मंच गई। जनाती पक्ष के लोग अपने घर से बड़ा सा रस्सा ले आए और कुछ बरातियों के सहयोग से कार को रस्से से बांधकर खींचना शुरू कर दिया। ग्रामीणों की मेहनत रंग लाई और रस्से के सहारे कार जल भराव से बाहर निकल आई। इस घटना का वीडियो बनाकर एक ग्रामीण ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस संबंध में खैराबाद उदासीन संगत के महंत बजरंग मुनि का कहना है कि रहीमाबाद ग्राम पंचायत के प्रधान लईक खाँ की पक्षपात पूर्ण नीति से हिन्दू बस्तियों में विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं। महंत के मुताबिक ग्राम प्रधान लईक खाँ तुष्टिकरण की नीति अपनाकर केवल मुस्लिम बस्तियों में ही विकास कार्य करा रहे हैं। रविवार को हुई घटना इसकी हकीकत बयां कर रही है। प्रशासन को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है।

# झारखंड में विदेशी महिला के साथ गैंगरेप के मामले में तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** झारखंड के दुमका जिले में विदेशी महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में सात में से तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। ब्राजील के दूतावास ने दुखद घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए जानकारी दी है। दूतावास ने कहा है कि महिला को मेडिकल सुविधाएं दी गई हैं और पूरे घटनाक्रम पर वे नजर बनाए हुए हैं।

पीड़ित महिला के पास दोहरी नागरिकता है। वह ब्राजील के साथ-साथ स्पेन की भी नागरिक है। वह अपने पति के साथ एशिया के अपने दौरे पर थी। झारखंड के दुमका जिले में महिला के साथ सात लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। महिला ने स्वयं पुलिस स्टेशन पहुंचकर इसकी जानकारी दी। इसके बाद से यह मामला सुर्खियों में है और सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है। ब्राजील के दूतावास ने एक बयान में कहा है कि घटना के तुरंत बाद महिला और स्थानीय प्रशासन से संपर्क साधा गया है। महिला दोहरी नागरिकता रखती है और पति-पत्नी स्पेनिश पासपोर्ट से भारत आए थे। स्पेनिश दूतावास ने स्थानीय प्रशासन और महिला से संपर्क किया है। उन्हें सहायता देने का प्रस्ताव भी दिया लेकिन उन्हें भारतीय आपात सुविधाएं दी जा रही हैं। घटनाक्रम की गंभीरता और बर्बरता को देखते हुए वे भारतीय प्रशासन और स्पेनिश प्रशासन के साथ समन्वय बनाते हुए हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार हैं।

स्पेन के दूतावास ने एक बयान में कहा कि आपके समर्थन के लिए आप सभी को धन्यवाद। हमें दुनिया में हर जगह महिलाओं के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने की अपनी प्रतिबद्धता में एकजुट होने की जरूरत है।

# हिन्द अस्पताल में बच्चों को फ्री में लगेगी कैंसर वैक्सीन

- **सर्वाइकल कैंसर पर कार्यशाला का चेयरपर्सन ने किया शुभारम्भ**

**अटरिया-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** हिन्द इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस मऊ में सर्वाइकल कैंसर पर कार्यशाला हुई। कार्यशाला का उद्घाटन हिन्द अस्पताल की चेयरपर्सन डॉ ऋचा मिश्रा ने किया। दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यशाला का शुभारम्भ हुआ। चेयरपर्सन डा.ऋचा मिश्रा ने बताया कि आज के युग में छोटी-छोटी बीमारियां बड़ा रूप ले रही है। आज कल बच्चों को कैंसर जैसी बीमारियां हो रही है, जिसको लेकर कैंसर विशेषज्ञों ने एक वैक्सीन एचबीई तैयार की है, जिसका मार्केट में मूल्य लगभग तीन हजार रुपए है। भारत सरकार की ओर से वैक्सीन को फंड मिला है। अब यह हिन्द अस्पताल में 13 से 23 वर्ष के

बीच के बच्चों को निःशुल्क लगाई जायेगी। वहीं महिला-पुरुषों की जाँच के बाद उन्हें भी वैक्सीन लगायी जायेगी। हिन्द अस्पताल की ओर से इलाके के गांवो में शिविर लगा कर ग्रामीणों को जागरूक किया जायेगा। इस दौरान कैंसर विशेषज्ञों ने बीमारियों से बचने के विभिन्न उपाय बताये।

# लोकसभा चुनावः भाजपा तैयार, विपक्ष लाचार

- **उम्मीदवार की घोषणा से कार्यकर्ताओं में लौटा उत्साह**
- **सड़कों पर आतिशबाजी, सांसद आवास पर बढ़ी रौनक**

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** भाजपा के विजय रथ को रोकने के लिए सियासी दलों का गठबंधन मकसद में कामयाब होता नहीं दिख रहा है। स्थानीय स्तर पर राजनीतिक दलों की दूरियां सिमट पायेंगी, यह आसान नहीं होगा।

फिलहाल लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा की तैयारियां उसे खास बना रही हैं, जबकि विपक्ष लाचार नजर आ रहा है। राजधानी दिल्ली में पीएम मोदी कैबिनेट ने दो दिनों तक मंथन के बाद पार्टी उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की जिसमें यूपी के 51 चेहरे साफ हो गये। सीतापुर जिले को छूने वाली चार

लोकसभा क्षेत्रों में पुराने धुरंधर उम्मीदवार के रूप में उतरेंगे। माना भी यही जा रहा था कि सीतापुर, धौरहरा, मिश्रित और मोहनलालगंज से किसी का भी टिकट कटना आसान नहीं होगा। हालांकि भाजपा का टिकट हासिल करने के लिए इन चारों सीटों पर कई दिग्गज प्रयासरत थे। वर्ष 2014 से जीत रहे भाजपा उम्मीदवारों के प्रति लोगों की कोई खास नाराजगी भी नहीं है। ऐसे में वह जनता के बीच मोदी-योगी को आगे रखकर आसानी से चुनावी वैतरणी पार कर सकते हैं। कांग्रेस के खाते में गई सीतापुर की सीट पर फिलहाल उम्मीदवार की अधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। माना जा रहा है कि पूर्व विधायक राकेश राठौर को कांग्रेस चुनाव लड़ा सकती है। सियासत में अपनी खास विचारधारा रखने वाले राकेश राठौर को लोकसभा चुनाव के लिहाज से पहला अनुभव होगा। पांच विधानसभा क्षेत्रों में सार्थक भूमिका निभाने के लिए खुद के वर्चस्व से ज्यादा पार्टी अहमियत रखती है। मतदाता किस राजनीतिक दल को तरजीह देंगे यह देखने वाला होगा। फिलहाल भाजपा की तैयारियां बेहद खास हैं। भारत विकसित संकल्प यात्रा के माध्यम से एक-एक घर पहुंच चुके पार्टी कार्यकर्ताओं में उम्मीदवार के लिए अच्छी आधारशिला तैयार कर दी है। अधिसूचना जारी होने से पहले 'सुझाव आपका-संकल्प हमारा' कार्यक्रम चलाकर जन भावनाओं का एक लिखित एकत्रीकरण करके भाजपा हर एक मतदाता को छूना चाह रही है। जबकि संगठन की दृष्टि से कांग्रेस का बेह